हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 27.03.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 239 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### प्रधानमंत्री कल नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का करेंगे उद्घाटन

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मार्च को उत्तर प्रदेश के नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के फेज–1 का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री शनिवार को सुबह लगभग 11:30 बजे गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद दोपहर लगभग 12 बजे प्रधानमंत्री नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे और इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

### 6 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**कांकेर :** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव–कांकेर बॉर्डर डिवीजन के 5 नक्सली कैडर एवं मिलिट्री कंपनी नंबर–5 की एक महिला नक्सली सहित कुल 6 नक्सलियों ने आज गुरूवार को अपने साथ एक एसएलआर रायफल, दो 303 रायफल के साथ कांकेर एसपी कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।

### ईरान ने अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-18 को मार गिराया

**तेहरान :** पश्चिम एशिया में पिछले 27 दिनों से जारी युद्ध के बीच ईरान ने अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ–18 को चाबहार क्षेत्र के ऊपर मार गिराया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने यह दावा किया। आईआरजीसी ने कहा कि उसने ईरानी हवाई क्षेत्र में घुसपैठ करने वाले एक और अमेरिकी एफ–18 लड़ाकू विमान को मार गिराया है।

## आंध्र प्रदेशः ट्रक और बस की भिड़ंत

# 14 यात्री जिंदा जले

एजेंसी

**मार्कपुरम (आंध्र प्रदेश) :** आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में गुरुवार तड़के एक हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया। रायवरम के पास एक निजी बस और बजरी से लदे ट्रक (टिप्पर) के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर के बाद दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में 14 यात्रियों की जलकर मौत हो गई, जबकि 15 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

पिछले हिस्से में फंसे रह गए यात्री प्रत्यक्षदर्शियों और अधिकारियों का मानना है कि बस के पिछले हिस्से में बैठे यात्री आग की लपटों के कारण समय पर बाहर नहीं निकल सके और अंदर ही फंस गए। मार्कपुरम डीएसपी नागराजू ने बताया कि अब तक 18 लोगों को बचाकर अस्पताल पहुंचाया गया है, जिनमें से कई की हालत नाजुक है। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है।




### मुआवजे का एलान

हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये और घायलों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना पर दुख जताते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिवारों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये देने का ऐलान किया है।

### सुबह 6:30 बजे की घटना

पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह करीब 6:30 बजे हुई जब निजी ट्रेवल्स की बस जगतियाल से कनिगिरी की ओर जा रही थी। स्लैब खदानों के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि देखते ही देखते दोनों वाहन आग के गोले में तब्दील हो गए। बस में उस वक्त कुल 30 यात्री सवार थे।

## बांग्लादेश : पद्मा नदी में गिरी बस, 26 की मौत

एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले में एक बस को फेरी पर चढ़ाने के दौरान हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। राजबाड़ी जिले की दौलतदिया फेरी टर्मिनल पर यात्रियों से भरी एक बस फेरी पर चढ़ाते समय पद्मा नदी में गिर गई थी। बचाव अभियान के बाद बस को देर रात नदी से बाहर निकाला गया। घटना के बाद जिला प्रशासन ने पांच सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया है, जिसे तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, मृतकों के परिजनों को प्रारंभिक मुआवजे के तौर पर 25,000 टका देने की घोषणा की गई है।



बांग्लादेश की प्रमुख समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून और प्रथम आलो के अनुसार, बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले के गोआलैंड उपजिला स्थित दौलतदिया फेरी टर्मिनल पर बुधवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया, जब यात्रियों से भरी एक बस पद्मा नदी में गिर गई। इस दुर्घटना में अब तक 26 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। हादसा शाम करीब 5:15 बजे उस समय हुआ, जब सौहार्द परिवहन की बस फेरी पर चढ़ाने की कोशिश की जा रही थी। इसी दौरान पोंटून-3 पर संतुलन बिगड़ने से बस नदी में जा गिरी। बताया जा रहा है कि बस में करीब 40-45 यात्री सवार थे।

दुर्घटना के बाद तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया, जिसमें पुलिस, सेना, नौसेना पुलिस और फायर सर्विस की टीमें शामिल रहीं। बचाव पोत हमजा की मदद से लगभग छह घंटे बाद रात 11:30 बजे बस को नदी से बाहर निकाला गया। अधिकारियों के अनुसार, बस से कुल 26 शव बरामद किए गए हैं, जिनमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री ने दिवंगत जे.एन. सिंह को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज शारदा बैटरी गली, पिस्का मोड़ रांची स्थित श्री विनोद कुमार सिंह के आवास पहुंचकर उनके पिता (राज्य सरकार के पूर्व अधिकारी) जे०एन० सिंह जी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने जे०एन० सिंह जी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने श्री विनोद कुमार सिंह एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर दुःख की इस घड़ी में उनका ढांढस बंधाया।

### पीएम मोदी आज करेंगे मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की शाम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बातचीत करेंगे। इस बैठक में पश्चिम एशिया में बदलते हालात की समीक्षा की जाएगी और इसके भारत पर पड़ने वाले असर का आकलन किया जाएगा, खासकर तरल प्राकृतिक गैस (एलपीजी) और तेल आपूर्ति से मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में तैयारियों पर फोकस किया जाएगा, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा सुरक्षा और विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल हैं। प्रधानमंत्री बैठक में 'टीम इंडिया' की भावना के तहत सामूहिक प्रतिक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाल सकते हैं, ताकि केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बना रहे। बैठक में वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश में स्थिरता बनाए रखने के उपायों पर भी चर्चा हो सकती है।

## इजरायल का दावा : ईरानी कमांडर तंगसीरी की मौत

एजेंसी

**दुबई/यरूशलेम :** मध्य पूर्व की सुलगती आग के बीच एक ऐसी खबर सामने आ रही है जिसने ईरान के सत्ता गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। इजरायल की ओर से किए गए एक ताजा और बेहद सनसनीखेज दावे के मुताबिक, ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य इकाई 'रिवोल्यूशनरी गार्ड्स' की नौसेना के सर्वेसर्वा अलीरेजा तंगसीरी अब इस दुनिया में नहीं रहे।

इजरायली आधिकारिक सूत्रों की मानें तो एक गुप्त और सटीक हमले के जरिए इस बड़े सैन्य अधिकारी को निशाना बनाया गया है। यह पूरी कार्रवाई ईरान के सामरिक रूप से बेहद अहम माने जाने वाले बंदर अब्बास शहर में अंजाम दी गई। बंदर अब्बास न केवल एक बंदरगाह है, बल्कि यह ईरान की समुद्री ताकत का मुख्य केंद्र भी है,



और यहीं तंगसीरी की मौजूदगी के दौरान उन पर प्रलय बनकर हमला हुआ।

अलीरेजा तंगसीरी महज एक कमांडर नहीं थे, बल्कि वे होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान की उस आक्रामक रणनीति के दिमाग थे, जिसने सालों से पश्चिमी देशों की नौसेनाओं को तनाव में रखा था। बंदर अब्बास, जहां यह हमला होने का दावा किया जा रहा है, ईरान का वो किला है जहां से वह पूरी फारस की खाड़ी की नब्ज पर हाथ रखता है। अगर इजरायल का यह दावा हकीकत में बदलता है, तो यह तेहरान के लिए किसी बड़े सैन्य सदमे से कम नहीं होगा।



एक नजर

### डॉ रेणु बोस को मिला विभाविवि के कुलपति का प्रभार



**बरही :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संकाय के अध्यक्ष डॉ रेणु बोस को कुलपति का प्रभार दिया गया है। यह जानकारी देते हुए डॉ रेणु बोस ने बताया कि कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा के छुट्टी में जाने के कारण उन्हें 6 अप्रैल तक विश्वविद्यालय के कुलपति का प्रभार सौंपा गया है। यह प्रभार उन्हें कुलपति के द्वारा ही दिया गया है। डॉ रेणु गृह विज्ञान विभाग में अध्यक्ष भी हैं। उनकी छवि नियम परीनियम के अनुसार कार्य करने वाली अधिकारी की रही है।

### रामनवमी पर चन्द्रवंशी समाज निकालेगा भव्य शोभा यात्र

**हजारीबाग :** हजारीबाग श्री श्री चैत्र रामनवमी के पावन अवसर पर आज शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल रहेगा। इसी कड़ी में चन्द्रवंशी समाज की ओर से एक भव्य शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है। यह शोभा यात्रा आज दोपहर 3 बजे स्थानीय बड़ा अखाड़ा चौक से गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ होगी। मिली जानकारी के अनुसार, शोभा यात्रा बड़ा अखाड़ा चौक से शुरू होकर हजारीबाग शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों का भ्रमण करेगी। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य धार्मिक एकजुटता और रामनवमी के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाना है। चन्द्रवंशी समाज के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र चन्द्रवंशी और जिला सचिव गणेश चन्द्रवंशी ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी पत्रकार बंधुओं से इस कार्यक्रम में शामिल होने का सादर अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि मीडिया के सहयोग से इस पावन अवसर की शोभा और बढ़ेगी। चन्द्रवंशी परिवार के सभी सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए शहरवासियों से भी सहयोग की कामना की है। सुरक्षा और व्यवस्था को देखते हुए आयोजन समिति ने वालंटियर्स को भी तैनात किया है ताकि भ्रमण के दौरान यातायात सुचारू बना रहे।

### सोनपुरा में रामनवमी को लेकर मेले का हुआ आयोजन



**बड़कागांव :** सोनपुरा गांव में रामनवमी को लेकर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कई गांव की जुलूस लेकर पहुंचे और लोग अपनी खेल का परिचय दिया। सांड़, छपेरवा, पिपराडीह, मिजार्पुर, शिवाडीह सोनपुरा का जुलूस मेला में शामिल हुआ। मेले कि अध्यक्षता प्रकाश कुमार एवं सचिव कृष्ण कुमार के संचालन में आयोजित किया गया। जिसमें गांव के लोगों ने अपना एक से बढ़कर एक लाठी से खेल कर करतब दिखलाए। पहला स्थान सांड़, दूसरा सोनपुरा एवं तीसरा स्थान पिपराडीह, चौथा शिवाडीह, पांचवा मिर्जापुर, अंतिम स्थान छपेरवा को प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीम को पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उप प्रमुख वचनदेव कुमार, पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद, पसंस रंजीत चौबे, कोषाध्यक्ष कुलदीप कुमार राणा, राजनाथ कुमार, तपेश्वर कुमार, विनोद कुमार महतो, लालदेव महतो, रामचरित्र महतो, गिनी वर्मा, सुरेश महतो, भोला प्रसाद दांगी, मोहित कुमार, सुरेंद्र महतो, राजनाथ महतो, प्रकाश महतो के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# रामनवमी को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, एसडीओ-एसडीपीओ हुए शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को बरही थाना क्षेत्र में अधिकारियों के साथ पुलिस कर्मियों ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च बरही अंचल निरीक्षक कार्यालय से निकल कर बरही चौक सहित विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीओ जोहन टुडू और वरीय एसडीपीओ अजित कुमार विमल कर रहे थे। फ्लैग मार्च के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि रामनवमी के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार है। वहीं प्रशासन ने चेतावनी दी कि यदि रामनवमी जुलूस के दौरान किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा माहौल बिगाड़ने या अव्यवस्था फैलाने की कोशिश की जाती है, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। फ्लैग मार्च में बीडीओ जयपाल महतो,सीओ चंद्रशेखर कुणाल, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार, अंचल निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार,बीसीओ संजय कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### रामनवमी पर तीन दिन बंद रहेगी शराब की दुकानें

**हजारीबाग :** रामनवमी पर्व को लेकर जिले में विधि–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए जिले में तीन दिनों तक सभी प्रकार की शराब दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया है। जारी आदेश के अनुसार, झारखंड उत्पाद अधिनियम, 1915 की धारा 26(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 27 मार्च 2026 से 29 मार्च 2026 तक जिले के अंतर्गत आने वाली सभी खुदरा शराब दुकानें, रेस्तरां, बार एवं अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त प्रतिष्ठान पूर्णत: बंद रहेंगे।

## पेटो पंचायत के रामनवमी पूजा महासमिति का हुआ गठन, कृष्णा कुमार बने अध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरेडारी :** प्रखंड के चट्टी पेटो देवी मंडप प्रांगण में सार्वजनिक रामनवमी पर्व के आयोजन को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव ने की, जबकि संचालन शतचंडी महायज्ञ समिति के महासचिव रविन्द्र गुप्ता ने किया। बैठक में आपसी सहमति से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पूजा मनाने तथा अखाड़ों द्वारा जुलूस निकालते हुए मेला स्थल तक पहुंचने पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष चट्टी पेटो, बेला पेटो, पुरनी पेटो एवं सायल सहित चारों अखाड़ों के रामभक्त बूढ़ी मैया झाबर गढ़ा स्थित यज्ञ स्थल पर भव्य रामनवमी मेला आयोजित करेंगे। सभी अखाड़ों से अनुशासित एवं शांतिपूर्ण ढंग से झांकी और जुलूस लेकर मेले में शामिल होने की अपील की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से पेटो रामनवमी महासमिति का गठन किया गया, जिसमें सायल निवासी कृष्णा कुमार को अध्यक्ष, बेला निवासी वैभव कुमार उर्फ राजा को सचिव एवं चट्टी निवासी सकुल साहू को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव, प्रीतम साहू, रामेश्वर साहू, पूरण साव, महावीर साव, छोटन साव एवं पूर्व शिक्षक दशरथ साव को बनाया गया।

# युवक ने रक्तदान कर बचाई गंभीर बीमारी से पीड़ित महिला की जान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड में मानवता एवं इंसानियत की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। लाखो यादव की पत्नी मुंदरी देवी, जो इन दिनों ब्लड कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं, उन्हें तत्काल रक्त की आवश्यकता थी। ऐसे कठिन समय में साधनापुरी बरही निवासी बैंक कर्मी शिव शंकर लाल एवं सुषमा देवी के पुत्र शिवम उर्फ मोनू लाल ने आगे बढ़कर मदद का हाथ बढ़ाया। जब मुंदरी देवी की स्थिति ब्लड के कारण बिगड़ने लगी तो मोनू को किन्ही के द्वारा सूचना मिली कि उन्हें ब्लड की जरूरत है, उन्होंने देर रात स्थिति गंभीर होने पर मोनू अपने चार पहिया वाहन से स्वयं अस्पताल पहुंचे और रक्तदान कर मुंदरी देवी की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस निःस्वार्थ सामाजिक कार्य की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। मोनू ने कहा कि यदि हमारे छोटे से प्रयास से किसी की जिंदगी बच सकती है, तो हमें जरूर आगे आना चाहिए। यह हमारा सामाजिक कर्तव्य है।

वहीं, इस सराहनीय कार्य को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवं प्रदेश संयोजक भरत यादव ने मोनू की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और युवाओं को इससे सीख लेकर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। मोनू के इस कदम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मानवता आज भी जिंदा है। मोनू के पूरा शिव शंकर लाल एवं माता सुषमा देवी ने मोनू के इस कार्य से काफी खुश दिखे।

# फ्लैग मार्च के जरिए शांति का संदेश रामनवमी को लेकर प्रशासन मुस्तैद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से चौपारण प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को एसडीओ जोहन टुडू और डीएसपी अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में चौपारण बाजार, महाराजगंज, बसरिया समेत आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आम लोगों से शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। यह मार्च मुख्य बाजार की सड़कों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों और चिन्हित संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। अधिकारियों ने स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों से संवाद कर पर्व को मिल-जुलकर मनाने का संदेश दिया। इस मौके पर बीडीओ नितेश भास्कर, सीओ संजय यादव, पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार, थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती करते हुए लगातार निगरानी शुरू कर दी है। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि रामनवमी आस्था और श्रद्धा का प्रतीक पर्व है, जिसे सभी लोग आपसी सहयोग और शांति के साथ मनाएं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। वहीं डीएसपी अजीत कुमार विमल ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

## सेविका-सहायिका चयन के लिए आमसभाओं का शेड्यूल जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया को लेकर बाल विकास परियोजना कार्यालय ने आमसभा की तिथियों की घोषणा कर दी है। इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी, चौपारण द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग को पत्र भेजकर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई है। जारी पत्र के अनुसार बसरिया पंचायत के बसरिया-02 आंगनबाड़ी केन्द्र में सहायिका पद के लिए आमसभा 2 अप्रैल को सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। वहीं कठम्बा बिरहोर आंगनबाड़ी केन्द्र में सहायिका पद के चयन हेतु 4 अप्रैल को आमसभा होगी। इसके अलावा देहर एवं जवनपुर पंचायतों के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका एवं सहायिका पदों के चयन के लिए 6 अप्रैल एवं 8 अप्रैल को सुबह 11 बजे आमसभा आयोजित की जाएगी। सभी आमसभाएं संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में ही आयोजित होंगी, जहां ग्रामीणों की उपस्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के तहत चयन किया जाएगा। प्रशासन की ओर से जनप्रतिनिधियों, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही संबंधित क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने, अभ्यर्थियों का सारांश तैयार करने और चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी, आस्था का महाकुंभ पारंपरिक कला-कौशल की समृद्ध परंपरा, 107 वर्षों की गौरवगाथा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** साल 2026 की यह रामनवमी कालचक्र के पन्नों में विशेष स्थान रखती है। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या जी में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के उपरांत यह पहली मुख्य रामनवमी है, जो रवि योग जैसे दुर्लभ ज्योतिषीय संयोगों के साथ सुख-समृद्धि का संदेश लेकर आई है। हजारीबाग की धरा पर इस उत्सव का स्वरूप इतना व्यापक है कि यहाँ रामेश्वरम, रामसेतु, रामनाथस्वामी मंदिर और अयोध्या धाम के समस्त स्वरूपों की दिव्य झांकियाँ एक साथ जीवंत हो उठती हैं। जब संपूर्ण विश्व में रामनवमी का समापन होता है, तब हजारीबाग के रामभक्तों में 'इंटरनेशनल रामनवमी' का जुनून अपने चरमोत्कर्ष पर होता है। यहाँ जहाँ एक ओर भगवान श्री राम का धैर्य और कुशल नेतृत्व झलकता है, वहीं माता सीता की सादगी का अनुभव भी भक्त करते हैं। पवनपुत्र हनुमान के पराक्रम से प्रेरणा लेकर हजारीबाग के साहसी रामभक्त निरंतर 36 घंटों से अधिक समय तक सड़कों पर जमे रहते हैं, जो इस धरा की महत्ता को संपूर्ण सनातन समाज के समक्ष प्रस्तुत करता है। वर्ष 1918 में गुरु सहाय ठाकुर, हीरालाल महाजन और टीभर गोप जैसे महापुरुषों द्वारा गगनचंबी विशाल महावीरी पताके के साथ शुरू हुआ यह 107 वर्षों का गौरवशाली इतिहास आज आधुनिक तकनीक के समावेश के साथ सतयुग का पाठ पढ़ा रहा है।

हजारीबाग की रामनवमी धार्मिक महत्ता के साथ ही यहाँ की तहजीब, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक अस्मिता का प्रतीक बन चुकी है। दशमी की देर शाम से शुरू होने वाली यह शोभायात्रा एकादशी की रात तक अनवरत चलती है, जिसमें सैकड़ों अखाड़ों के लोग केसरिया परचम थामे, तासों की गड़गड़ाहट और लाठियों की तड़तड़ाहट के बीच अद्भुत जोश के साथ उतरते हैं। तलवारबाजी और पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र का हैरतअंगेज प्रदर्शन इस जुलूस को मनोहारी बना देता है। इतिहास गवाह है कि 1973 और 1989 जैसी विषम परिस्थितियों में भी यहाँ के प्रबुद्ध नागरिकों और प्रशासन ने आपसी सूझ-बूझ से सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की है। साल 2016 में भी कुछ कतिपय कुत्सित मानसिकता के मनचलों ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया लेकिन हजारीबाग के अमन पसंद लोगों ने उनके मंसूबे को नाकामयाब कर सांप्रदायिक सौहार्द का मिसाल पेश किया। यह उत्सव स्थानीय अर्थव्यवस्था का भी बड़ा आधार है, जिससे मूर्तिकारों से लेकर छोटे दुकानदारों तक को व्यापक रोजगार मिलता है। झारखंड के पूर्ववर्ती रघुवर दास सरकार ने तत्कालीन विधायक मनीष जायसवाल के प्रयास से हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर जो सम्मान रामभक्तों को दिया गया था, उसे वर्तमान में भी तत्कालीन सदर विधायक सह वर्तमान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल जैसे जनसेवकों द्वारा पारंपरिक लाठियां भेंट कर जीवंत रखा जा रहा है।


संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मंत्री दयानंद कश्यप के निधन पर शोक की लहर समाज ने खोया अपना सच्चा मार्गदर्शक : मुकुंद साव



**चौपारण :** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं पिछड़े समाज के वरिष्ठ नेता दयानंद कश्यप का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र सहित तेली समाज में शोक की लहर दौड़ गई। समाज के लोग इसे एक अपूरणीय क्षति बता रहे हैं। अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज, हजारीबाग के पूर्व जिलाध्यक्ष सह भाजपा नेता मुकुंद साव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गहरा दु:ख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दयानंद कश्यप का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज सेवा, संगठन निर्माण और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। मुकुंद साव ने जानकारी दी कि दिवंगत दयानंद कश्यप का अंतिम संस्कार रांची के अरगोड़ा स्थित पुंदाग मुक्ति धाम में पूरे विधि–विधान के साथ किया गया। इस दौरान वे पंचतत्व में विलीन हो गए। उनकी अंतिम यात्रा में राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। दिवंगत के पुत्र साजन कश्यप ने कहा कि उनके पिता ने जीवनभर ईमानदारी, संघर्ष और समाज सेवा का मार्ग अपनाया। उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। दयानंद कश्यप के निधन पर अमित कुमार, सीताराम साहू, अशोक गुप्ता, सुनील साहू, गुरुदेव गुप्ता, प्रीति कुमारी, पूर्णिमा देवी, केशरी नायक, विकास गुप्ता, रेखा देवी सहित कई गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### बड़कागांव में रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न कारने को लेकर अवैध शराब के खिलाफ हुई छापेमारी



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन कटिबध है। क्षेत्र में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि बड़का गांव में शांतिपूर्वक रामनवमी संपन्न हो सके। इसी के तहत गुरुवार को बड़कागांव के नए थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने अवैध महुआ शराब कारोबार के खिलाफ बड़कागांव थाना क्षेत्र नापोखुर्द पंचायत के सरईयाटाड के आस पास सशस्त्र पुलिस बल के साथ औचक छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की है। कार्रवाई में करीब 50 किवंटल अवैध जावा महुआ विनष्ट किया गया। वही लगभग 8 से 10 अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा 50 से 60 लीटर बना हुआ महुआ शराब को भी खेत में उधेड़कर बहा दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब कारोबार को लेकर पुलिस की निरंतर छापामारी जारी रहेगी। रामनवमी त्यौहार में खलल पैदा करने वाले शरारती तत्वों को किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाएगा। मेला हाट बाजारों में भूल कर भी लोग अवैध शराब नशीली पदार्थ ना बेचें अन्यथा पकड़े जाने पर निश्चित कार्रवाई होगी।

### तैयारी पूरी : हजारीबाग यूथ विंग द्वारा रामनवमी पर भव्य आयोजन, 151 किलो लड्डू का होगा वितरण



**हजारीबाग :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च को महावीर स्थान मंदिर के समीप हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लगातार पांचवें वर्ष आयोजित हो रहे इस धार्मिक आयोजन ने अब एक विशेष पहचान बना ली है, जिसे लेकर शहरवासियों और रामभक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस वर्ष आयोजन के अंतर्गत 151 किलो लड्डू महाभोग का वितरण किया जाएगा। संस्था के सदस्यों द्वारा लड्डू को पूरी शुद्धता, स्वच्छता और श्रद्धा के साथ तैयार किया जा रहा है। प्रसाद निर्माण की प्रक्रिया में गुणवत्ता और धार्मिक परंपराओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को पवित्र एवं उत्तम प्रसाद प्राप्त हो सके। कार्यक्रम की शुरूआत महावीर स्थान मंदिर में विधिवत पूजा–अर्चना के साथ होगी, जहां लड्डू का भोग लगाया जाएगा। ढोल–नगाड़ों के साथ पूजा–अर्चना की जाएगी। इसके पश्चात सुबह 9 :00 बजे से श्रद्धालुओं के बीच महाभोग का वितरण प्रारंभ कर दिया जाएगा। रामनवमी को लेकर पूरा हजारीबाग इन दिनों भगवा रंग में सराबोर नजर आ रहा है। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने बताया कि यह आयोजन संस्था के लिए आस्था और सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा से हर वर्ष इस आयोजन का स्वरूप और अधिक भव्य होता जा रहा है तथा सभी सदस्य पूरे समर्पण के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने में जुटे हुए हैं। वहीं संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला एक महापर्व है। इसमें हर वर्ग, हर समुदाय के लोग भाग लेते हैं, जिससे आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता का संदेश प्रसारित होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक जयप्रकाश खंडेलवाल एवं प्रणीत जैन सहित हजारीबाग यूथ विंग के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।हजारीबाग यूथ विंग ने हजारीबागवासियों एवं सभी रामभक्तों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को भव्य और दिव्य बनाएं तथा महाभोग का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव रितेश खण्डेलवाल,सह सचिव अभिषेक पांडे, कार्यक्रम संयोजक जयप्रकाश खंडेलवाल, प्रणीत जैन, कार्यकारणी सदस्य विवेक तिवारी, प्रज्ञा कुमारी, उदित तिवारी, अजीत चंद्रवंशी, सेजल सिंह, खुशी कुमारी सहित कई लोग मौजूद रहें।

### मुखिया ने निजी खर्च से सड़क में हुए जल जमाव और कूड़े को साफ करवाया



**बड़कागांव :** रामनवमी महापर्व मनाने को लेकर प्रखंड तैयारियां जोर – शोर से जारी है। इसे देखते हुए ग्राम बादम स्थित बादम बस स्टैंड के समीप नाली जाम हो जाने से सड़क में हुए जल जमाव और एकत्रित कूड़े को बादम मुखिया सुनीता देवी और पूर्व मुखिया दीपक दास ने निजी खर्च से साफ करवाया। पूर्व मुखिया दीपक दास ने कहा के शुक्रवार को रामनवमी का जुलूस इसी मार्ग से निकाला जाएगा, रामभक्तों को आवागमन में परेशानी न हो और पूजा की पवित्रता बना रहे इसे देखते हुए यह कार्य करवाया गया। सफाई कार्य में मुख्य रूप से अर्जुन साव, संतोष कुमार, संजय कुमार सहित नवयुवकों का सराहनीय योगदान रहा।

# रामनवमी पर सौहार्द्र बिगाड़ने वालों पर खास नजर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रामनवमी पर्व के दौरान सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वालों पर नजर रखने के लिए रांची पुलिस विशेष तौर पर काम कर रही है। असामाजिक तत्वों के सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने के लिए स्पेशल टीम का गठन किया गया है। रांची पुलिस की ओर से ऐसे तत्वों को चेतावनी दी गई है कि अगर उन्होंने सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की तो उन्हें जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है।

**विवादित वीडियो और मैसेज फैलाने पर जाना पड़ सकता है जेल**



### पुलिस चौकस, सोशल मीडिया पर रखी जा रही है नजर

यह एक बड़ी सच्चाई है कि वर्तमान समय में अफवाहें और विवादित वीडियो या मैसेज के वायरल होने का प्रमुख स्त्रोत सोशल मीडिया है। यही वजह है कि इस वर्ष रामनवमी को लेकर पुलिस सबसे ज्यादा सोशल मीडिया को मॉनिटर कर रही है। रांची पुलिस ने लोगों से अपील भी की है कि वे भावुकता या फिर किसी के बहकावे में आकर कोई भी भड़काऊ पोस्ट वायरल न करें, बल्कि उसे पुलिस तक पहुंचाएं। रामनवमी के दौरान सोशल मीडिया का फायदा उठाकर अगर कोई सांप्रदायिक तनाव या फिर किसी अन्य तरह की अफवाह फैलाएगा तो वह सीधे सलाखों के पीछे जाएगा। इसलिए जरूरी है कि सोशल मीडिया पर आने वाले पोस्ट पर पहले जांच करें और फिर विश्वास करें।

पर्व-त्योहार के दौरान कई ऐसे तत्व होते हैं जो समाज में सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की कोशिश करते हैं ताकि माहौल खराब हो और किसी अन्य पक्ष को उसका फायदा मिल जाए। रामनवमी पर्व को देखते हुए भी ऐसे तत्वों को पुलिस किसी भी तरह से बख्शने के मूड में नहीं है। राजधानी रांची में सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए स्पेशल सेल का गठन किया गया है।

### स्पेशल टीम कर रही मॉनिटरिंग

रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि रामनवमी पर्व को देखते हुए सबसे ज्यादा ध्यान सोशल मीडिया पर रहेगा। इसके लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल लगातार काम कर रहा है। रांची पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी के बहकावे में न आएं। अगर कोई भी विवादित मैसेज या वीडियो उनके पास आता है तो वह उसे फॉरवर्ड न करें, बल्कि पुलिस द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर या फिर अपने नजदीकी थाने में इसकी जानकारी दें।

### मुख्यालय की कड़ी नजर, हाईटेक है सोशल मीडिया सेल

वहीं दूसरी तरफ झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा रामनवमी के दौरान सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जो मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है, वह बेहद हाईटेक है। उदाहरण के लिए अगर कोई व्यक्ति किसी अज्ञात सर्वर से कोई मैसेज वायरल करता है तो तुरंत मॉनिटरिंग सेल द्वारा साइबर टीम को यह सूचना दी जाएगी। सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म के लिए अलग-अलग टीम बनाई गई है। व्हाट्सएप, फेसबुक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर नजर रखी जा रही है।

### गाइडलाइंस जारी

रामनवमी पर कोई भी किसी भी तरह का अफवाह सोशल मीडिया के जरिए न फैल सके, इसके लिए बकायदा सभी जिलों में गाइडलाइंस भी जारी की गई हैं। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों की जानकारी देने के लिए भी जिला स्तर पर फोन नंबर जारी किए गए हैं। आम लोगों को गाइडलाइंस में यह भी बताया गया है कि वे कभी भी किसी भी भड़काऊ मैसेज का प्रचार-प्रसार न करें। अगर उनके मोबाइल पर कोई आपत्तिजनक मैसेज आता है तो उसकी जानकारी वे पुलिस को जरूर दें। गाइडलाइंस में यह भी बताया गया है कि मैसेज को एक जगह से दूसरे जगह भेजने वाला भी उतना ही दोषी होता है जितना मैसेज बनाने वाला। ऐसे में इन सब को लेकर सावधानी बरतें।

## एक नजर

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयन शिविर 29 को

**रांची :** राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के तहत रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से 29 मार्च 2026 को खेलगांव में चयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर खेलगांव स्थित बॉक्सिंग हॉल, होटवार में आयोजित होगा। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। उन्होंने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आगामी 31 मार्च से एक अप्रैल 2026 तक रांची में राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। इसी के तहत जिला स्तर पर खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चयन शिविर में रांची जिले के जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग के साथ-साथ यूथ महिला और पुरुष बॉक्सरों का चयन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में केवल रांची जिला के मान्यता प्राप्त क्लबों से जुड़े खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। एसोसिएशन ने सभी पात्र खिलाड़ियों से समय पर उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है, ताकि प्रतियोगिता के लिए एक मजबूत टीम का गठन किया जा सके।

### आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में कार्निविस्टा 2026 का आयोजन

**रांची :** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, रांची में 24 मार्च को वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव ह्लआरकेडीएफ कार्निविस्टा 2026ह्व का भव्य, आकर्षक और सफल आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम शाम 4:00 बजे शुरू होकर देर रात तक उत्साह, उमंग और रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. डॉ. एस. चटर्जी और कुलसचिव डॉ. अमित कुमार पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में कुलपति ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उसे मंच प्रदान करने का उत्कृष्ट माध्यम बताया। कुलसचिव ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास के लिए निरंतर ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देता रहेगा।

### जागृति दिवस के रूप में मनी दादी जानकी की पुण्यतिथि

**रांची :** ब्रह्माकुमारी संस्थान के चौधरी बगान स्थित सेवा केंद्र में गुरूवार को पूर्व अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख प्रशासिका दादी जानकी की पुण्यतिथि को वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर डिप्टी मेयर नीरज कुमार ने दादी जानकी को प्रेरणादायी व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि दादी जानकी ने अपने जीवन से लाखों लोगों को आध्यात्मिक मार्ग दिखाया। मौके पर रांची विश्वविद्यालय की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ वंदना राय और डॉ रानी प्रगति प्रसाद ने उनके योगदान को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि दादी जानकी ने विश्वभर में आध्यात्मिकता का संदेश फैलाया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने बताया कि 104 वर्ष की आयु तक सक्रिय रही दादी जानकी का जीवन समाज सेवा और आध्यात्मिक जागृति के लिए समर्पित था। उन्होंने राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से विश्वभर में लोगों को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। श्रद्धांजलि सभा के साथ ही उपस्थित लोगों के लिए ब्रह्मभोज भी कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रामनवमी और सीबीएसई परीक्षा एक साथ, जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** 27 मार्च को रामनवमी और उइरए 12वीं बोर्ड परीक्षा एक ही दिन होने से रांची जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। प्रशासन का फोकस इस बात पर है कि पर्व और परीक्षा दोनों का आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। इसके साथ ही विद्यार्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो।



रामनवमी के अवसर पर शहर में निकलने वाले पारंपरिक जुलूस, भीड़ और बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। परीक्षा केंद्रों तक परीक्षार्थियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए कई जगहों पर रूट डायवर्जन लागू किए जाएंगे, ताकि समय पर छात्र अपने केंद्र तक पहुंच सके।

प्रशासन ने अभिभावकों और विद्यार्थियों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और पूरी तरह शांत रहकर परीक्षा की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करें। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि छात्र-छात्राएं समय से पहले घर से निकलें, ताकि ट्रैफिक या अन्य कारणों से किसी प्रकार की देरी न हो।

सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती के साथ-साथ जुलूस मार्ग और परीक्षा केंद्रों के बीच बेहतर समन्वय बनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे किसी भी स्थिति में परीक्षा प्रभावित न हो।

## आरक्षण का लाभ उन्हीं को मिले जिनके लिए व्यवस्था बनाई गई है : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने धर्मांतरण के बाद आरक्षण और एससी- एसटी एक्ट का संरक्षण प्राप्त करने वाले लोगों के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले पर बड़ी प्रतिक्रिया दी है।

मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो उसे अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं मिलेगा... यानी धर्म परिवर्तन के बाद वह व्यक्ति आरक्षण या अन्य संवैधानिक लाभों का दावा नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति स्वेच्छा से हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो वह उस सामाजिक संरचना से बाहर हो जाता है, जिसके आधार पर उसे आरक्षण का अधिकार मिला था। ऐसे में उस व्यक्ति द्वारा आरक्षित वर्ग के लाभों का दावा करना संविधान की भावना के विपरीत माना गया है।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में यह भी देखा गया है कि कुछ संगठित नेटवर्क लोगों को धर्मांतरण के लिए प्रेरित करते हैं, जिसके पीछे सामाजिक या आर्थिक लाभ की सोच भी जुड़ी रहती है। इस तरह के प्रयास न केवल समाज में भ्रम पैदा करते हैं, बल्कि आरक्षण जैसी संवेदनशील व्यवस्था का दुरुपयोग भी करते हैं। ऐसे मामलों पर रोक लगाना आवश्यक था, ताकि वास्तविक हकदारों को ही इसका लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय का यह निर्णय संविधान की गरिमा, सामाजिक न्याय और समान अवसर की भावना को सशक्त करता है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आरक्षण का लाभ वास्तव में उन्हीं लोगों तक पहुंचे, जिनके उत्थान के लिए यह व्यवस्था बनाई गई है।

## बीएयू में सोयाबीन की खेती पर जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (सोयाबीन) के अंतर्गत, राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर के सहयोग से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू ), रांची की ओर से जनजातीय उप-योजना (टीएसपी) के तहत चान्हो प्रखंड के सिलागई गांव में किसानों के लिए सोयाबीन की सफल खेती पर जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में परियोजना की प्रभारी और सोयाबीन प्रजनक डॉ नूतन वर्मा ने किसानों को बताया कि सोयाबीन एक लाभकारी एवं पोषक फसल है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि संभव है।



इस अवसर पर वरीय वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार सिंह ने सोयाबीन की उन्नत किस्मों का चयन, बीज उपचार, उर्वरक प्रबंधन और कीट-रोग नियंत्रण के विषय में जानकारी दी। डॉ कमलेश्वर कुमार, वरीय वैज्ञानिक, आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग ने सोयाबीन की खेती से आय बढ़ाने के उपायों पर प्रकाश डाला। वैज्ञानिकों ने किसानो की ओर से पूछे गए विभिन्न समस्याओं का समाधान भी बताया.

## रांची में बढ़ती आपराधिक वारदातों से चैंबर नाराज, सुरक्षा की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन से कठोर कदम उठाने की मांग की है।

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि जिस तरह से राजधानी में हाल के दिनों में पेट्रोल पंप को टारगेट कर अपराधी घटनाएं अंजाम दे रहे हैं, उससे व्यवसायियों में भय का माहौल पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह ठीक उसी समय हो रहा है जब हम राज्य में निवेश की बात कर रहे हैं और निवेशकों को आग्रह कर रहे हैं। कानून-व्यवस्था ठीक नहीं रहने पर राज्य की छवि खराब होगी और व्यवसायियों के मन में भय पैदा होगा।

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने पुलिस प्रशासन से अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, जिससे भविष्य में आपराधिक घटनाओं पर लगाम लग सके। चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा के अनुसार वे लोग स्थानीय पुलिस और राज्य के डीजीपी से लगातार संपर्क में हैं, क्योंकि राजधानी में हाल के दिनों में जिस तरह की वारदातें लगातार हो रही हैं, वह बेहद चिंताजनक है।

# हाईकोर्ट में बर्न यूनिट याचिका पर फैसला सुरक्षित

## सरकार का दावा : सभी जिलों में बर्न यूनिट उपलब्ध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य के सरकारी अस्पतालों, सदर अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में बर्न यूनिट उपलब्ध कराने को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में गुरुवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया।




सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि राज्य के सभी जिलों में सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में बर्न यूनिट की व्यवस्था कर दी गई है। बर्न यूनिट के लिए जरूरी आधारभूत संरचना सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है। बर्न यूनिट की आधारभूत संरचना को और बेहतर करने के लिए मॉनिटरिंग की जा रही है। इनमें समुचित चिकित्सक भी उपलब्ध है।

वहीं एमिकस क्यूरी(न्याय मित्र) एवं अधिवक्ता दीक्षा द्विवेदी ने अदालत को बताया कि कुछ सरकारी अस्पतालों में बर्न यूनिट के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है, जिसे दूर किया जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि प्रार्थी ने राज्य के सभी सदर अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में बर्न यूनिट चालू करने का आग्रह किया था। पूर्व की सुनवाई के दौरान बर्न यूनिट के संबंध में सरकार ने एक चार्ट संलग्न (अटैच) किया था। जिस पर कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि प्रथम दृष्टया यह चार्ट दर्शाता है कि राज्य के 24 जिलों में से केवल चार जिलों में ही बर्न वार्ड की सुविधाएं संतोषजनक हैं। शेष जिलों के संबंध में केवल सूची संलग्न है। जैसा उल्लेख किया गया है। जबकि वास्तव में ऐसी कोई सूची शपथपत्र के साथ संलग्न नहीं है। इससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि बर्न वार्ड की सुविधाएं उपलब्ध ही नहीं हैं।

अदालत ने कहा था कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक बर्न वार्ड होना आवश्यक है। साथ ही वह बर्न वार्ड उचित रूप से सुसज्जित होना चाहिए, अन्यथा वह केवल कागजों पर ही बर्न वार्ड बनकर रह जाएगा।

अदालत ने मामले में झारखंड के निदेशक-प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं एक विस्तृत शपथपत्र दाखिल करने, जिसमें राज्य के प्रत्येक जिले में बर्न वार्ड की वास्तविक स्थिति के बारे में सच्ची और स्पष्ट जानकारी देने को कहा था।

### हाईकोर्ट ने जोन्हा फॉल-मसरीजारा सड़क पक्कीकरण मामले में जताई नाराजगी

जोन्हा फॉल के निकट मसरीजारा से हेसलाबेड़ा तक कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय में गुरुवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने प्रस्तावित सड़क का विस्तृत लेआउट प्लान प्रस्तुत नहीं करने पर राज्य सरकार पर कड़ी नाराजगी जताई। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि जिम्मेदार एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को अदालत जुमार्ना भी लगा सकता है। लेकिन अदालत ऐसा कड़ा आदेश पारित नहीं करना चाहता। सरकार एक सप्ताह में प्रस्तावित सड़क का विस्तृत लेआउट प्लान बनाए और उसे रेलवे को अनुमोदन के लिए भेजे। इस मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से आईआईएम के निदेशक ने की मुलाकात



**रांची:** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर आईआईएम निदेशक ने राज्यपाल को 28 मार्च को संस्थान के दीक्षांत समारोह में आमंत्रित किया।

### समाहरणालय को बम से उड़ाने की धमकी



**रांची :** राजधानी के रांची सिविल कोर्ट को तीन बार बम से उड़ने की धमकी मिलने के बाद अब रांची के कचहरी चौक स्थित समाहरणालय भवन को को भी दूसरी बार बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. धमकी मिलने के बाद रांची पुलिस के द्वारा एहतियातन पूरे समाहरणालय की जांच बम निरोधक दस्ते के द्वारा करवाई जा रही है.

### झारखंड के नौ जिलों में वज्रपात और ओलावृष्टि को लेकर आज ऑरेंज अलर्ट

**रांची :** राज्य के नौ जिलों में 27 मार्च को गर्जन के साथ बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि होने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की ओर से 28, 29, 30 और 31 मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश होने और वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की गई है। इसे लेकर विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 36.7 डिग्री और सबसे कम तापमान 15.3 डिग्री गुमला में रिकॉर्ड किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। वहीं दोपहर में धूप में तपिश महसूस की गई। वहीं, गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री और न्यूनतम 19.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि जमशेदपुर में अधिकतम 35.8 डिग्री और न्यूनतम 23.2 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 36 और न्यूनतम 17.8 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 35.5 डिग्री और न्यूनतम 18.6डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### एसबीयू के कुलपति ने की नोडल सेंटर पर चर्चा

**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने अहमदाबाद स्थित इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर का गुरुवार को दौरा किया। इस दौरान कुलपति ने केंद्र के डिप्टी डायरेक्टर डॉ सीपी सिंह (तकनीकी स्पेस स्टार्टअप्स के नोडल अधिकारी) से मुलाकात की। मौके पर नोडल सेंटर पर व्यापक चर्चा की गई। एसबीयू ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बैठक में भारत में तेजी से विकसित हो रहे स्पेस स्टार्टअप इकोसिस्टम और उसमें विश्वविद्यालयों की भूमिका को लेकर चर्चा हुई। प्रो जगनाथन ने आईएन-स्पेस के विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाओं जैसे इनोवेशन लैब, डिजाइन सेंटर तथा हाई-एंड सेंसर फैब्रिकेशन एवं टेस्टिंग लैब का भी अवलोकन किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के लिए सहयोग, फंडिंग की संभावनाओं और छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने पर विस्तृत बातचीत की गई। विज्ञप्ति के माध्यम से यह भी बताया गया कि यदि यह पहल सफल होती है, तो सरला बिरला विश्वविद्यालय झारखंड में स्पेस स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए एक नोडल सेंटर के रूप में विकसित हो सकता है। इस सेंटर को आईएन-स्पेस का सहयोग प्राप्त होगा। इससे राज्य में नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता को नई दिशा मिलेगी।

### पिठोरिया सब स्टेशन में हुई डकैती कांड का खुलासा, 7 गिरफ्तार

**रांची:** राजधानी रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र स्थित ग्रिड सब स्टेशन में हुई डकैती कांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए कांड में शामिल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिजली ग्रिड सब डिवीजन में गिरफ्तार आरोपियों ने कर्मचारियों को बंधक बनाकर लाखों रुपये के कॉपर उड़ा ले गए थे। दरअसल, 23 मार्च की रात रांची के पिठौरिया थानान्तर्गत कोल्हया कनाद स्थित 132/33 ग्रीड सब-स्टेशन में हुई डकैती कांड में शामिल सात अपराधियों को ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर के नेतृव में गठित पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में आसूचना एवं तकनिकी अनुसंधान के आधार पर साक्ष्यानुसार कुल 7 अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर गहनता पूर्वक अनुसंधान एवं पूछताछ की कार्रवाई की गई। अभियुक्तों ने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में इस घटना में पावर ग्रिड स्थित घटनास्थल पर कुल 12 बदमाशों सहयोगियों द्वारा घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। अनुसंधान के क्रम में अब तक घटनास्थल पर उपस्थित से लेकर लूट माल को खपाने, उसका परिवहन करने में कुल 15 अपराध कर्मियों की संलिप्तता पाई गई है। सभी अपराधियों के द्वारा घटना कारित करने से कई पूर्व से रेकी करने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर लूटे गये समान में से अधिकांश सामान बरामद किया जा चुका है। जिनमें लगभग 100 केजी तांबा तार, लूटी गई रकम, टॉर्च एवं अन्य सामाग्री बरामद की गई है। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त दो ऑटो वाहन एवं दो मोटरसाइकिल वाहन, 7 मोबाइल फोन, कॉपर तार काटने के लिए प्रयुक्त औजार इत्यादि बरामद किये गये हैं। लूटे गये कॉपर तार को अपराधियों द्वारा रंजीत मोदी एवं अन्य कबाड़ी दुकान को बेची गई थी, जिससे प्राप्त रकम का बंटवारा आपस में किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्तों में से जिदु सिंह एवं शाहिद अंसारी का आपराधिक इतिहास है तथा शेष गिरफ्तार एवं फरार अपराधियों के आपराधिक इतिहास के संबंध में छानबीन की जा रही है। इसके साथ ही घटना में संलिप्त एवं फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापामारी की जा रही है। रअसल, 23 मार्च की रात रांची के पिठौरिया थानान्तर्गत कोल्हया कनाद स्थित 132/33 ग्रीड सब-स्टेशन, कांके में अज्ञात अपराधियों द्वारा सब-स्टेशन, पावर ग्रिड के सुरक्षाकर्मियों एवं पावर ग्रिड कर्मियों को बंधक बनाकर डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले को लेकर विजय कुमार, सहायक परिचालक के आवेदन के आधार पर अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध पिठौरिया थाना काण्ड संख्या-27/26 दिनांक 24।03।2026 धारा-310 भा।न्या।सं। के अन्तर्गत दर्ज किया गया था।

## एक नजर

### मरकच्चो में भव्य हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

**मरकच्चो :** मरकच्चो खंड के दशारो खुर्द मंडल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख कुणाल जी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग संघचालक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने की। भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। भजन प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय बना। अपने संबोधन में कुणाल जी ने समाज में बढ़ती समस्याओं, धर्मांतरण और चंगाई सभाओं पर चिंता जताते हुए लोगों से जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में सज्जन शक्ति को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के लोगों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार यादव ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार राणा ने किया। बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### झुमरी तिलैया में धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

**झुमरी तिलैया :** नगर के प्रतिष्ठित धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी हनुमान जयंती के अवसर पर दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता विजय सिंह ने की, जबकि संचालन विक्की केसरी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 1 एवं 2 अप्रैल को अड्डी बांग्ला स्थित मेसर्स केदारनाथ रामगोपाल फैक्ट्री परिसर में मंडल का 45वां वार्षिक हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत 1 अप्रैल को सुबह 7:00 बजे स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से भव्य झांकी एवं शोभायात्रा के साथ होगी। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी। इसके पश्चात सुबह 11:00 बजे से सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कतरास के प्रसिद्ध कथावाचक पंकज शर्मा अपनी उपस्थिति देंगे। आयोजन को भव्य बनाने के लिए बाबा का आकर्षक दरबार सजाया जाएगा। वहीं दोपहर 1:30 बजे से ज्योत प्रज्वलित कर सवा 25 घंटे का अखंड भजन-कीर्तन कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इस दौरान स्थानीय एवं बाहरी भजन गायकों द्वारा लगातार दो दिनों तक भक्तिमय प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिससे श्रद्धालु भक्ति के सागर में डूब सकेंगे।

### आल्हो में कल दुगोला कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा :** रामनवमी सह बासंती दुर्गा पूजा पर भव्य चैता महा मुकाबला दुगोला 28 मार्च को आल्हो मंदिर परिसर में सजेगा सांस्कृतिक संग्राम, नामी कलाकारों के बीच होगा रोमांचक मुकाबला प्रखंड जयनगर, अंतर्गत पंचायत बेको, स्थित ग्राम आल्हो, मंदिर परिसर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी सह बासंती दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर 28 मार्च 2026 (शनिवार) को भव्य मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संध्या 5:00 बजे से बहुप्रतीक्षित चैता महा मुकाबला का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध कलाकार श्री शिव शंकर यादव बनाम श्री सिरजानन्द पाण्डेय के बीच शानदार एवं रोमांचक मुकाबला प्रस्तुत किया जाएगा। यह कार्यक्रम क्षेत्र के सांस्कृतिक वातावरण को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला साबित होगा।

# रामनवमी को लेकर बरकाकाना-पतरातू में पुलिस हाई अलर्ट, निकाला फ्लैग मार्च

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरकाकाना/पतरातू :** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बरकाकाना एवं पतरातू थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को पूरे क्षेत्र में संयुक्त फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त संदेश दिया गया। इस दौरान पुलिस ने अपनी तैयारियों का प्रदर्शन करते हुए आम लोगों में भरोसा जगाया कि त्योहार पूरी तरह सुरक्षित माहौल में मनाया जाएगा। फ्लैग मार्च पतरातू थाना क्षेत्र के सभी ओपी इलाकों में निकाला गया, जिसमें बरकाकाना, भुरकुंडा, भदानीनगर और बासल समेत कई संवेदनशील क्षेत्रों को कवर किया



गया। पुलिस टीम ने प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। फ्लैग मार्च में सर्किल इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा, भदानीनगर ओपी प्रभारी अख्तर अली, भुरकुंडा ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार, बासल ओपी प्रभारी कैलाश कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने स्पष्ट कर दिया कि रामनवमी के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति या अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से अपील की कि वे पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं।

## रामनवमी पर्व को लेकर मरकचो एवं सतगावां थाना क्षेत्रों में शांति समिति की हुई बैठक

**कोडरमा :** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मरकचो थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह पंचायत भवन में अनुमंडल पदाधिकारी (एस.डी.एम.), जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डी.एस.ओ.), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पुलिस निरीक्षक (डोमचांच अंचल) सहित नावाडीह पंचायत के सभी लाइसेंसधारी समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि रामनवमी का जुलूस पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ निकाला जाएगा। सभी लाइसेंसधारियों ने प्रशासन के निर्देशों का पालन करने एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## ऑटो के पलटने से घर लौट रहे पांच मजदूर घायल, दो गंभीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाब पांडेयबारा रोड पर गुरुवार सुबह एक ऑटो के अनियंत्रित होकर पलटने से उसपर सवार पांच प्रवासी मजदूर घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब 5 बजे की है। सभी मजदूर मुंबई से ट्रेन के जरिए कोडरमा स्टेशन पहुंचे थे। स्टेशन से अपने घर जाने के लिए उन्होंने एक ऑटो किराए पर लिया था। ऑटो जैसे ही चंदवारा मस्जिद के पास पहुंचा, तभी चालक का वाहन पर से नियंत्रण हट गया। देखते ही देखते ऑटो सड़क पर पलट गया और उसमें बैठे सभी लोग घायल हो गए। ऑटो पलटते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। हादसे के बाद वहां कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने



तुरंत चंदवारा थाना पुलिस को सूचना दी और घायलों को संभालने में मदद की। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल, कोडरमा भेजा गया। जहां दो लोगों कुनी भुइयां(35 ) तथा देवकी कुमार (35 ) की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर ईलाज के लिए रिम्स (रांची) रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य घायलों का सदर अस्पताल में इलाज जारी है। घायल सभी मजदूर हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड के रहने वाले हैं। वे मुंबई में काम करते थे और अपने गांव लौट रहे थे।

## नालसा-झालसा के निर्देश पर रामगढ़ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले में न्यायिक सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने और नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गुरुवार को जागृति एवं डॉन अभियान पर आधारित कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा), नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रामगढ़ के तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया, जहां पारा लीगल वॉलेंटियर्स की उपस्थिति में प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा



प्राधिकार के सचिव अनिल कुमार ने की। इस दौरान एलएडीसी के अध्यक्ष सुजित कुमार सिंह और उपाध्यक्ष राम जी सहित कई विधिक कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधिक जागरूकता, न्याय तक आसान पहुंच और समाज में नशामुक्ति के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। सचिव अनिल कुमार ने बताया कि ह्यजागृतिह्न अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर और वंचित वर्गों तक विधिक सहायता पहुंचाना, संबंधित सेवाओं का डेटाबेस तैयार करना और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। उन्होंने ह्यडॉनह्न योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसके तहत विशेष इकाइयों का गठन कर विधिक सेवा ढांचे को और सुदृढ़ किया जाएगा। यह योजना नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने, नशा पीड़ितों के पुनर्वास और जनजागरूकता के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाने में सहायक होगी।

## राममय हुआ रामगढ़ : बाजारों में भीड़ आज मेले में दिखेगा अखाड़ों का शौर्य



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामनवमी पर्व के आगमन से पहले रामगढ़ जिले में भक्ति, उत्साह और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। गुरुवार को शहर के प्रमुख बाजारों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां महावीरी पताका, पूजन सामग्री, फल-फूल और धार्मिक वस्तुओं की रिकॉर्ड खरीदारी हुई। सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल इतनी बढ़ गई कि पूरा वातावरण राममय हो उठा। रामनवमी को लेकर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। महावीरी पताकाओं की दुकानों पर खास भीड़ देखने को मिली, वहीं धूप, अगरबत्ती, नारियल, फूल-मालाओं और अन्य पूजन सामग्रियों की बिक्री भी जोरदार रही। दुकानदारों का कहना है कि इस बार श्रद्धालुओं का उत्साह पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक देखने को मिल रहा है। रामनवमी के मुख्य आयोजन को लेकर हुरूमगढ़ा स्थित रामनवमी मैदान पूरी तरह तैयार है। शुक्रवार को यहां भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिलेभर की दर्जनों अखाड़ा समितियां अपनी पारंपरिक कला, शौर्य और करतब का प्रदर्शन करेंगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति द्वारा सुरक्षा, यातायात और व्यवस्थाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। शुक्रवार की सुबह श्रद्धालु विधि-विधान के साथ भगवान राम की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद घरों और मंदिरों में महावीरी पताका स्थापित की जाएगी। पूजा के उपरांत प्रसाद वितरण का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। देर शाम मेले में अखाड़ों के हैरतअंगेज करतब, सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनेंगी। हर वर्ष की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।

## कदोडीह यज्ञ में भजन संध्या का आयोजन, शहनाज अख्तर ने बांधा समां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** कदोडीह गांव में आयोजित श्री वैष्णो देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शत चंडी महायज्ञ के अवसर पर बुधवार की रात्रि भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन कादोडीह पंचायत के पूर्व मुखिया पोखराज प्रसाद गुप्ता एवं गांव व क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवियों ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में दूर दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण पहुंचे। जैसे ही शहनाज अख्तर मंच पर पहुंची पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। उन्होंने माता रानी के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भजन संध्या के दौरान श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए और देर रात तक कार्यक्रम चला रहा। आयोजन समिति की ओर से कलाकारों का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम क्षेत्र में आपसी भाईचारा और श्रद्धा को बढ़ावा देते हैं। महायज्ञ के तहत आगे भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रज्ञा सिंह उपाध्यक्ष बिहारी महतो सचिव बद्रीराम कोषाध्यक्ष डुगन महतो उप कोषाध्यक्ष सुशील राम, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार यादव, मुखिया बैजन्ती देवी,प्रो देवनारायण पासवान, कार्तिक प्रसाद वर्मा , जनार्दन महतो, अर्जुन महतो नागेश्वर प्रसाद वर्मा , संदीप वर्मा, जागेश्वर पासवान, दिनेश शर्मा, पिंटू शर्मा, वासुदेव राणा समेत कई ग्रामीण लगे हुए थे।

# मरकच्चो में हाथियों का कहर, किसानों की फसल बर्बाद, ग्रामीणों में दहशत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** मरकच्चो प्रखंड में लगातार हाथियों का कहर बढ़ता जा रहा है किसानों का खून पसीने से उपजाया हुवा फसल को नस्ट कर रहा है, जिससे किसान व ग्रामीण दहशत में है । बीती रात दक्षिणी पंचायत स्थित ग्राम महुवा टांड़ में मंगलवार की रात्रि झुंड से भटका जंगली हाथी पहुंच गया, जिससे इलाके में अपरा तफरी मच गई। हाथी ने खेतों में घुसकर जमकर उत्पात मचाया और कई किसानों के फसलों को बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार की रात्रि एक बजे रात गांव से सटे बेरहवा जंगल से निकलकर भटका हांथी महुवाटांड़ इलाके में आ गया। इस दौरान हांथी ने ग्राम महुआटांड़ निवासी मो ताहिर अंसारी का 40



कट्ठा में लगा गेहूं, प्याज, लहसुन बर्बादकर दिया। वहीं मो शौकत, मुस्ताक आलम, सुलेमान आलम, रुस्तम अंसारी, अहबू आलम का बाउंड्री वाल तोड़ दिया है, तथा फसलों को नुकसान पहुंचाया है। हांथी के आने की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीणों में दहशत फैल गई और लोग सुरक्षित स्थानों पर चले गए। ग्रामीणों ने बताया कि हाथी कुछ देर तक खेतों में घूमता रहा इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा पटाखे छोड़े जाने व लुक जलाकर फेंके जाने के बाद हाथी जंगल की ओर चला गया। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दे दी गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में गस्ती बढ़ाई जाए ताकि हाथी को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ा जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

## कोडरमा में हाथी का आतंक, डीसी ने मौके पर पहुंचकर दिए जरूरी निर्देश

**कोडरमा :** कोडरमा नगर पंचायत अंतर्गत मोरियावां एवं बोनाकाली क्षेत्र में हाथी द्वारा हमले की घटना की सूचना प्राप्त होने के उपरांत उपायुक्त ऋतुराज एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला ने घटनास्थल का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने



पीड़ित परिवारों के सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं से अवगत हुए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ऋतुराज ने वन प्रमंडल पदाधिकारी को हाथी के हमले को देखते हुए आवश्यक सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन को हाथियों से बचाव के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। उपायुक्त ने वन प्रमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों को हाथियों से बचाव हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाए एवं सुरक्षा के समुचित उपाय किए जाएं। साथ ही उन्होंने वन विभाग को निरंतर निगरानी रखने एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### ओ.पी. जिंदल स्कूल के दो विद्यार्थी का इंस्पीयर मानक अवार्ड 2026 के लिए चयनित




**पतरातू :** रामगढ़ जिले के पतरातू स्थित ओ.पी. जिंदल स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक और नवाचार के क्षेत्र में अपनी पहचान मजबूत की है। विद्यालय के दो छात्र—मयंक आनंद (कक्षा 9इ) और श्रेयांश राज (कक्षा 9बी)का चयन प्रतिष्ठित इंस्पीयर मानक अवार्ड 2026 के द्वितीय चरण के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। झारखंड राज्य में इस वर्ष कुल 1160 विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिसमें रामगढ़ जिले से 47 और पतरातू प्रखंड से 10 छात्र शामिल हैं। इन 10 छात्रों में ओ.पी. जिंदल स्कूल के दो विद्यार्थियों का चयन होना विद्यालय की गुणवत्ता और नवाचार के प्रति समर्पण को दशार्ता है। चयनित छात्रों ने अपने अभिनव विचारों के जरिए यह मुकाम हासिल किया है। श्रेयांश राज ने एंटी स्लीप अलार्म गॉगल विद इंजन कट-ऑफ प्रोजेक्ट तैयार किया है, जो वाहन चालकों को नींद आने की स्थिति में सचेत कर दुर्घटनाओं को रोकने में मदद कर सकता है। वहीं मयंक आनंद का पोर्टेबल डस्टरह्व प्रोजेक्ट दैनिक उपयोग को सरल और स्वच्छ बनाने पर केंद्रित है। इंस्पीयर मानक योजना के तहत पहले चरण में चयनित छात्रों को 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है, जिससे वे अपने प्रोजेक्ट का निर्माण करते हैं। इसी आधार पर अब दोनों छात्रों का चयन दूसरे चरण के लिए किया गया है, जहां वे अपने नवाचार को बड़े मंच पर प्रस्तुत करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, जिज्ञासा और रचनात्मक सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा से वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार को बढ़ावा देता रहा है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नया स्कूल भवन छात्रों को और बेहतर अवसर प्रदान करेगा। जिंदल स्टील पतरातू और विद्यालय प्रबंधन ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है और आने वाले समय में अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा साबित होगी।

### तुरंत गैस दो की जिद पर गैस एजेंसी में हंगामा, महिला के आक्रोश से मचा हड़कंप



**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा स्थित शास्त्री चौक में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला उपभोक्ता ने रसोई गैस को लेकर गैस एजेंसी परिसर में जमकर हंगामा खड़ा कर दिया। मामला इतना बढ़ गया कि महिला ने कर्मचारियों पर पत्थर से हमला करने की कोशिश तक कर डाली। हालांकि स्थानीय लोगों और पुलिस की तत्परता से समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और एक बड़ी घटना टल गई। मिली जानकारी के अनुसार महिला उपभोक्ता शीन गैस एजेंसी पहुंची और घर में गैस खत्म होने की बात कहते हुए तुरंत सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग करने लगी। एजेंसी कर्मियों ने उसे समझाया कि उसकी बुकिंग 13 मार्च को दर्ज है और निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही गैस की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही यह भी बताया गया कि एजेंसी में गैस की कोई कमी नहीं है और सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है। कर्मचारियों की बात सुनने से इनकार करते हुए महिला अचानक आक्रोशित हो गई और एजेंसी परिसर में हंगामा करने लगी। देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई और महिला ने पास में रखा पत्थर उठा लिया तथा कर्मचारियों की ओर बढ़ने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए उसे पकड़ लिया, जिससे कोई बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात को संभालते हुए महिला को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद माहौल सामान्य हुआ और एजेंसी का कार्य फिर से सुचारू रूप से शुरू हो गया। एजेंसी संचालक ने साफ किया कि रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और सभी उपभोक्ताओं को बुकिंग के क्रम के अनुसार समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से संयम बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि छोटी सी बात भी अगर धैर्य और समझदारी से न संभाली जाए तो बड़ा विवाद खड़ा हो सकता है, लेकिन समय पर स्थानीय लोगों और पुलिस की सक्रियता से हालात बिगड़ने से बच जाते हैं और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सकता है।

### वैश्य समाज का शक्ति प्रदर्शनः रामगढ़ में उपाध्यक्ष सहित विजयी पार्षदों का हुआ सम्मान



**रामगढ़ :** झारखंड वैश्य समाज के तत्वावधान में नगर परिषद के उपाध्यक्ष एवं हाल ही में निर्वाचित वार्ड पार्षदों के सम्मान में बुधवार को रांची रोड स्थित होटल सिद्धिविनायक में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति ने इसे सामाजिक एकजुटता और संगठन की मजबूती के बड़े प्रदर्शन में बदल दिया। समारोह में नगर परिषद उपाध्यक्ष रणधीर गुप्ता सहित वार्ड पार्षद प्रतिभा शरण (वार्ड 24), राहुल कुमार सोनू (वार्ड 8), हरि नारायण साव उर्फ राजू साव (वार्ड 3) और संदीप साहू (वार्ड 6) को मंच पर सम्मानित किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों का पुष्पमालाओं और अभिनंदन के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता ने की, जबकि मंच संचालन शिव शंकर साहू ने किया। आयोजन की कमान महासचिव रविंद्र साहू ने संभाली और धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष रवि साहू ने किया। पूरे आयोजन में संगठन की सक्रियता और अनुशासन स्पष्ट रूप से देखने को मिला। अपने संबोधन में नंदकिशोर गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज केवल व्यापारिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में विश्वास, सहयोग और आपसी सौहार्द को मजबूत करना भी इसकी मूल पहचान है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रतिनिधियों की जीत इस एकजुटता और विश्वास का प्रत्यक्ष उदाहरण है। वक्ताओं ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए क्षेत्र के समग्र विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि जनता ने जो विश्वास व्यक्त किया है, उसे सेवा, पारदर्शिता और समर्पण के माध्यम से और मजबूत करना आवश्यक है। समारोह में खोगेंद्र साहू, संतोष मोदी, भीम साहू, जितेंद्र प्रसाद, धनंजय कुमार पुटूस, संतोष रंजन मोदी, उपेंद्र प्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, किशोरी लाल केसरी, बद्री विश्वकर्मा, संजीव साव, पंकज बरनवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रामनवमी को लेकर एसपी ने दिया आवश्यक निर्देश

**लोहरदगा :** जिला में रामनवमी को लेकर हर तरफ उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। बजरंगी पताकों से पूरे शहर को पाट दिया गया है और जगह-जगह शोभा यात्रा और झांकियां निकाली जा रही है। कहीं अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता तो कहीं भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। पूरे जिले में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। एसपी सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि किसी भी तरह की उदंडता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इधर, एसपी ने गुरुवार को भंडरा थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रामनवमी मेला को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद एसपी ने प्रखंड के महावीर अखाड़ा कमिटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर एसपी ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक होते हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर सभी श्रद्धालु आपसी सौहार्द बनाए रखें और प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रख रहा है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के तहत संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है।

### एमजीएम अस्पताल में होमगार्डों की मारपीट में मरीज सहित दो घायल

**पूर्वी सिंहभूम :** एमजीएम थाना क्षेत्र अंतर्गत डिमना स्थित एमजीएम अस्पताल में गुरुवार को होमगार्डों की कथित दबंगई का मामला सामने आया है। आरोप है कि अस्पताल परिसर में तैनात होमगार्डों ने एक मरीज और उसके ड्राइवर के साथ मारपीट की, जिसमें ड्राइवर सुजीत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में गहरी चोट आई, जिसके बाद उसे इलाज के दौरान पांच टांके लगाने पड़े। वहीं मरीज राहुल कुमार के साथ भी दुर्व्यवहार किए जाने की बात कही जा रही है। बताया जाता है कि राहुल कुमार इलाज के लिए अपने ड्राइवर सुजीत कुमार के साथ अस्पताल पहुंचे थे। गाड़ी खड़ी करने के बाद सुजीत थकान के कारण अस्पताल परिसर में फर्श पर लेटकर आराम करने लगा। इसी दौरान वहां मौजूद एक होमगार्ड ने उसे पैर से ठोकर मारकर उठाया और वहां से हटने को कहा। सुजीत ने विनम्रता से थोड़ी देर आराम करने की बात कही, लेकिन होमगार्ड ने उसकी बात अनसुनी कर दी और उसे तत्काल गाड़ी हटाने का निर्देश दिया। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई और देखते ही देखते मामला विवाद में बदल गया। शोर-शराबा सुनकर राहुल कुमार भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने की कोशिश करने लगे, लेकिन मामला और बिगड़ गया। आरोप है कि दो होमगार्डों ने मिलकर सुजीत कुमार पर हमला कर दिया और उसे बेरहमी से पीटा। मारपीट के दौरान उसे दीवार से टकरा दिया, जिससे उसके सिर के पीछे गंभीर चोट लगी और खून बहने लगा।

### छात्रा की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिला स्थित झींकपानी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेटेया गांव में गुरुवार सुबह कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा बंकी बुडीउली का शव गांव के पास एक पेड़ से लटका हुआ मिला। परिजनों के अनुसार, बंकी दो दिन पहले ही छात्रावास से अपने घर लौटी थी। बुधवार रात परिवार के सभी सदस्य एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गए हुए थे। गुरुवार की सुबह जब वे घर लौटे, तो उन्होंने गांव के समीप पेड़ से लटका हुआ बंकी का शव देखा।

# रामनवमी पर एसटीएफ डीआईजी ने की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा, दिए दिशा-निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** रामनवमी पर्व और झंडा विसर्जन यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है।

स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के डीआईजी इंद्रजीत महथा गुरुवार को जमशेदपुर पहुंचे, जहां उन्होंने वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में डीआईजी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान शहर में शांति और सौहार्द बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, नियमित गश्त बढ़ाने और



असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा।

बैठक के बाद डीआईजी इंद्रजीत महथा ने पुलिस अधिकारियों के साथ झंडा यात्रा के निर्धारित मार्ग का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रूट पर पड़ने वाले भीड़भाड़ वाले स्थानों, संवेदनशील इलाकों और संभावित अवरोधों का जायजा लिया और मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि झंडा यात्रा मार्ग पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

साथ ही निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम को भी पूरी तरह अलर्ट रहने को कहा गया है। पुलिस प्रशासन ने शहरवासियों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे आपसी भाईचारा बनाए रखें और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें, ताकि पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

## कोलेबिरा के प्रवीर दास बने 'बेस्ट ब्लॉक डाटा प्रबंधक', प्रमंडलीय कार्यशाला में मिला सम्मान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोलेबिरा :** स्वास्थ्य विभाग, झारखंड की ओर से छोटा नागपुर प्रमंडलीय स्तर पर तीन दिवसीय एचएमआईएस / आरसीएच प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन खूंटी जिला स्थित मोमेंट्स होटल एंड रिजॉर्ट, खूंटी रोड में किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न जिलों से आए स्वास्थ्य कर्मियों एवं डाटा प्रबंधकों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड के ब्लॉक डाटा प्रबंधक प्रवीर दास को उनके उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए "बेस्ट ब्लॉक डाटा प्रबंधक" के रूप में चुना गया। उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रवीण दास की इस उपलब्धि से कोलेबिरा प्रखंड एवं सिमडेगा जिले में खुशी की लहर है। उनके सहकर्मियों और अधिकारियों ने इस सम्मान के लिए उन्हें बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की।

## कोम्बाकेरा विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक में शिक्षा सुधार पर दिया गया जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोलेबिरा :** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोम्बाकेरा में चौथी अभिभावक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक में 65 से अधिक अभिभावकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे विद्यालय और अभिभावकों के बीच मजबूत संवाद का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में शाहपुर पंचायत की मुखिया अंकिता केरकेट्टा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक तरीके से अभिभावकों के स्वागत तिलक, मांदर की धुन और स्वागत गीत के साथ की गई, जिसने सभी को विशेष सम्मान का अनुभव कराया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक



विजयंत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में शिक्षकों ने बच्चों की उपस्थिति, नामांकन, शैक्षणिक प्रगति और आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में मध्याह्न भोजन, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय व्यवस्था और स्कूल ग्रांट के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विशेष रूप से अभिभावकों और शिक्षकों के बीच ओपन प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें अभिभावकों ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं और सुझाव दिए। इस दौरान बेहतर उपस्थिति और उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को नोटबुक और चॉकलेट देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह बढ़ा। बाल संसद के सदस्यों ने अभिभावकों को विद्यालय का भ्रमण भी कराया।

## उपायुक्त ने कल्याण अस्पताल में अनुभवी चिकित्सकों की नियुक्ति का दिया निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुरुवार को गुड़ाबांदा प्रखंड के बनमाकड़ी गांव में स्थित कल्याण अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। यह अस्पताल विकास भारती संस्था की ओर से संचालित है, जहां उपायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं, उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि 50 बेड की क्षमता वाले अस्पताल में मरीजों की संख्या अपेक्षाकृत कम है और ओपीडी सेवाओं को और सुदृढ़ करने की जरूरत है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को नियमित और अनुभवी पुरुष और महिला चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने, ओपीडी सेवाओं का विस्तार करने और मरीजों को दवा और जांच की समुचित सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही साफ-सफाई, सेनेटाइजेशन, वार्डों में पेयजल व्यवस्था, दस्तावेजों के सुव्यवस्थित संधारण और अस्पताल परिसर में स्पष्ट साइन बोर्ड लगाने का निर्देश भी दिया गया। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने बनमाकड़ी गांव के चौपाल में ग्रामीणों के साथ बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और सरकारी योजनाओं की जमीनी पहुंच की जानकारी ली। ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए बताया कि गांव में केवल एक चापाकल है, जो गर्मी के दिनों में सूख जाता है। इसके अलावा करीब 200 मीटर कच्ची सड़क को पक्का करने और क्षेत्र में हाथियों के बढ़ते आतंक से स्थायी समाधान की मांग भी रखी गई।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं को सूचीबद्ध कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने पंचायत सचिव और प्रखंड विकास पदाधिकारी को विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याओं के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया।

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर पांच लोगों से 6.25 लाख की ठगी, एक गिरफ्तार




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के जोगा के रहने वाले संतोष कुमार पाल, आशीष चंद्रवंशी, विकास नारायण पाल, लवलेश चौधरी, संजीत पाल को रूस में नौकरी दिलाने का झांसा दिया गया। इसके नाम पर उनके साथ ठगी हुई।

पुलिस ने ठगी के आरोप में उत्तर प्रदेश के अयोध्या के नागिपुर खंडास के रहने वाले अनिल कुमार को गिरफ्तार किया है। अनिल पलामू के नावाजयपुर में प्रज्ञा केंद्र का संचालन करता है। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में मेदिनीनगर टाउन थाना में शिकायत की गयी थी। बताया गया था कि रूस में नौकरी के नाम पर सभी से 6.25 लाख रुपए लिए गये। सभी को जेसीबी ऑपरेटर की नौकरी देने का वादा किया गया।

पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि पांचों को नौकरी से संबंधित एक लेटर दिया गया था, जो फर्जी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रूस में नौकरी का झांसा देने के आरोपित अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार ने गुरूवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पूरे मामले में जांच की जा रही है।

## बच्चों के भविष्य निर्माण में अभिभावकों की अहम भूमिका : सोनाराम सिंकु

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के जगन्नाथपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह सह अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जगन्नाथपुर के विधायक सोनाराम सिंकु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में वार्डन लक्ष्मी पाड़ेया, वरिष्ठ शिक्षिका कामिनी दुबे और प्रबंधन समिति की अध्यक्ष पूनम देवी भी मंच पर मौजूद थीं। समारोह के दौरान विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं को पढ़ाई



और खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सोनाराम सिंकु ने अभिभावकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनकी जिम्मेदारी अहम होती है। उन्होंने कस्तूरबा विद्यालय जैसी योजनाओं को गरीब परिवारों की बच्चियों के लिए उपयोगी बताया। साथ ही शिक्षिकाओं की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह समर्पण के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई। अभिभावकों को उन्होंने बच्चों में अनुशासन बनाए रखने और बाल विवाह जैसी कुरीतियों से दूर रखने की सलाह दी। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने गुरु और माता-पिता का सम्मान करने की सीख दी।

मौके पर उन्होंने विद्यालय को दो नगाड़ा और दो मांदर देने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भी सभी का मन मोह लिया। नृत्य, गीत और शारीरिक प्रदर्शन ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया, जिस पर लोगों ने तालियों के साथ उनका उत्साह बढ़ाया।

## संक्षिप्त खबरें

### शॉर्ट शर्किट से पार्किंग में खड़ी कारकार जली



**सरिया :** गुरुवार की दोपहर लगभग तीन बजे अचानक आगजनी की घटना में पार्किंग में खड़ी कार और घर में आग लगने की घटना सामने आया है। इस घटना में लाखों का नुकसान की बात बताई जा रही है। घटना सरिया थाना क्षेत्र के कावड़िया टोला में घटी। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हरि पंडित के मकान में खाली पड़े पार्किंग स्थान पर कावड़िया के ही संदीप सोनार अपनी कार लगभग दो बजे खड़ी कर घर खाना खाने के लिए गया। इसी बीच कार में अचानक आग लगने की सूचना मिली ग्रामीणों के अनुसार कार में अचानक इंजन में शॉर्ट सर्किट के कारण लोगों ने आग लगते देखा जिसके बाद आग धीरे धीरे पूरी गाड़ी में फैल गया और आग की लपटे के कारण बगल में ही एक एलेस्टर के घर में भी आगजनी की घटना हुआ। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी सूचना फायर बिग्रेड राजधनवार और स्थानीय प्रशासन को दी। फायर बिग्रेड की गाड़ी के आने में विलंब होने पर स्थानीय लोगों ने लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाने में सफल रहे। इस घटना में घर में रखे हजारों रुपए के सामान भी जलने की जानकारी गृह स्वामियों के द्वारा दी गई। घटना की सूचना पर काफी संख्या में स्थानीय लोगों के अलावा सरिया पुलिस के अधिकारी भी पहुंचे थे।

### रामनवमी को लेकर पुलिस अलर्ट एसडीपीओ ने किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण



**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला का तिरूलडीह थाना क्षेत्र में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिन्हा ने तिरूलडीह, कुकड़ू एवं कुदा अखाड़ों एवं जुलूस निकलने वाले रूट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार सिंह एवं तिरुडीह थाना प्रभारी कौशल कुमार भी साथ में मौजूद थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिन्हा ने रामनवमी को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने जुलूस निकलने वाले रास्ते एवं व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने न्यायालय का निर्देश का सख्ती से पालन करते हुए डीजे बजाने पर नियंत्रण रखने, अफवाहों पर ध्यान नही देने का अपील किया। उन्होंने अखाड़ा कमेटी सदस्यों से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि रामनवमी पर्व को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं जुलुस के दौरान वीडियो रिकॉर्डिंग करने की व्यवस्था भी की गई है। उहोंने सभी से सौहार्दपूर्ण और शांति से राम नवमी पर्व को मनाने का अपील किया। उन्होंने कहा कि गंदा एवं अश्लील गाना पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाना प्राथमिकता : सीएस




**देवघर :** जिले के नए सिविल सर्जन (सीएस) डॉ रमेश प्रसाद का गुरुवार को कार्यालय में उनका पहला आधिकारिक कार्यदिवस रहा, जहां जिला झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ (झासा) संगठन के प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर झासा संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को और बेहतर बनाने की उम्मीद जताई। स्वागत करने वालों में झासा के राज्य संयोजक डॉ शरद कुमार, जिला अध्यक्ष डॉ अभय यादव, सचिव डॉ प्रभात रंजन, जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराधा कुमारी, डॉ शालिनी कुमारी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ रविजीत प्रकाश, सर्जन डॉ रवि कुमार और संथाल परगना प्रमंडल के कार्यकारिणी सदस्य डॉ चितरंजन कुमार पंकज सहित कई चिकित्सक शामिल थे। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि जल्द ही जिले में पदस्थापित सभी चिकित्सकों के साथ बैठक की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य वातावरण तैयार कर स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाना उनकी प्राथमिकता होगी, ताकि आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिल सके और शिकायतों की गुंजाइश कम रहे। वहीं झासा के राज्य संयोजक डॉ शरद कुमार ने कहा कि सिविल सर्जन जिला संगठन के पदेन संरक्षक होते हैं और उनके मार्गदर्शन में सभी चिकित्सा पदाधिकारी बेहतर कार्य करने का प्रयास करेंगे। जिला अध्यक्ष डॉ अभय यादव और सचिव डॉ प्रभात रंजन ने भी विश्वास जताया कि नए सिविल सर्जन के अनुभव का लाभ जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मिलेगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 02/2026-27**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | – | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | – | 11-04-2026 को अप० 12.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | – | 13-04-2026 के अप० 2.30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 13-04-2026 के अप० 3.00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | – | (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 7 | कार्य विवरणी :– | | |

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Additional Boundary Wall and Guard Room in Woman ITI College, Simdega. | 23,33,500.00 | 47,000.00 | 5,000.00 | 06 (Six) Months |
| 2 | Construction of Parking Shed in Woman ITI College, Simdega. | 10,85,000.00 | 22,000.00 | 2,500.00 | 03 (Three) Months |
| 3 | Construction of PCC Apporach Road and Others Work in Woman ITI College, Simdega. | 22,41,500.00 | 45,000.00 | 5,000.00 | 05 (Five) Months |

निविदा की शर्ते– **WWW.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 376106 (Simdega)25-26*D

# पैक्स सिलिका : विश्वसनीय तकनीकी गठबंधन का निर्माण

सेमीकंडक्टर रोजमर्रा की तकनीकों- मोबाइल फोन से लेकर घरेलू उपकरणों तक को शक्ति प्रदान करते हैं, लेकिन उनका उत्पादन एक जटिल वैश्विक नेटवका पर निर्भर करता है। सामग्री, डिजाइन, निर्माण और असेंबली अक्सर कई देशों में फैली होती हैं, जिससे यह प्रणाली अत्यधिक परस्पर जुड़ी हुई बन जाती है। दशकों तक यह प्रणाली दक्षता के लिए बनाई गई थी। कंपनियां तेज और सस्ते चिप्स बनाने पर ध्यान केंद्रित करती थीं और उत्पादन को विशेषीकृत वैश्विक केंद्रों में वितरित करती थीं, लेकिन हाल के व्यवधानों- जैसे महामारी से उत्पन्न कमी और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने इस मॉडल के जोखिम को उजागर किया है, जहां स्थानीय झटके वैश्विक उद्योगों में प्रभाव डाल सकते हैं। अमेरिका के नेतृत्व में साझेदार देशों की पहल पैक्स सिलिका इन चुनौतियों का समाधान एक अधिक टिकाऊ तकनीकी और आर्थिक व्यवस्था बनाकर करना चाहती है। यह केवल सेमीकंडक्टर पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय उस पूरी शृंखला तक विस्तारित है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थव्यवस्था को संचालित करती है। तक्षशिला संस्थान के हाई-टेक जियोपॉलिटिक्स प्रोग्राम के अध्यक्ष और अमेरिकी विदेश मंत्रालय के क्वाड लीडर्स लीड ऑन-डिमांड (एलएलओडी) कार्यक्रम के पूर्व प्रतिभागी प्रणय कोटस्थाने बताते हैं, पैक्स सिलिका केवल कंप्यूटर चिप्स के बारे में नहीं है, यह एआई युग के लिए एक तकनीकी समूह है। यह पहल मिनरल्स-टू-मॉडल्स सप्लाई चेन को शामिल करती है- महत्वपूर्ण खनिजों और निर्माण से लेकर डेटा और एआई सिस्टम तक और यह इस मान्यता पर आधारित है कि इस क्षेत्र में कोई भी देश पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं हो सकता। कोटस्थाने बताते हैं, सिद्धांत रूप में पैक्स सिलिका एआई युग के पूरे तकनीकी ढांचे में एक "विश्वसनीय क्षेत्र" बनाने का प्रयास करता है। इस क्षेत्र के भीतर, समान सोच वाले देश खनिजों, ऊर्जा सहयोग, निर्माण क्षमता, चिप डिजाइन, बौद्धिक संपदा, एआई मॉडल, डिजिटल अवसंरचना और डेटा के अपेक्षाकृत मुक्त प्रवाह की अनुमति देंगे। सदस्य मिलकर इस पूरे ढांचे का इतना बड़ा हिस्सा कवर करते हैं कि कोई बाहरी कर्ता किसी एक खंड पर दबाव नहीं डाल सकता। विविधीकरण का पहलू प्रत्येक स्तर पर कई सहयोगी देशों में क्षमता वितरित करके काम करता है। यदि किसी एक खनिज स्त्रोत में बाधा आती है, तो वैकल्पिक साझेदार स्त्रोत उसकी भरपाई कर सकते हैं। यदि किसी एक निर्माण केंद्र में समस्या आती है, तो अन्य उस भार को संभाल सकते हैं। कोटस्थाने कहते हैं, पुराने मॉडल में सबसे सस्ता चिप जीतता था। पैक्स सिलिका के ढांचे में विश्वसनीय तकनीक जीतती है। विश्वसनीय का अर्थ है कि उसका स्त्रोत–कच्चे खनिज से लेकर तैनात एआई सिस्टम तक समान सोच वाले देशों से होकर गुजरे। पैक्स सिलिका एक मौलिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। कोटस्थाने कहते हैं, यह केवल दक्षता की पहल नहीं है, बल्कि सुरक्षा और समृद्धि की पहल है। मुख्य विचार यह है कि कुछ आर्थिक दक्षता का त्याग करके लचीलापन बनाया जाए, एकल स्त्रोत पर निर्भरता कम की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि एआई अर्थव्यवस्था की अवसंरचना विश्वसनीय साझेदारों के नियंत्रण में हो।

**विश्वसनीय साझेदारियां, पूर्ण ढांचा–**

संबद्ध देशों के बीच समन्वित कार्रवाई को प्राथमिकता देकर पैक्स सिलिका साझेदारों को तकनीकी ढांचे के पूरक हिस्सों में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है, बजाय इसके कि वे पूरी श्रृंखला को दोहराएं। वह बताते हैं, विचार यह नहीं है कि प्रत्येक देश पूरी श्रृंखला को दोहराए। बल्कि यह है कि विश्वसनीय साझेदार पूरक खंडों में विशेषज्ञता हासिल करें और सप्लाई चेन के सभी चरणों में क्षमताएं रखें। कई देशों के संसाधनों, प्रतिभा और उत्पादन को एकीकृत करके, यह पहल परिचालन निरंतरता को मजबूत करती है और भाग लेने वाले देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक तालमेल का समर्थन करती है।

## सूडोकु नवताल- 7746

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7745 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# 1918 में निकाला गया पहला महावीरी झंडा इस बार की रामनवमी पर भव्यता का नया इतिहास रचने जा रहा है

**विजय केसरी**

हजारीबाग की रामनवमी 108 वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। इस बार की रामनवमी सिर्फ हजारीबाग ही नहीं अपितु झारखंड प्रांत के सभी चौबीसों जिलों में बीते अन्य वर्षो की तुलना में ज्यादा भव्य और मोहक होगा। अर्थात चैत्र नवमी के दिन 1918 में हजारीबाग में निकाला गया पहला महावीरी झंडा इस बार की रामनवमी पर अपनी भव्यता का एक नया इतिहास रचने जा रहा है। प्रांत भर के राम भक्तों के उत्साह को देख कर कहा जा सकता है कि इस बार की रामनवमी जुलूस में मोहक झांकियां, परंपरा गत बाजे, डीजे और शस्त्र परिचालन प्रदर्शन की जबरदस्त तैयारी की गई है। वहीं जुलूस में मातृ शक्ति शस्त्र परिचालन कर एक नया कृतिमान गढ़ने जा रही हैं। चैत्र माह में निकलने वाले चारों मंगला जुलूस जिस प्रकार निकाला गया अन्य वर्षों की तुलना में काफी भव्य था। पुलिस प्रशासन को रामनवमी जुलूस की ही तरह मंगला जुलूस पर शांति व्यवस्था व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यवस्था करनी पड़ी थी। रामनवमी से तीन दिन पूर्व भजन गायिका शहनाज अख्तर ने राम भक्तों के बीच शानदार भजनों को प्रस्तुत कर हजारों राम भक्तों को उत्साह को बढ़ा गईं।

हजारीबाग जिला प्रशासन द्वारा पूरे नगर के जुलूस मार्गों पर बहुत ही बेहतर ढंग लाइट की व्यवस्था की गई है। जुलूस में शामिल होने वाले लोगों को कोई दिक्कत न हो, इसकी भी व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई है। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जुलूस में शामिल होने वाले लोगों के लिए खाने-पीने, चिकित्सा से लेकर काफी संख्या में सेवा शिविर लगाया जाएगा। श्री चैत्र रामनवमी महासमिति गठन के बाद अध्यक्ष करण यादव के नेतृत्व में अब तक रामनवमी पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ सौ से अधिक बैठकें हो चुकी हैं। अनुमान है कि सौ से अधिक झांकियां जुलूस में शामिल होंगी। वहीं जिला और पुलिस प्रशासन रामनवमी के अवसर पर हजारीबाग में निकलने वाले तीन दिवसीय जुलूस को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए लगातार बैठकें कर रहा है। यह सारी तैयारियां बताता है कि इस बार की रामनवमी एक नया कृतिमान स्थापित करने जा रहा है।

ध्यातव्य है कि सर्वप्रथम 1918 में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जयंती, चैत्र शुक्ल नवमी के दिन हजारीबाग के सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने अपने पांच मित्रों सहित सर्व प्रथम जुलूस निकालकर एक कृतिमान गढ़ने का काम किया था । तब शायद किसी ने कल्पना तक नहीं की थी कि यह छः व्यक्तियों द्वारा निकाला गया आने वाले दिनों में जुलूस इंटरनेशनल रामनवमी और वर्ल्ड फेमस रामनवमी के नाम से जाना जाएगा। चैत्र नवमी से शुरू होकर यह महा जुलूस तीन दिनों तक लगातार हजारीबाग के विभिन्न जुलूस मार्गों पर शस्त्र परिचालन,



पहलवानी करतब, विभिन्न प्रकार की झांकियों, जय घोषों सहित गाजे बाजे के साथ राम भक्तों को राम भक्ति से स्नान कराया रहता है। इस जुलूस में हजारों - लाखों की संख्या में बच्चें, बूढ़े, युवा, महिलाएं और बच्चियां सम्मिलित होती है। यह जुलूस अपने आप में एक अनूठा जुलूस बन चुका है। संभवत देश भर में भगवान राम की जयंती पर निकलने वाले जुलूसों की तुलना में हजारीबाग की रामनवमी जुलूस एक विशेष स्थान रखता है। हजारीबाग की रामनवमी के जुलूस स्वरूप में हर वर्ष कुछ न कुछ रूपांतरण होता ही रहता है। इसलिए इसकी नूतनता और भी दर्शनार्थियों को मोहित करती रहती है।

हजारीबाग की गौरवशाली रामनवमी के इतिहास से सबक लेने की जरूरत है। इंटरनेशनल रामनवमी ने समाज के सभी वर्ग के लोगों को एक सूत्र में बांधकर रख दिया है। भगवान राम जिस मयार्दा में और नैतिक मूल्य को समाज में स्थापित करना चाहते थे, इस अवसर पर निकलने वाली विभिन्न झांकियां उसी मयार्दा और नैतिक मूल्य की सीख देती चली आ रही है। इसका हमारे समाज पर बहुत ही अनुकूल प्रभाव पड़ा है। हजारीबाग रामनवमी के संस्थापक वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर समाज में नव जागृति लाने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे उद्देश्यों को लेकर जुलूस का शुभारंभ किया था। हजारीबाग की रामनवमी की लोकप्रियता का आलम यह है कि इसे इंटरनेशनल रामनवमी के रूप में जाना जाने लगा है। 2022 में श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष अमरदीप यादव ने राज्य के मुख्यमंत्री से हजारीबाग की रामनवमी को राजकीय पर्व घोषित करने का मांग की थी। पिछले दिनों हजारीबाग के सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी झारखंड विधानसभा में हजारीबाग की रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने की मांग की।

रामनवमी के जुलूस में प्रारंभिक दिनों में छोटे-छोटे महावीरी झंडे शामिल होते थे। किंतु बाद के काल खंडों में गगनचुंबी महावीरी झंडा शामिल होने लगे थे। महावीरी झंडे के निर्माण का बड़ा ही दिलचस्प इतिहास है। हजारीबाग के निवासी आसपास के राज्यों से महावीरी झंडों में बहुत ही खूबसूरत कारीगरी करवाते थे। कई महावीरी झंडों में चांदी व सोना से खूबसूरत आकृतियां बनवाई जाती थी। हजारीबाग नगर स्थित पंच मंदिर में आज भी चांदी व सोना से निर्मित झंडे उपलब्ध है। पंच मंदिर के झंडे को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते थे। इसके साथ ही हजारों की संख्या में गगनचुंबी महावीर झंडे शामिल होते थे। इन झंडों में भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता, भक्त हनुमान की तस्वीरें बनी रहती थी। इन महावीरी झंडों का भी बहुत ही भव्य तरीके से प्रदर्शन होता था। रामनवमी जुलूस के समापन के बाद भी इन झंडों की चर्चा नगर और आस-पास के गांव में होते रहती थी। हजारीबाग स्वर्णकार समाज द्वारा राम भक्त हनुमान की चांदी से बनी हुई प्रतिमा की झांकी भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता रहता है । जुलूस मार्गों पर बिजली के तारों की भरमार के कारण धीरे-धीरे कर झंडों का आकार भी छोटा होता चला जा रहा है। लेकिन झंडो की संख्या लगातार पढ़ती भी चली जा रही है।

1955 के बाद जुलूस के स्वरुप में काफी विस्तार होना प्रारंभ हो गया था। उस कालखंड में आज की तरह जनरेटर की सर्व सुलभ नहीं रहने के कारण मंगला जुलूस जलते हुए मशाल के साथ निकाला जाता था। आज भी लोग उस मशाल जुलूस को भूल नहीं है। नगरवासियों ने चैत्र माह पड़ते ही हर मंगलवार को संध्या में मंगलवारी जुलूस निकालना प्रारंभ किया था। यह परंपरा आज भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। मंगलवारी जुलूस में महावीरी झंडों के साथ स्थानीय स्तर पर काफी संख्या में लोग शामिल होते हैं। पंच मंदिर, महावीर स्थान, बड़ा अखाड़ा मंदिर, खजांची तालाब मंदिर में जुलूस में शामिल लोग प्रसाद चढ़ाते हुए धीरे-धीरे कर नगर का भ्रमण करते हैं। मंगला जुलूस अर्ध रात्रि तक समाप्त हो जाता है।

1970 में पहली बार हजारीबाग की रामनवमी के जुलूस में कोलकाता से ताशा पार्टी को शामिल किया गया था। इसी समय से जुलूस में शामिल होने वाली झांकियों की संख्या में इजाफा होना प्रारंभ हुआ था। 15 - 20 झांकियों से शुरू हुई यह परंपरा आज एक सौ से अधिक झांकियों में तब्दील हो चुकी हैं। रामनवमी जुलूस में शामिल झांकियां ऐसी होती है कि उसे देखने का बार-बार मन कर जाता है। बीते पच्चीस वर्षों से जीवंत झांकियां लगातार बढ़ती चली जा रही है। इसकी शुरूआत सर्वप्रथम बड़ा बाजार केवट रामनवमी पूजा समिति द्वारा की गई थी। आज भी केवट पूजा समिति द्वारा निर्मित जीवंत झांकी को देखने के लिए लोग लालायित रहते हैं। इन झांकियों को देखने के लिए हजारीबाग में देश के विभिन्न प्रदेशों से हजारों - हजार की संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

# जलवायु परिवर्तन : भविष्य नहीं, वर्तमान का महाविनाशकारी संकट

**ललित गर्ग**

आज मानव सभ्यता जिस सबसे बड़े संकट के सामने खड़ी है, वह युद्ध, महामारी या आर्थिक मंदी नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन है। दुनिया आज जलवायु संकट के ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां हर नया आंकड़ा खतरे की घंटी बनकर सामने आ रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ताजा रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि 2015-2025 का दशक अब तक का सबसे गर्म दौर रहा है। यह केवल एक सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि पृथ्वी के बदलते स्वभाव का गंभीर संकेत है। रिपोर्ट बताती है कि ग्रीनहाउस गैसों का स्तर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुका है और पृथ्वी का एनर्जी इम्बैलेंस लगातार बढ़ रहा है। महासागर, जो जलवायु संतुलन के सबसे बड़े नियंत्रक माने जाते हैं, अब 90 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त गर्मी सोख रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि पृथ्वी का तापमान केवल हवा में ही नहीं, जल और भूमि के भीतर भी बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन अब धीरे-धीरे आने वाली समस्या नहीं रही, बल्कि यह वर्तमान का संकट बन चुका है। दुनिया के अनेक हिस्सों में असामान्य गर्मी, बाढ़, सूखा, चक्रवात और जंगल की आग जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। प्रति का संतुलन बिगड़ रहा है और मौसम का मिजाज अनिश्चित होता जा रहा है। कहीं अत्यधिक वर्षा से बाढ़ आ रही है तो कहीं महीनों तक बारिश नहीं हो रही। यह असंतुलन सीधे-सीधे मानव जीवन, कृषि, जल संसाधनों और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। इस बदलते मौसम ने सबसे ज्यादा मनुष्य के स्वास्थ्य पर हमला किया है।

भारत के संदर्भ में यह संकट और भी गंभीर रूप लेता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के अनेक शहरों में तापमान 48 से 50 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि पहले 45 डिग्री को ही अत्यधिक गर्मी माना जाता था। अब असामान्य गर्मी ने फरवरी और मार्च जैसे महीनों को भी झुलसाना शुरू कर दिया है। हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता दोनों बढ़ रही हैं। इसका असर केवल स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि बिजली, पानी, खेती, श्रम, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी ने केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि वन्यजीव, पेड़-पौधे और सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को भी संकट में डाल दिया है। जलवायु परिवर्तन के पीछे सबसे बड़ा कारण मानव का विकास मॉडल है। कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई, अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पृथ्वी को लगातार गर्म कर रहा है। आज वैश्विक तापमान लगभग एक लाख 25 हजार वर्षों के उच्चतम स्तर के आसपास पहुंच चुका है। यह स्थिति बताती है कि समस्या प्रकृति में नहीं, बल्कि मानव की जीवनशैली और विकास की दिशा में है।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां इस संकट को और अधिक खतरनाक बना रही हैं। दुनिया के अनेक हिस्सों में युद्ध की स्थितियां बनी हुई हैं। युद्ध केवल मानव जीवन और अर्थव्यवस्था को ही नष्ट नहीं करते, बल्कि पर्यावरण को भी गहरा नुकसान पहुंचाते हैं। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक, रसायन, धातु, ईंधन और आग से वातावरण में भारी मात्रा में जहरीली गैसें फैलती हैं। तेल भंडारों में आग, रासायनिक संयंत्रों का नष्ट होना और सैन्य गतिविधियां वातावरण में कार्बन उत्सर्जन को कई गुना बढ़ा देती हैं। इस प्रकार युद्ध और जलवायु परिवर्तन मिलकर पृथ्वी को दोहरे संकट की ओर धकेल रहे हैं। भारत सहित दुनिया के लगभग 75 प्रतिशत जिले किसी न किसी जलवायु जोखिम के दायरे में आ चुके हैं। हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। दूसरी ओर समुद्र का जलस्तर बढ़ने से मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे तटीय शहरों पर खतरा मंडरा रहा है। यदि समुद्र स्तर इसी गति से बढ़ता रहा तो आने वाले दशकों में तटीय आबादी का बड़े पैमाने पर विस्थापन हो सकता है। यह केवल पर्यावरण संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संकट भी बन सकता है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह स्पष्ट है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में तेजी से कटौती नहीं की गई, तो तापमान के नए-नए रिकॉर्ड टूटते रहेंगे और पृथ्वी रहने योग्य स्थान कम होती जाएगी। जल संकट, खाद्य संकट, स्वास्थ्य संकट और प्रवासन जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। दुनिया के अनेक वैज्ञानिक अब चेतावनी दे रहे हैं कि यदि तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित नहीं किया गया, तो पृथ्वी का पारिस्थितिक संतुलन गंभीर रूप से बिगड़ सकता है। लेकिन इस संकट में ही अवसर भी छिपा हुआ है। यह समय विकास मॉडल को बदलने का है। ऊर्जा के क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा, जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल ऊर्जा को बढ़ावा देना होगा। शहरों को कंक्रीट के जंगल बनाने के बजाय हरित शहर बनाना होगा। जल प्रबंधन को जन आंदोलन बनाना होगा। वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण और नदियों के संरक्षण पर गंभीरता से काम करना होगा। कृषि को जलवायु अनुकूल बनाना होगा, कम पानी वाली फसलों और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। साथ ही जिला स्तर पर हीट एक्शन प्लान, जल संरक्षण योजना, वृक्षारोपण अभियान और स्थानीय पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम लागू करने होंगे। जलवायु परिवर्तन से लड़ाई केवल सरकारें नहीं जीत सकतीं, इसके लिए समाज, उद्योग, वैज्ञानिक और आम नागरिक सभी को मिलकर काम करना होगा। दुनिया की महाशक्तियों के लिए यह समय सबसे बड़ी परीक्षा का समय है। यदि वे केवल आर्थिक विकास और सैन्य शक्ति की दौड़ में ही उलझी रहीं और पृथ्वी के भविष्य की चिंता नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियां उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। उन्हें यह समझना होगा कि पृथ्वी बचेगी तो अर्थव्यवस्था भी बचेगी, मानव सभ्यता भी बचेगी और विकास भी बचेगा। यदि पृथ्वी ही तपती और असंतुलित हो गई, तो सारी प्रगति बेकार हो जाएगी। आज आवश्यकता है कि दुनिया की महाशक्तियां कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए कठोर और बाध्यकारी नीतियां बनाएं, जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करें, वनों की कटाई रोकें और हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दें। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी का तापमान इतना बढ़ जाएगा कि अनेक क्षेत्र रहने योग्य नहीं रहेंगे। निश्चित तौर पर जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चुनौती नहीं, वर्तमान का संकट है। यदि आज निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को एक असंतुलित और तपती हुई पृथ्वी विरासत में मिलेगी। यह तपती हुई पृथ्वी मानव जीवन के लिए विनाश का कारण भी बन सकती है। लेकिन यदि दुनिया समय रहते चेत गई, तो यही संकट एक नए, संतुलित और टिकाऊ विकास मॉडल की शुरूआत भी बन सकता है। पृथ्वी को बचाना अब विकल्प नहीं, मानव अस्तित्व की अनिवार्यता बन चुका है।

# धुरंधर 2 से कैसे बेनकाब हुई अखिलेश की मुस्लिम परस्त राजनीति

**अजय कुमार**

रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर जितनी धमाकेदार है, उससे कहीं ज्यादा राजनीति के गलियारों में तूफान मचा रही है। फिल्म में 'अतीक अहमद' नामक एक ऐसा किरदार दिखाया गया है, जो असल माफिया अतीक अहमद से मेल खाता है। इस किरदार के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से कथित संबंधों को दिखाए जाने को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। फिल्म की कहानी ने जो रंग उड़ाया है, उसमें सबसे ज्यादा बेचैनी समाजवादी पार्टी और उसके नेता अखिलेश यादव को है। और यही बेचैनी खुद ब खुद सपा की मुस्लिम राजनीति की असलियत को बेनकाब कर रही है।अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि सरकार ऐसी प्रोपेगेंडा फिल्में बनाने पर पैसा खर्च कर रही है जो दूसरी पार्टियों को बदनाम करती हैं, और यहां तक कि फिल्म की रिलीज पर भी पैसे बहाए जा रहे हैं। यह बयान राजनीतिक दृष्टि से समझना जरूरी है। अखिलेश यादव की यह प्रतिक्रिया केवल एक फिल्म के विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी उस राजनीतिक मजबूरी को दशार्ती है जो मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी है।

फिल्म में दिखाया गया है कि किरदार का पाकिस्तान के आईएसआई चीफ से सीधा कनेक्शन है, पंजाब में ड्रोन से गिराए गए अवैध हथियार उस तक पहुंचाए जाते हैं, लश्कर-ए-तैयबा से संबंध हैं और जाली नोट नेपाल के रास्ते भारत लाए जाते हैं। यूपी की राजनीति में भी उसका दखल दिखाया गया है। इस किरदार की पहचान सपा के पूर्व सांसद अतीक अहमद से जोड़ी जा रही है, और यही जुड़ाव समाजवादी पार्टी को सबसे ज्यादा परेशान कर रहा है।सवाल यह है कि अखिलेश यादव इस फिल्म पर इतने आग-बबूला क्यों हैं? अतीक अहमद समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीत चुका था और सपा प्रमुख इस फिल्म को प्रोपेगेंडा करार दे रहे हैं। लेकिन जिस तरह की बेचैनी अखिलेश ने दिखाई है, वह यह साबित करती है कि यह फिल्म उनकी मुस्लिम वोट की राजनीति की नींव हिला रही है। राजनीतिक गलियारों में एक तस्वीर काफी चर्चित रही है, जिसमें सपा नेता मुलायम सिंह यादव अतीक अहमद के घर गए थे। यह रिश्ता केवल एक संयोग नहीं था, बल्कि उस राजनीतिक समीकरण का हिस्सा था जिसे सपा ने वर्षों तक सींचा।


सपा से ही निष्कासित विधायक पूजा पाल ने सीधे आरोप लगाया कि अतीक अहमद समाजवादी पार्टी का सबसे बड़ा फाइनेंसर था और उसकी मौत का दुख आज भी सपा को सता रहा है। पूजा पाल के इस बयान ने सपा की आंतरिक कलह को सतह पर ला दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अतीक अहमद ने उनकी तरह हजारों युवाओं की जिंदगी बर्बाद की और सपा के संरक्षण में वह वर्षों तक फलता-फूलता रहा। सपा प्रमुख और पूरी समाजवादी पार्टी 'धुरंधर 2' को लेकर केंद्र सरकार पर आरोप तो लगा रही है, लेकिन 'आर्टिकल 15' जैसी फिल्मों पर उनकी जुबान नहीं खुलती, जिनमें ब्राह्मणों और हिंदुओं को बदनाम किया गया। यह दोहरापन ही सपा की असली राजनीति है। जब बात मुस्लिम समुदाय से जुड़े किरदार की आती है तो पार्टी सड़क पर उतर आती है, लेकिन दूसरे समुदायों को लेकर बनी फिल्मों पर खामोशी साध लेती है।

एआईएमआईएम नेता शौकत अली ने भी दावा किया कि यह फिल्म मुसलमानों को बदनाम करने के लिए बनाई गई है। उन्होंने अतीक अहमद का नाम लिए बिना कहा कि जब वे जिंदा थे तो आईएसआई के एजेंट नहीं थे, लेकिन मरने के बाद उन्हें आईएसआई का एजेंट बना दिया गया। यह बयान दिलचस्प है क्योंकि यह सीधे सपा की मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति से जुड़ता है। जब भी ऐसी कोई फिल्म या घटना सामने आती है, विपक्ष एकजुट होकर मुस्लिम भावनाओं को हवा देने की कोशिश करता है।मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि अतीक अहमद जो करता था वही फिल्म में दिखाया गया तो इसमें बुरा क्या है। यह जवाब उस बहस की दिशा तय करता है जिसे सपा ने खुद शुरू किया। यदि कोई माफिया वाकई आईएसआई से जुड़ा था, तो उसे पर्दे पर दिखाना क्या गलत है? सपा का विरोध यह संदेश देता है कि वह उस माफिया की विरासत को सुरक्षित रखना चाहती है जो उसके वोट बैंक का हिस्सा रहा।

2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं और ऐसे में यह फिल्म सपा के लिए एक बड़ी राजनीतिक चुनौती बनकर उभरी है। बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी ने अखिलेश यादव पर पलटवार किया और कहा कि जब सपा की सरकार थी तब उन्होंने कुछ नहीं किया। यानी यह फिल्म उन पुराने घावों को ताजा कर रही है जो सपा अब तक भुलाने में लगी थी। 'धुरंधर 2' ने अखिलेश यादव की उस राजनीति की पोल खोल दी है जो एक तरफ पीडीए यानी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक के नाम पर मुस्लिम वोट समेटने की कोशिश करती है, और दूसरी तरफ उन तथ्यों पर पर्दा डालने की जुगत लगाती है जो उसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हैं। एक फिल्म ने यह साबित कर दिया है कि मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति पर टिकी सपा की नाव जितनी मजबूत दिखती है, अंदर से उतनी ही खोखली है।

## दैनिक पंचांग

**27 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | मीन में |
| चंद्र | मिथुन में |
| मंगल | कुंभ में |
| बुध | कुंभ में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मेष में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मेष | 06.55 बजे से |
| वृष | 08.36 बजे से |
| मिथुन | 10.34 बजे से |
| कर्क | 12.47 बजे से |
| सिंह | 15.03 बजे से |
| कन्या | 17.15 बजे से |
| तुला | 19.26 बजे से |
| वृश्चिक | 21.41 ब.से |
| धनु | 23.57 बजे से |
| मकर | 02.02 बजे से |
| कुंभ | 03.48 बजे से |
| मीन | 05.21 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 86 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 10.07 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुनर्वसु 15.24 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 22.10 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 10.07 बजे तदनन्तर तैतिल 21.24 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 7.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 02° 31'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872661
**जूलियन दिन** 2461126.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल **तारीख** 07
**विशेष** स्वामीनारायण, संत सुंदरदास जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 | से | 07.23 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 | से | 08.51 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 | से | 10.19 | बजे तक |
| काल | 10.19 | से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 | से | 01.15 | बजे तक |
| रोग | 01.15 | से | 02.43 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 | से | 04.10 | बजे तक |
| चर | 04.10 | से | 05.38 | बजे तक |

| रात का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.38 | से | 07.1 | बजे तक |
| काल | 07.11 | से | 08.43 | बजे तक |
| लाभ | 08.43 | से | 10.15 | बजे तक |
| उद्वेग | 10.15 | से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 | से | 01.19 | बजे तक |
| अमृत | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| चर | 02.51 | से | 04.23 | बजे तक |
| रोग | 04.23 | से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### 12 घंटे में लूटकांड सुलझा, तीन अपराधी गिरफ्तार



**बोकारो** : पुलिस ने एक शातिर अपराधी गिरोह का खुलासा करते हुए लूटकांड का पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है और लूट का सामान भी बरामद किया है। घटना 25 मार्च 2026 की सुबह करीब 9 बजे की है, जब चास थाना क्षेत्र में बाइक सवार अपराधियों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर उसका मोबाइल, स्मार्ट वॉच और नकदी लूट ली। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए बोकारो पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी शुरू की और महज 12 घंटे के अंदर मुख्य आरोपी समेत कुल 3 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूट में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिल, तीन स्मार्टफोन, एक स्मार्ट वॉच, नकदी और सिम कार्ड समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है और इस गिरोह से जुड़े अन्य अपराधियों की तलाश जारी है। बोकारो से बड़ी कार्रवाई, अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है।

### रामनवमी को लेकर कुरडेग पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**कुरडेग** : थाना क्षेत्र में आगामी रामनवमी पर्व के मद्देनजर शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु कुरडेग पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च चलाया गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना तथा असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना था। इस दौरान पुलिस बल ने कुरडेग प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से पर्व मनाने का अपील की। थाना प्रभारी विनय कुमार ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर प्रखंड में सुरक्षा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। फ्लैग मार्च में मुख्य रूप से थाना प्रभारी विनय कुमार, एस आई बीरेंद्र मुर्मू, एस आई अजेंद्र कुमार सिंह, ए एस आई संजय डुंगडुंग, ए एस आई मंडल जी सहित थाना के सभी जवान शामिल थे।

### जलडेगा में रामनवमी झंडा विवाद के बाद तनाव, शांति समिति की बैठक में हुआ समझौता

**जलडेगा** : प्रखंड क्षेत्र के कोनमेरला बस्ती स्थित मंदिर के पास लगे रामनवमी के झंडे को उखाड़े जाने की खबर के बाद बुधवार रात्रि क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग मौके पर एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जलडेगा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर ई. जी. बागे सहित ओडगा, बांसजोर, कोलेबिरा समेत अन्य थाना क्षेत्रों से पुलिस बल गांव पहुंचा। ग्रामीणों ने झंडा उखाड़ने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नजीम अंसारी (पिता फखरूद्दीन अंसारी) को हिरासत में ले लिया। इस दौरान माहौल काफी तनावपूर्ण बना रहा। घटना के अगले दिन बृहस्पतिवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के डीएसपी बैजु उरांव, एसडीओ प्रभात ज्ञानी रंजन, बीडीओ डॉ. प्रवीण कुमार, थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर ई. जी. बागे सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी-अपनी शिकायतों और मांगों के साथ उपस्थित हुए। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदन की क्रमवार समीक्षा करते हुए संबंधित आवेदकों से सीधे संवाद किया और समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली। तत्पश्चात उन्होंने मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए आवेदन अग्रसारित किए। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अबुआ आवास योजना की लंबित किस्त, कोविड-19 (2020) ड्यूटी के



बकाया भत्ते का भुगतान, दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने, अनाथ बच्चों के जन्म एवं आधार कार्ड बनवाने, दुकान किराया माफी, विद्युतीकरण, उकौली जाने वाले मुख्य पथ निर्माण तथा पेयजल एवं अन्य विषय से संबंधित समस्याएं सामने आईं। इसी क्रम में कुरडेग प्रखंड निवासी किशोर किंडो ने अपनी दिव्यांग पुत्री का प्रमाण पत्र बनवाने हेतु उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संबंधित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मौके पर ही उक्त दिव्यांग बालिका को व्हीलचेयर प्रदान कर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। पीड़ित पिता ने बताया कि वह पिछले 12 वर्षों से अपनी बेटी के इलाज और प्रमाण पत्र के लिए कई बार सिमडेगा सदर अस्पताल, रिम्स रांची तथा सदर रांची व अन्य अस्पतालों के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पाया था। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का शीघ्र और पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## मर्यादा के साथ मनाएं रामनवमी का पर्व : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : रामनवमी के पावन अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए पर्व को मयार्दा, शांति और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह पर्व आदर्शों और धार्मिक आस्था का प्रतीक है, इसलिए इसे गरिमा के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान खुशियों और सकारात्मक माहौल को प्राथमिकता दें। किसी भी प्रकार के उन्माद एवं अतिरेक में भड़काऊ भाषणों और अश्लील गानों से परहेज किया जाए, ताकि सामाजिक सौहार्द बना रहे। उन्होंने कहा कि जुलूस और शोभायात्राओं में महिलाओं और बच्चों की भागीदारी को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जाए। आयोजन कमेटी अपने सभी वोलेंटियर्स को पहचान पत्र दें और प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट का सख्ती से अनुपालन करें। उपायुक्त ने कहा कि आयोजन



के दौरान प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहेंगे और वह आपके सहयोग के लिए हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रशासन का सहयोग करें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखें हैं। आमजन किसी भी तरह की भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री के पोस्ट/प्रसार से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी जिला वासियों को रामनवमी पर्व की बधाई दी है।

## बोकारो में रामनवमी को लेकर कड़े इंतजाम, पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो में रामनवमी को लेकर बोकारो पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। गुरुवार को जिले में बड़े पैमाने पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाना था। इस दौरान पुलिस ने संभावित खतरों से निपटने की तैयारियों को परखा। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए शहर के विभिन्न संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में मॉक ड्रिल किया गया। पुलिस बल ने प्रमुख चौक-चौराहों और जुलूस मार्गों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस अभ्यास के माध्यम से किसी भी आपात स्थिति से निपटने की रणनीति को मजबूत किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान दंगा नियंत्रण,



भीड़ प्रबंधन और त्वरित कार्रवाई जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिसकर्मियों ने दंगारोधी उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने का अभ्यास किया। अधिकारियों ने जवानों को हर परिस्थिति में संयम और सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया। इस मॉक ड्रिल में सीडीपीओ, सिटी डीएसपी, चास थाना प्रभारी सहित जिले के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा तैयारियों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे स्पष्ट है कि प्रशासन किसी भी प्रकार की लापरवाही के मूड में नहीं है। पुलिस प्रशासन ने बताया कि रामनवमी के दौरान सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि किसी भी तरह की गलत सूचना से माहौल खराब न हो और शांति बनी रहे। शहर के प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

## गांव की महिलाओं ने सीखी कमाई की कला, मशरूम प्रशिक्षण बना सहारा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : डब्ल्यूसीएसएफ चैरिटीस्पिरिट फाउंडेशन के द्वारा झारखंड के खूँटी जिला अंतर्गत कर्रा प्रखंड के दिघादोन गांव में अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) महिलाओं के लिए दो दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, प्लांडू, रांची के सहयोग से संचालित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उन्हें आजीविका के नए अवसरों से जोड़ना तथा उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को मशरूम उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिसमें मशरूम की खेती के लिए आवश्यक वातावरण, बीज की



तैयारी, खाद्य सामग्री का चयन, देखभाल के तरीके तथा उत्पादन के बाद उसके सुरक्षित भंडारण और विपणन से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं को सरल और व्यावहारिक तरीके से समझाया गया। प्रशिक्षण को इस प्रकार से तैयार किया गया था कि महिलाएं इसे आसानी से समझ सकें और अपने स्तर पर इसका उपयोग कर सकें। इस कार्यक्रम में गांव की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए लगभग डेढ़ सौ इकाई मशरूम के पैकेट तैयार किए, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव के साथ-साथ आत्मविश्वास भी प्राप्त हुआ। इसी के साथ गांव में एक मशरूम उत्पादन केंद्र की भी शुरूआत की गई, ताकि महिलाएं नियमित रूप से उत्पादन कार्य से जुड़कर इसे एक स्थायी आजीविका के रूप में विकसित कर सकें। संस्था का मुख्य उद्देश्य है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण और उत्पादन केंद्र के माध्यम से गांव स्तर पर निरंतर रोजगार के अवसर विकसित किए जाएं, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनें, आत्मनिर्भर बनें और अपने परिवार तथा समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

## ओटो चालक का अपहरण सीसीटीवी में कैद, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो के बीएसटी थाना क्षेत्र के सेक्टर 1 स्थित राम मंदिर में गेट के पास से बुधवार की रात एक ऑटो चालक को जबरन कमर्शियल नंबर के बोलेरो में पांच लोगों ने बैठक अपहरण करने का काम किया है। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है जिसमें कुछ लोग ऑटो चालक गोलू कुमार को जबरन बोलेरो में बैठ कर ले जाते दिख रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी सुनील कुमार ने बताया कि जबरन एक व्यक्ति को गाड़ी में पांच लोग बैठ कर ले जाते देखा तो इसकी जानकारी लोगों को दी, लेकिन लोग लफड़े से बचने के लिए पुलिस को सूचना देने से मना कर दिया। लेकिन उसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। गोलू के पिता सतन राम ने बताया कि शाम को गोलू ने घर में फोन कर बताया कि वह घर आ रहा है। लेकिन कुछ ही देर बाद फुल दुकानदार से सूचना मिली कि गोलू को कुछ लोगों के द्वारा गाड़ी में बैठकर ले जाया गया है। पिता ने बताया कि गोलू का किसी से कोई विवाद पहले से नहीं है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं पुलिस सीटीसी टीवी में फुटेज के आधार पर गाड़ी एवं अपहरण करने वाले लोगों की पहचान में जुटी हुई है जल्द ही मामले में का खुलासा हो जाएगा। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि भीड़ भाड़ वाले इलाके में इस तरह की हिमाकत करना कहीं ना कहीं अपराधियों के बढ़ते मनोबल को दशार्ता है। पुलिस को अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी होगी जिससे इन अपराधियों में पुलिस का डर व्याप्त हो।

# कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी ने कुपोषण उपचार केंद्र का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोलेबिरा** : कोलेबिरा प्रभारी स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार ने कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित कुपोषण उपचार केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड की स्थिति देखी, कुपोषित बच्चों के परिजनों से बातचीत की और वार्ड में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों से उपचार तथा मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वार्ड की स्वच्छता, बिस्तर व वार्ड व्यवस्था, बच्चों के लिए उपयुक्त भोजन एवं पोषण सप्लीमेंट्स की उपलब्धता, औषधियों और



चिकित्सा उपकरणों की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। परिजनों से बातचीत में यह जाना गया कि उपचार के किस प्रकार की सुविधाएँ मिल रही हैं, उनके सवाल व सुझाव क्या हैं, और किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि केंद्र में नियमित रूप से चिकित्सकीय देखभाल की जा रही है और कुपोषित बच्चों को स्थानीय प्रोटोकॉल अनुसार इलाज एवं पोषण जागरूकता मुहैया कराई जा रही है।उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा के एमटीसी वार्ड में 10 बेड की उपलब्धता है किंतु 10 बच्चों के अलावा अगर और भी कुपोषित बच्चे ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचते हैं तो उन्हें वापस नहीं लौटाया जाता है और बेड उपलब्ध कराकर सभी बच्चों को भर्ती करते हुए ईलाज किया जाता है। डॉ कुमार ने आगे कहा कि कोलेबिरा सीएचसी के एमटीसी में कुपोषित बच्चों को भर्ती किया जाता है। कुपोषित मरीजों को मेनू आधारित खाना दिया जाता है साथ ही उनकी मां को भी खाना दी जाती है और 14 दिनों तक प्रतिदिन 130 के हिसाब से उनको 14 वां दिन कुल रकम दी जाती है।अभि एमटीसी में 15 बच्चे एडमीट हैं उनका समुचित ईलाज किया जा रहा है। डॉ मनोरंजन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड की तापमान व वेंटिलेशन व्यवस्था पूरी तरह से दुरूस्त की गई है ताकि बच्चों को आरामदेह माहौल मिले।पोषण आहार व सप्लीमेंट समय पर उपलब्ध कराई जाती है। एमटीसी वार्ड कुपोषित बच्चों के देखभाल हेतु स्वास्थ्य कर्मी हमेशा उपलब्ध रहते हैं। दवाओं और उपकरणों की नियमित आपूर्ति की जाती है। पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु सूचना एवं जागरूकता कार्यक्रमों लगातार कराए जाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध शराब के विरूद्ध चला छापामारी अभियान 440 किलो महुआ व 32 लीटर शराब नष्ट



**सिमडेगा** : जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। सिमडेगा जिला में अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार जागरूकता एवं छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में पिछले सप्ताह दिनांक- 19.03.26 से 25.03.26 तक थाना प्रभारी के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया गया है। अभियान के दौरान चार सौ चालीस (440) किलोग्राम जावा महुआ तथा बत्तीस (32) लीटर अवैध देशी शराब विनष्ट किए गए हैं, और अवैध शराब बनाने के लिए उपयोग होने वाली भट्ठी को भी विनष्ट किया गया है। सिमडेगा की जनता से अनुरोध है कि, अवैध शराब की रोकथाम एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सिमडेगा पुलिस का सहयोग करें। अपने आस पास के लोगों को जागरूक करें और अवैध शराब बनाने और बिक्री करने से संबंधित कोई भी सूचना नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) के मोबाईल पर निश्चित रूप से दें।

### सिमडेगा में अवैध विदेशी शराब का भंडाफोड़ 196 बोतल बरामद, आरोपी फरार



**सिमडेगा** : दिनांक-25.03.2026 को को गुप्त सुचना प्राप्त हुई कि, सिंहारजोर जामडीह के पास कृष्णा सिंह के घर में अवैध विदेशी शराब रखा गया है और उनके द्वारा अवैध तरीके से बेचने का काम किया जा रहा है। उक्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक महोदय सिमडेगा के निर्देशन में, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सिमडेगा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा दिनांक- 25.03.26 को जामडीह स्थित कृष्णा सिंह के घर एवं दुकान पर छापामारी कर तलाशी ली गई। छापामारी के क्रम में कुल मिलाकर छोटा-बड़ा 196 बोतल अवैध विदेशी शराब बरामद कर विधिवत जप्त किया गया। आरोपी कृष्णा सिंह, उम्र- 45 वर्ष, पे0- स्व0 जेठु सिंह, सा0- सिंहारजोर जामडीह, थाना- बांसजोर ओ0पी0, जिला- सिमडेगा घर से फिरार पाया गया जिसकी गिरफ्तारी हेतु छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

### चाईबासा में संगठन सृजन अभियान प्रशिक्षण शिविर शुरू



**सिमडेगा** : झारखंड और ओडिशा के जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के लिए आयोजित संगठन सृजन अभियान के तहत प्रशिक्षण शिविर 22 मार्च से शुरू हो चुका है। जो 31 मार्च तक चलेगा। इस प्रशिक्षण शिविर में सिमडेगा विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान भूषण बाड़ा ने आम लोगों से सीधे जुड़ने का अनोखा तरीका अपनाया। वे बिल्कुल आम नागरिकों की तरह मैजिक वाहन में सवार होकर गांव-गांव पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उनके इस सरल और जमीनी जुड़ाव की लोगों ने सराहना की। शिविर के दौरान विधायक ने अपनी बातों को भी मजबूती से रखा। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कार्यकताओं को सक्रिय रखने और आम जनता से लगातार संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। बताया गया कि शिविर के अंतिम दिन 31 मार्च को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के भी शामिल होने की संभावना है। जिससे कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया गया कि यह प्रशिक्षण शिविर संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

### बोकारो स्टील प्लांट के सीओ एवं सीसी विभाग ने रचा नया कीर्तिमान, रिकॉर्ड कोक उत्पादन हासिल

**बोकारो** : बोकारो स्टील प्लांट के कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स (सीओ एवं सीसी) विभाग ने उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए एक ही दिन में 538 ओवन पुशिंग कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया। यह उपलब्धि छह बैटरियों के संचालन के साथ प्राप्त की गई, जिससे संयंत्र के उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त ने सीओ एवं सीसी विभाग का दौरा कर बैटरी संख्या 5 एवं 6 के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। वर्तमान में बैटरी संख्या 5 में कोल्ड रिपेयर का कार्य चल रहा है, जबकि बैटरी संख्या 6 का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। अपने दौरे के दौरान दत्त ने 5 एवं 6 के कार्यस्थल का निरीक्षण किया और चल रहे कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने सीजीएम (सीओ एवं सीसी) सम्मेलन कक्ष में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर टीम को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने टीम को इसी उत्साह और गति को बनाए रखते हुए निरंतर उच्च स्तर का उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य महाप्रबंधक भास्कर प्रसाद ने इस सफलता का श्रेय टीम के अथक प्रयासों, शीर्ष प्रबंधन एवं केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता को बनाए रखते हुए हासिल की गई है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि सीओ एवं सीसी टीम भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रहेगी।

### बोकारो स्टील प्लांट में बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ सम्मान समारोह आयोजित

**बोकारो** : बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में फरवरी 2026 माह के लिए बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी तथा अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त उपस्थित थे। उनके साथ विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, मानव संसाधन विभाग के वरीय अधिकारी एवं पुरस्कार विजेता कार्मिक अपने परिजनों के साथ सम्मिलित हुए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने बल देते हुए कहा कि प्रत्येक चुनौतीपूर्ण कार्य को निष्पादित करते समय हमें यह सदैव स्मरण रखना चाहिए कि सुरक्षा सर्वोपरि है। अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त ने कार्मिकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में उनके परिवार का भी महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने आह्वान किया कि कर्मचारी दैनिक कार्यों के साथ-साथ नित नई चुनौतियों को स्वीकार करें और नवाचार के माध्यम से उनका समाधान खोजें ताकि संयंत्र के विकास की गति निरंतर बनी रहे।

## एक नजर

### कोलकाता के छात्रों ने किया फॉसिल्स पार्क का भ्रमण

**साहिबगंज:** जिले में सरोजिनी नायडू महिला महाविद्यालय के युजी एवं पीजी की दर्जनों छात्रा मण्डरो प्रखंड के फॉसिल्स पार्क का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान मॉडल कॉलेज राजमहल के प्रचार्य एवं भू वैज्ञानिक डॉ रंजीत कुमार सिंह ने फोसिल्स पार्क में मौजूद जीवशम के बारे में विस्तृत जानकारी दिया बताया की अपने अतीत के बारे में जानना है तो जीवशम को समझना पड़ेगा एवं उनका अध्ययन करना पड़ेगा,हमारी पृथ्वी एवं इनकी उतप्ति की रोचक जानकारी इन जीवशम से सरोकार रखती है,वहीं सरोजिनी नय्यूडू कॉलेज के छात्राओं ने पार्क में मौजूद म्यूजियम भी देखा तथा,विस्तृत जानकारी प्राप्त की, बताया की जीस प्रकार किताब से ज्ञान अर्जित करते हैं, यहाँ पार्क आकर भी छात्र इस जीवशम को देख कर इनके बारे में विस्तृत जानकारी हासिल कर सकते है,अंतत: कोलकाता से आई टीम ने इतने बढ़िया एवं रोचक जानकारी हेतु डॉ रंजीत कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ तुहीन रॉय,सहजगी अध्यापक हेड ऑफ डिपार्टमेंट जोगर्फी डॉ सत्यरूपा डेय अनामिका रॉय, चन्द्रिमा बंधोंध्याय देवांगना कावासी, छात्राओं में स्नेहा सरकार सांनंदा मिश्रा, साबोंती विश्वास, जनिपाल, सुहानी अहमन्द, सरोजनी न्यायडू महिला महाविद्यालय, दमदम, कोलकाता, दर्जनों छात्राएं मौजूद थी।

### बाइक चोरी मामले में दोषी को डेढ़ साल की सजा

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के मंझारी थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के एक मामले में न्यायालय ने गुरुवार को दोषी को छह माह की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने उसपर एक हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। यह मामला 21 अगस्त 2022 और कांड संख्या 56/2022 से संबंधित है। जानकारी के अनुसार गोला कोन्डाकेल पर हीरो पैशन प्रो बाइक चोरी करने का आरोप था। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। जांच के क्रम में पुलिस ने सभी आवश्यक साक्ष्य वैज्ञानिक तरीके से एकत्रित कर न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा की अदालत में हुई। सुनवाई के बाद गुरुवार को न्यायिक दंडाधिकारी पूजा पाण्डेय ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सजा सुनाई।

### महिला समिति ने सदर अस्पताल में मनाया कन्या उत्सव

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिला में नवरात्रि के पावन अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति ने गुरुवार को सदर अस्पताल में कन्या उत्सव का आयोजन किया। इस दौरान अस्पताल में जन्मी बच्चियों और उनकी माताओं के बीच वस्त्र, सज्जा सामग्री और खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष चंचल सराफ और सचिव निशा केडिया ने संयुक्त रूप से कहा कि नवरात्रि के दौरान कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है, लेकिन समाज में हर दिन महिलाओं का सम्मान होना चाहिए, तभी इस पर्व की सार्थकता सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि मां, पत्नी, बहन और बेटी के रूप में नारी हमेशा सम्मान की हकदार है। उन्होंने आगे कहा कि नवरात्रि शक्ति को जागृत करने का पर्व है और इन नौ दिनों में कन्या पूजन की परंपरा का विशेष महत्व है। कार्यक्रम के दौरान समिति की कोषाध्यक्ष किरण गोयल और सदस्य सीमा सुल्तानिया भी उपस्थित थीं। इसके अलावा सदर अस्पताल की एएनएम और कई माताएं भी इस कार्यक्रम में शामिल हुईं।

# साहिबगंज कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, छावनी में तब्दील हुआ परिसर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज स्थित व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। धमकी भरी ईमेल मिलते ही प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गईं। कोर्ट परिसर में मौजूद जज, अधिवक्ता और कर्मचारियों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक, एसडीपीओ, डीएसपी, सर्किल इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। देखते ही देखते पूरा कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील हो गया। सुरक्षा के कड़े इंतजाम करते हुए हर 5 फीट की दूरी पर जवानों की तैनाती की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए बम निरोधक दस्ता और



डॉग स्क्वॉड की टीमों को तुरंत मौके पर बुलाया गया। टीमों ने आधुनिक उपकरणों की मदद से कोर्ट परिसर के हर कोने की बारीकी से जांच की। संदिग्ध वस्तुओं की तलाश के लिए घंटों तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया। हालांकि प्रारंभिक जांच में किसी विस्फोटक की पुष्टि नहीं हुई है। सख्ती, हर व्यक्ति की जांच एहतियात के तौर पर कोर्ट परिसर में प्रवेश पूरी तरह नियंत्रित कर दिया गया। आने-जाने वाले हर व्यक्ति की सघन जांच की गई। सुरक्षा एजेंसियों ने आसपास के इलाकों में भी गश्त बढ़ा दी है ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। घटना की जानकारी मिलते ही उपायुक्त हेमंत सती मौके पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को हर स्तर पर सतर्क रहने का निर्देश दिया। प्रशासन का कहना है कि किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं लिया जाएगा और पूरी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। तकनीकी जांच में जुटी एजेंसियां धमकी भरी ईमेल के स्त्रोत का पता लगाने के लिए तकनीकी टीमों को लगाया गया है। साइबर विशेषज्ञ इस बात की जांच कर रहे हैं कि मेल कहां से भेजी गई और इसके पीछे कौन लोग शामिल हो सकते हैं। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है ताकि दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और स्क्वॉड टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। पूरे परिसर को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया और सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी प्रकार की हताहत की सूचना नहीं है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उपायुक्त हेमंत सती ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और हर पहलू की जांच की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया गया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## बरहरवा स्टेशन पर आरपीएफ की सतर्कता तीन नाबालिगों को दिल्ली भागने से रोका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की सतर्कता से तीन नाबालिग बच्चों को संभावित मानव तस्करी से बचाया गया। बुधवार की रात लगभग 20:20 बजे स्टेशन पर चेकिंग गश्त के दौरान तीन बच्चे संदिग्ध अवस्था में खड़े पाए गए। आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार को बच्चों ने पूछ-ताछ में बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण वे घर से भाग आए थे और गाजियाबाद दिल्ली जाकर मजदूरी करना चाहते थे। बच्चों की उम्र: 14, 16 और 17 वर्ष बताई जा रही है। सभी नाबालिग गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ थाना क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि बच्चों के पास बरहरवा से गाजियाबाद तक के वैध टिकट भी मिले हैं। बच्चों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्हें तत्काल आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाकर बाल संरक्षण (मंथन) राजमहल



को सूचित किया गया और आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत तीनों नाबालिगों को उनके सुपुर्द कर दिया गया। बाल संरक्षण, मंथन की प्रतिनिधि अंशु मालाकर ने बच्चों को उनके परिवार के सुपुर्द किया और आगे की कानूनी एवं संरक्षण संबंधी कार्रवाई सुनिश्चित की। आरपीएफ बरहरवा की सजगता एवं तत्परता से एक संभावित मानव तस्करी की घटना को समय रहते रोका गया। यह कार्रवाई न केवल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण साबित हुई, बल्कि समाज में जागरूकता और सतर्कता की आवश्यकता को भी उजागर करती है।

## ज्वेलरी दुकानदार से लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के राजमहल ज्वेलरी दुकानदार से हुए 80 हजार नकद व लाखों के गहने की लूट मामले का पुलिस ने घटना के महज 30 घंटे के भीतर ही उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में तीन अभियुक्तों को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार कर लिया है। तीन अभियुक्त अब भी फरार है। लूटे गये गहने व नकदी की बरामदगी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। घटना में इस्तेमाल हुए दो बाइक व एक स्कूटी को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। यह जानकारी एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय कक्ष में पत्रकारों को दी है। उन्होंने बताया कि बीते मंगलवार की रात करीब 8:00 बजे मसकलैया के गौतम कुमार स्वर्णकार अपने मंगलहाट स्थित ज्वेलरी दुकान को बंद कर बाइक से घर जा रहा था।




इसी दौरान एनएच 33 डेरगांमा-मुन्ना पटाल के बीच तीन बाइक पर सवार 6 नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर उनके हाथ से थैला छिन लिया। थैले में सोने-चांदी के गहने के अलावा 80 हजार रुपये नकद थे। उधर, घटना की सूचना मिलते ही कांड के उद्भेदन के लिए एसपी अमित कुमार सिंह ने एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया। छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजमहल थाना क्षेत्र के कसवा निवासी विष्णु मंडल, (32) नया बस्ती (टेकबथान) के भागवत कुमार मंडल (25) व सुकेश कुमार (26) को दबोच लिया। तीनों से पूछताछ में घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार कर ली। घटना में उपयोग किए गए दो बाइक व एक स्कूटी को भी जब्त कर लिया गया है। इनमें काला ब्लू रंग की एक स्कूटी के अलावा सादा काला रंग की अपाचे व काला लाल रंग की पल्सर बाइक है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## नो-एंट्री या नो-कंट्रोल ट्रकों की मनमानी से जाम में जकड़ा हिरणपुर बाजार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हिरणपुर :** जिले के हिरणपुर प्रखंड का मुख्य बाजार इन दिनों ट्रैफिक व्यवस्था की बदहाली का उदाहरण बनता जा रहा है। यहां नियमों से ज्यादा जुगाड़ सिस्टम चलता नजर आ रहा है। सुबह के समय, जब लोग सब्जी, फल और रोजमर्रा के सामान की खरीदारी के लिए बाजार पहुंचते हैं, उसी वक्त भारी वाहन–ट्रक और ट्रैक्टर–भी बेधड़क एंट्री कर जाते हैं। सुभाष चौक, मिशन रोड, रानीपुर चौक और दुर्गा मंदिर के आसपास का दृश्य ऐसा रहता है मानो सड़क नहीं, बल्कि ट्रकों का अस्थायी पार्किंग स्थल हो। नो-एंट्री का बोर्ड महज औपचारिकता बनकर रह गया है, जिसे चालक ह्रसुझावह्व समझकर अनदेखा कर देते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, भारी वाहनों के प्रवेश के लिए समय पहले से निर्धारित है, लेकिन



चालक इन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। सुबह के व्यस्त समय का फायदा उठाकर ट्रक सीधे बाजार में घुसते हैं, सामान उतारते हैं और निकलते समय वन-वे नियमों का भी उल्लंघन करते हैं। गुरुवार को स्थिति और भी गंभीर हो गई, जब सुबह-सुबह सुबास चौक पर एक ट्रक के प्रवेश करते ही पूरा इलाका जाम में तब्दील हो गया। छोटे से चौक और ऊपर से दुकानदारों के अतिक्रमण ने समस्या को और बढ़ा दिया, जिससे राहगीरों और खरीदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि पुलिस अधीक्षक निधि त्रिवेदी के निर्देश पर ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए गाइडलाइन जारी की गई है और कई चौक-चौराहों पर पुलिस बल भी तैनात है। इसके बावजूद बेसिक स्कूल और हाई स्कूल चौक के रास्ते भारी वाहनों की एंट्री ऐसे हो रही है, जैसे उन्हें विशेष अनुमति प्राप्त हो। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि ट्रैफिक नियम सिर्फ कागजों तक सीमित रहेंगे या जमीनी स्तर पर भी उनका पालन सुनिश्चित किया जाएगा। फिलहाल तो हिरणपुर बाजार की स्थिति यही बयां कर रही है कि यहां नो-एंट्री नहीं, बल्कि नो-कंट्रोल का राज चल रहा है।

## पाकुड़ की 11 हजार बच्चियों को लगेगा एचपीवी टीका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 11 हजार बच्चियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसको लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रखंड से सीआरपी को नोडल पदाधिकारी तथा प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक को नोडल बनाया जाए, ताकि टीकाकरण अभियान का सफल संचालन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में जानकारी दी गई कि एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीका सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में प्रभावी है। प्रथम चरण में 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष से कम आयु की बच्चियों को प्राथमिकता दी जाएगी। यह अभियान 01 अप्रैल से प्रारंभ होकर प्रारंभिक तीन माह तक कैंप मोड में संचालित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि एचपीवी टीका सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने का एक सुरक्षित एवं प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्षित आयु वर्ग की शत-प्रतिशत बच्चियों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए प्रशिक्षण, कोल्ड चेन, माइक्रो प्लानिंग, मॉनिटरिंग, लॉजिस्टिक्स, इंजेक्शन सेफ्टी एवं जागरूकता अभियान जैसे सभी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही एचपीवी टीकाकरण को लेकर फैली भ्रांतियों एवं आशंकाओं को दूर करने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने को कहा।

## तीनपहाड़-राजमहल में चोरी कांड का खुलासा तीन आरोपी गिरफ्तार, नकदी व औजार बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज पुलिस ने तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में हुए चोरी के दो बड़े मामलों का सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकदी, चोरी में प्रयुक्त औजार, कपड़े और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त अपराधियों की पहचान कर उन्हें दबोच लिया। यह कार्रवाई 9 मार्च 2026 की रात हुई चोरी की घटना के बाद की गई, जब डिलीवरी



एलटीडी कंपनी के कार्यालय और बजाज बाइक शोरूम को निशाना बनाया गया था। इस संबंध में तीनपहाड़ थाना में कांड संख्या 13/26 एवं 14/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) और 334(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी की गई।पुलिस ने तीन आरोपी रहिमुल शेख (जोंका, तीनपहाड़) चुन्नु शेख (जोंका, तीनपहाड़), सद्दाम शेख (बेगमपुरा, राजमहल) को गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर बड़ी मात्रा में सामान बरामद किया, 13,500 नकद (रहिमुल शेख के पास से), 73,000 नकद (सद्दाम शेख के पास से) घटना के समय पहने गए कपड़े, चोरी में प्रयुक्त औजार (सलाई रिंच, पेचकस, हेक्सा ब्लेड, लोहे का सब्बल), दो मोबाइल फोन (मोटोरोला एवं रियलमी कंपनी) अन्य कांडों में भी पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने तीनपहाड़ के अलावा राजमहल और बरहरवा थाना क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की घटनाओं में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। छापामारी दल में पु.नि. राजीव रंजन (राजमहल प्रभाग), पु.अ.नि. मृत्युंजय कुमार पांडेय (थाना प्रभारी, तीनपहाड़), पु.अ.नि. नितेश कुमार पांडेय (थाना प्रभारी, तालझारी), पु.अ.नि. हसनैन अंसारी (थाना प्रभारी, राजमहल), पु.अ.नि. नारद गहलौत, स.अ.नि. ललन रजवार, व अन्य पुलिस बल शामिल थे। पुलिस के अनुसार, चोरी की घटनाओं में शामिल अन्य अपराधियों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### बासमती में श्रद्धा का सैलाब, भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**अमड़ापाड़ा :** ज़िले के अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र के बासमती स्थित राधा गोविंद मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन की शुरुआत गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। दोपहर बाद निकाली गई इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला–पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रंग गया। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर आसपास के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः आयोजन स्थल पर पहुंची। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर भजन–कीर्तन के साथ यात्रा को आकर्षक बना दिया। रास्ते भर जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण गूंजता रहा। आयोजन समिति के अनुसार, अब 27 मार्च से नियमित रूप से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन प्रारंभ होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा। कथा वाचन के लिए वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक श्रद्धालुओं को भागवत महिमा का रसपान कराएंगे। प्रतिदिन दोपहर से देर रात तक कथा का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ठहरने, भोजन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके अलावा, जो लोग आयोजन स्थल तक नहीं पहुंच पाएंगे, उनके लिए कथा का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। समिति ने क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों से इस धार्मिक आयोजन में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। कार्यक्रम के सफल संचालन में मंदिर समिति के पदाधिकारी और स्थानीय ग्रामीण सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### राज्य स्तरीय खेल प्रतिभा चयन ट्रायल में पाकुड़ के 6 खिलाड़ियों का चयन




**पाकुड़ :** राज्य स्तरीय खेल प्रतिभा चयन ट्रायल 2025–26 के आधार पर पाकुड़ जिले के छह प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन झारखंड राज्य खेल प्रमोशन सोसाइटी, खेलगांव, रांची स्थित आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के लिए किया गया है। यह उपलब्धि जिले के लिए अत्यंत गौरव का विषय है तथा खेल जगत में जिले की बढ़ती पहचान को दर्शाता है। देव कुमार यादव (कुश्ती), विजय पहाड़िया (कुश्ती), बामना पहाड़िया (कुश्ती), मिथुन पहाड़िया (कुश्ती), शशि पहाड़िया (कुश्ती), याशना (बैडमिंटन – बालिका) सभी चयनित खिलाड़ी अंडर–14 आयु वर्ग के प्रशिक्षु हैं, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह उपलब्धि हासिल की है।प्रक्रिया पूर्ण करने को लेकर सभी चयनित खिलाड़ियों को निर्देशित किया गया है कि वे जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, पाकुड़ से अपने फॉर्म का सत्यापन कराकर झारखंड राज्य खेल प्रमोशन सोसाइटी कार्यालय, रांची में समय पर जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि आवासीय प्रशिक्षण की प्रक्रिया सुचारू रूप से प्रारंभ हो सके। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से जिले के खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों के बीच हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। यह चयन आने वाले समय में जिले के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगा। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अमलान कुसुम सिन्हा (बुलटी) एवं कुश्ती संघ के सचिव प्रकाश सिंह ने सभी चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### रामनवमी पर्व के अवसर पर जिले में आज ड्राई डे घोषित

**पाकुड़ :** जिला प्रशासन द्वारा आगामी रामनवमी पर्व के मद्देनजर कानून– व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके तहत दिनांक 27 मार्च को पूरे जिले में ड्राई डे घोषित किया गया है। इस दौरान जिले की सभी देशी एवं विदेशी शराब की दुकानें, बार एवं संबंधित प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रहेंगे। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील किया है कि वे रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें।

### कोटालपोखर में बजरंगबली पूजा को लेकर भव्य आयोजन, आज निकलेगा अखाड़ा जुलूस

**साहिबगंज :** बरहरवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोटालपोखर क्षेत्र में आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। श्री श्री बजरंगबली पूजा समिति, कोटालपोखर द्वारा 27 मार्च 2026 को कोटालपोखर रेल फाटक के समीप स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर में भव्य पूजा एवं अखाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से बताया गया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9:00 बजे विधिवत पूजा–अर्चना के साथ होगी। इसके पश्चात दोपहर 2:00 बजे आकर्षक अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु, युवा एवं समिति के सदस्य बड़ी संख्या में भाग लेंगे। समिति के अध्यक्ष प्रणव कुमार साह ने बताया कि बजरंगबली पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस पावन अवसर पर बढ़–चढ़कर हिस्सा लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है और समाज को संगठित एवं मजबूत बनाने में उनकी अहम भूमिका होती है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे कार्यक्रम के दौरान शांति एवं अनुशासन बनाए रखें तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित सभी दिशा–निदेर्शों का पालन करें। कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर हैं और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### लाठीचार्ज और आंसू गैस के बीच पुलिस का मॉक ड्रिल, दंगाइयों को सख्त संदेश



**साहिबगंज :** किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में पुलिस विभाग ने मॉक ड्रिल किया। इस दौरान एसपी अमित कुमार सिंह ने मॉक ड्रिल का अवलोकन कर कई आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही पुलिस जवानों की हौंसला अफजाई की। मॉक ड्रिल में जमकर लाठी चली व आंसू गैस के गोले भी दागे गए। पुलिस जवानों ने भीड़ से निपटने, लाठी चार्ज, आंसू गैस, वाटर कैनन व अन्य का अभ्यास किया। एसपी ने कहा कि पुलिस के जवान किसी भी परिस्थिति, अपराधी, दंगाइयों व हुड़दंगियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। लॉ एंड आर्डर बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। मौके पर डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, एसडीपीओ किशोर तिर्की, नगर इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, गंगा थाना प्रभारी लव कुमार, मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश पांडेय सहित अन्य थे।

संक्षिप्त डायरी

## पटना में गेमिंग ऐप से ठगी करने वाले 5 गिरफ्तार

**पटना (एजेंसी)** पटना पुलिस ने गेमिंग ऐप के जरिए ठगी करने वाले 5 शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग ऐप का इस्तेमाल कर लोगों को शिकार बनाते थे। अब तक लाखों रुपए की ठगी कर चुके हैं। गिरफ्तार ठगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के शिवपुरी इलाके से पांच शातिरों को एक फ्लैट से गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा कि सभी ठगों ने शिवपुरी को लंबे समय से अपना नया ठिकाना बनाया हुआ था और नेटवर्क को चला रहे थे। इस मामले में गिरोह 5 अन्य सदस्य फरार हैं, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## रामनवमी पर नितिन नवीन करेंगे 52 शोभायात्रा का सम्मान

**पटना (एजेंसी)** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार नितिन नवीन बतौर रामनवमी शोभायात्रा के संयोजक के तौर पर कार्यक्रम में शामिल होंगे। तैयारियों का जायजा लेने वह कल रात ही पटना भी पहुंच गए है। रामनवमी की शोभायात्रा के स्वागत के लिए डाक बंगला चौराहा पूरी तरह सज-धज कर तैयार है। पूरे क्षेत्र को दूधिया रोशनी और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। साथ ही बड़ा मंच बनाया गया है जिसपर नितिन नवीन के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा सहित तमाम एनडीए के नेता मौजूद रहेंगे। प्रकाश सज्जा- पूरे चौराहे को 'दुधिया रोशनी' और 'लेजर लाइट्स' से कवर किया गया है। विशेष रूप से बड़ी इमारतों पर डिजिटल मैपिंग के जरिए भगवान राम के जीवन प्रसंगों को दशार्या जा रहा है। भव्य प्रतिमाएं- चौराहे के मुख्य केंद्र पर भगवान श्री राम, महादेव शिव और वीर हनुमान की 40 से 50 फीट ऊंची विशाल प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इन मूर्तियों को विशेष फाइबर और मिट्टी के मिश्रण से बनाया गया है। यह पहली बार है जब इतनी विशाल और सजीव दिखने वाली मूर्तियों का यहां समागम हुआ है। पटना के विभिन्न कोनों (जैसे खाजपुरा, बोरिंग रोड, कंकड़बाग, और चौक) से 52 बड़ी शोभायात्राएं डाक बंगला पहुंचेंगी। हर साल की तरह, नितिन नवीन और अन्य अतिथि विभिन्न अखाड़ों से आने वाली झांकियों के संचालकों को 'पाग' (पगड़ी) और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करेंगे। इस बार झांकियों में अयोध्या के साधु-संतों के साथ-साथ दक्षिण भारत के वाद्य यंत्र वादक और बनारस के डमरू दल को भी आमंत्रित किया गया है। गंगा आरती टीम, मुंबई के प्रसिद्ध बैंड और झारखंड के नृत्य दल इस बार अपनी प्रस्तुति देंगी। आयोजकों के अनुसार डाक बंगला चौराहे और महावीर मंदिर के आसपास 5 से 7 लाख लोग जुटेंगे। सुरक्षा को लेकर पटना पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा डाक बंगला चौराहे पर एक अस्थायी हाई-टेक कंट्रोल रूम बनाया गया है। पूरे रूट पर 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही 10 हाई-रिजॉल्यूशन ड्रोन हवा से भीड़ की निगरानी करेंगे। गर्मी को देखते हुए पूरे रास्ते में 20 से अधिक मेडिकल कैंप और 'वाटर स्टेशन' (प्याऊ) लगाए गए हैं ताकि किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी न हो। भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और दंडाधिकारी तैनात किए जा रहे हैं।

## बाजार में खुलेआम बिक रहे नकली बीज, 10 फीसदी सैंपल जांच में फेल

**पटना (एजेंसी)** मुजफ्फरपुर सहित उत्तर बिहार के कई जिलों में नकली और अमानक बीज बिक्री का बड़ा मामला सामने आया है। मुशहरी स्थित क्षेत्रीय बीज विश्लेषण प्रयोगशाला की हालिया जांच रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि पिछले चार महीनों में जांचे गए कुल बीज नमूनों में करीब 10 प्रतिशत बीज अमानक पाए गए हैं। यह स्थिति किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है, क्योंकि पूरी खेती बीज की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। प्रयोगशाला की रिपोर्ट के अनुसार, एक अक्टूबर 2025 से इस साल 28 फरवरी के बीच 763 बीज नमूनों की जांच की गई। इनमें से 70 नमूने गुणवत्ता के मानकों पर खरे नहीं उतरे। ये नमूने जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बीज दुकानों और किसानों द्वारा जांच के लिए भेजे गए थे। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि अमानक पाए गए 70 नमूनों में से 68 बाजार और दुकानों से लिए गए थे, जबकि सरकारी स्तर से भेजे गए दो नमूने भी फेल पाए गए। जांच रिपोर्ट पटना स्थित कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर (निरीक्षण) ब्रजेश कुमार को भेज दी गई है। विभागीय अफसरों का कहना है कि मुख्यालय से निर्देश मिलने के बाद संबंधित बीज विक्रेताओं व कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नकली बीज विक्रय केंद्रों का भी पता लगाया जा रहा है। अमानक बीज वह बीज होता है जो सरकार द्वारा तय गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरता। जब किसी बीज की जांच होती है और उसमें कमियां पाई जाती हैं, तो उसे अमानक घोषित किया जाता है। अमानक बीज का सबसे बड़ा नुकसान किसानों को उठाना पड़ता है। ऐसे बीज से अंकुरण दर कम होती है, जिससे खेत में पौधे ठीक से विकसित नहीं हो पाते। कई बार बीज बिल्कुल नहीं उगते, जिससे किसान की पूरी फसल बर्बाद हो जाती है। यदि पौधे उग भी जाते हैं, तो उनकी गुणवत्ता कमजोर रहती है। इससे किसानों की लागत बढ़ जाती है, लेकिन उन्हें अपेक्षित उपज नहीं मिलती, जिससे आर्थिक नुकसान होता है। कर्ज लेकर खेती करने वाले किसानों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। बिहार के कई जिलों में नकली बीज का खेल चल रहा है। शिकायत पर प्रयोगशाला में इसकी जांच के बाद रिपोर्ट चौंकाने वाली रही। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रयोगशाला में मुजफ्फरपुर, सारण, सीवान, शिवहर, सीतामढ़ी और समस्तीपुर जिलों से बीज के सैंपल जांच के लिए भेजे जाते हैं। जांच रिपोर्ट के मुताबिक, सीतामढ़ी में सबसे अधिक 30 बीज नमूने अमानक मिले। इसके अलावा मुजफ्फरपुर में 15, सारण में 12, शिवहर और सीवान में चार-चार तथा समस्तीपुर में दो नमूने फेल पाए गए हैं। क्षेत्रीय बीज विश्लेषण प्रयोगशाला के सहायक निदेशक शष्य सर्वेंद्र किशोर ने बताया कि गेहूं, धान, मक्का के अलावा भिंडी, करेला, नेनुआ और कद्दू जैसे कई सब्जियों के बीजों की भी जांच की गई थी।

## पॉक्सो कोर्ट ने सीबीआई से अपडेट जांच रिपोर्ट मांगी

**पटना (एजेंसी)** नीट छात्रा मामले में पॉक्सो कोर्ट ने सीबीआई से अपडेट जांच रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने सीबीआई से पूछा है कि अबतक जांच में क्या हुआ? जांच कहां तक पहुंची? जांच में क्या-क्या साक्ष्य मिले? कहां पर जांच आकर अटकी है? सीसटीवी और वैज्ञानिक साक्ष्य में क्या-क्या आया? सीबीआई को कोर्ट ने आदेश दिया है कि 30 मार्च या उससे पहले जांच रिपोर्ट दें। 30 मार्च को कोर्ट में फिर सुनवाई होगी। इस मामले में छात्रा के परिजन के वकील एसके पांडेय ने पॉक्सो की विशेष अदालत में आवेदन दायर कर कांड की अद्यतन जांच रिपोर्ट की मांग की थी। सीबीआई इस केस की जांच करीब डेढ़ माह से कर रही है। एसआईटी ने हॉस्टल के मालिक मनीष रंजन को 16 जनवरी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार होने के बाद भी एसआईटी ने उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ नहीं की। सीबीआई ने भी उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करना उचित नहीं समझा। हालांकि छात्रा के परिजन के वकील ने कोर्ट में आवेदन दिया था कि मनीष को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाए। मनीष के मोबाइल का लोकेशन देखा जाए कि वह 5 और 6 जनवरी को कहां था। 5 जनवरी को छात्रा जहानाबाद स्थित गांव से हॉस्टल आई थी। 6 जनवरी को बेहोशी हालत में हॉस्टल में मिली थी। उसके बाद उसका इलाज तीन अस्पतालों में चला। 11 जनवरी को उसकी मौत हो गई थी।

# समृद्धि यात्राः नालंदा को 810 करोड़ की सौगात, नीतीश कुमार आज खोलेंगे विकास योजनाओं का पिटारा

### बिहारशरीफ में 'स्मार्ट' बदलावः मुख्यमंत्री करेंगे शानदार फ्लाईओवर का उद्घाटन, जाम से मिलेगी मुक्ति



**पटना (एजेंसी)** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी समृद्धि यात्रा के तहत नालंदा और पटना के दौरे पर हैं. आज इस अवसर पर मुख्यमंत्री नालंदा जिले के विकास के लिए 494 करोड़ की 106 योजनाओं का शिलान्यास एवं 316 करोड़ की 110 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे. : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पांचवा चरण के समृद्धि यात्रा का आज चौथा दिन है. मुख्यमंत्री आज 26 मार्च को जिले को विकास योजनाओं की बड़ी सौगात देंगे. नीतीश कुमार के इस आगमन को लेकर पूरे नालंदा में सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं. जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है, बिहारशरीफ आज पूरी तरह से सज-धज कर तैयार है. बिहारशरीफ में होगा भव्य स्वागत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सुबह करीब 10:30 बजे हेलीकॉप्टर के जरिए बिहारशरीफ पहुंचेंगे. उनकी लैंडिंग के लिए नालंदा कॉलेज और सोगरा हाई स्कूल परिसर में विशेष अस्थायी हेलीपैड बनाए गए हैं. यहां से वे सीधे सड़क के रास्ते पुराना रांची रोड के लिए रवाना होंगे. इस यात्रा का सबसे मुख्य आकर्षण स्मार्ट सिटी योजना के तहत निर्मित शानदार फ्लाईओवर का उद्घाटन होगा, जो एलआईसी भवन से सोगरा कॉलेज मोड़ तक यातायात को सुगम बनाएगा. मुख्यमंत्री द्वारा इस फ्लाईओवर के लोकार्पण के साथ ही शहरवासियों को जाम की बड़ी समस्या से मुक्ति मिल जाएगी. रिवर फ्रंट का निरीक्षण फ्लाईओवर के उद्घाटन के बाद नीतीश कुमार कोसुक गांव के पास पंचाने नदी पर विकसित किए जा रहे अत्याधुनिक रिवर फ्रंट का निरीक्षण करेंगे. मुख्यमंत्री का सपना इस क्षेत्र को पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित करना है. इसके तुरंत बाद, वे पुराने स्टेडियम पहुंचेंगे जहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे. इसी मंच से मुख्यमंत्री जिले की सैकड़ों छोटी-बड़ी योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन रिमोट के जरिए करेंगे. संभावित योजनाओं में पंचायत सरकार भवन, स्मार्ट स्कूल, जीविका भवन और नए खेल मैदान शामिल हैं, जो ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करेंगे. जनसभा और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक जनसभा के समापन के बाद मुख्यमंत्री जिले के आला अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे. इसके लिए स्टेडियम परिसर के पिछले हिस्से में एक अत्याधुनिक सभागार तैयार किया गया है. इस बैठक में न केवल वर्तमान योजनाओं की प्रगति जांची जाएगी, बल्कि सरमेरा में प्रस्तावित कृषि अनुसंधान सह प्रशिक्षण केंद्र जैसी भविष्य की बड़ी परियोजनाओं पर भी चर्चा होगी. नालंदा का दौरा संपन्न कर मुख्यमंत्री शाम को पटना लौटेंगे, पटना जिले के लिए मुख्यमंत्री 473 करोड़ की लागत वाली 761 योजनाओं का उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगे. साथ ही, भविष्य की जरूरतों को देखते हुए 583 करोड़ की 612 नई योजनाओं का शिलान्यास भी किया जाएगा.

## बिहार में 48 घंटे बाद फिर गिरेगा पारा, बारिश और आंधी की चेतावनी

**पटना (एजेंसी)** बिहार में 48 घंटों के बाद तापमान में गिरावट होने की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग के मुताबिक, 27 और 28 मार्च को राज्य में मौसम बिगड़ा रह सकता है. तापमान में लगभग एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है. बिहार के मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है. अभी बारिश या फिर आंधी का दौर थमा हुआ है लेकिन तापमान में कुछ खास बढ़ोतरी नहीं होने की वजह से गर्मी से राहत मिली हुई है. इस बीच मौसम विभाग की माने तो, राज्य में अगले 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है. लेकिन, इसके ठीक बाद अधिकतम तापमान में गिरावट होने का पूवार्नुमान है. न्यूनतम तापमान में भी 48 घंटे के बाद गिरावट होने का पूवार्नुमान है. मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, लगभग जिलों में अब दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगा, लेकिन 48 घंटों के बाद एक बार फिर मौसम में होने वाले बदलाव से तापमान में गिरावट होगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी. जबकि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के किशनगंज जिले के एक या दो जगहों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. लेकिन बाकी के जिलों का मौसम शुष्क बना रहा. 27 और 28 मार्च को अलर्ट मौसम विभाग की ओर से 27 मार्च को कुछ जिलों में ऑरेंज तो कुछ जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. पूरे बिहार में मौसम बिगड़े रहने की संभावना है. इस दौरान बारिश, ठनका गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है. जबकि 28 मार्च को येलो अलर्ट जारी किया गया है. 28 मार्च को पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, पटना, नालंदा, लखीसराय, मुंगेर, शेखपुरा, जमुई, बांका, जहानाबाद, नवादा और गया में चेतावनी जारी की गई. बिहार में मौसम बिगड़ने की वजह मौसम वैज्ञानिकों की माने तो, राज्य में मौसम बिगड़ने का कारण मजबूत पश्चिमी विक्षोभ और दक्षिणी हवाओं का असर है. इसी की वजह से कहीं बारिश तो कहीं तेज हवाएं चलने की स्थिति बन रही है. यह भी संभावना जताई जा रही है कि यह पूरा सिस्टम 30 मार्च तक एक्टिव रह सकता है. बारिश की वजह से ही तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा सकेगी.

## मुंगेर-मिर्जा चौकी रोड पर अप्रैल से दौड़ेंगी गाड़ियां, जाम की झंझट से मिलेगा छुटकारा

**पटना (एजेंसी)** मुंगेर-मिर्जा चौकी सड़क के टू-लेन का निर्माण अप्रैल महीने में पूरा हो जाएगा. सड़क के बनने से लोगों को जाम की परेशानी से छुटकारा मिल सकेगा. मुंगेर से भागलपुर के बीच लोगों का आना-जाना आसान हो जाएगा. भागलपुर से मिर्जा चौकी तक पेव्ड शोल्डर के साथ बन रही दो लेन वाली सड़क का निर्माण अगले महीने अप्रैल में पूरा हो जाएगा. इस सड़क के बन जाने से स्थानीय लोगों को जाम समेत दूसरी अन्य कई परेशानियों से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाएगा. साथ ही मुंगेर से भागलपुर के बीच आने-जाने वाले लोगों को सफर में भी काफी सहूलियत मिलेगी. इस वजह से डैमेज हो गई थी सड़क भागलपुर से मिर्जा चौकी को जोड़ने वाली लगभग पांच मीटर चौड़ी सड़क 2018 में बाढ़ आने की वजह से कई जगहों पर डैमेज हो गई थी. इस सड़क पर ट्रैफिक का इतना दबाव रहता है कि मुंगेर से भागलपुर, भागलपुर से कहलगांव और उसके आगे तक सफर करने में लोगों को काफी परेशानी होती है. सड़क के निर्माण के लिए भागलपुर इंडस्ट्री ट्रक एसोसिएशन के अलावा कई संगठनों ने मांग की थी. ऐसे में अब अप्रैल में सड़क बनकर तैयार हो जाएगी.क्या होता है पेव्ड शोल्डर? रोड में पेव्ड शोल्डर का मतलब यह होता है कि मेन रोड (कैरेजवे) के दोनों किनारों पर पक्की या कंक्रीट की पट्टी बनी होती है, जो मेन लेन से सटी होती है. यह इमरजेंसी स्टॉपिज, गाड़ियों के लिए एक्स्ट्रा जगह, सुरक्षा बढ़ाने और मेन रोड को किनारे से टूटने से बचाने के लिए बनाई जाती है. सफर के दौरान लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क बनाई गई है. बख्तियारपुर-ताजपुर फोरलेन का निर्माण अगले साल होगा पूरा बिहार में रोड कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है

## रामनवमी शोभायात्रा पर SP की रहेगी नजर, 1500 जवान तैनात, LED स्क्रीन पर कर सकेंगे लाइव दर्शन



**पटना (एजेंसी)** पटना में रामनवमी पर सुरक्षा व्यवस्था टाइट कर दी गई है. शोभायात्रा पर एसपी खुद ही नजर रखेंगे. पटना में महावीर मंदिर के पट रात दो बजे ही खुल जायेंगे. इसके अलावा लोग एलईडी स्क्रीन पर लाइव दर्शन भी कर सकेंगे. बिहार के अलग-अलग जिलों में रामनवमी के मौके पर शोभायात्रा निकाली जाएगी. इससे पहले सुरक्षा को लेकर तैयारी कर ली गई है. पुलिस मुख्यालय ने सभी जिले के एसपी को शोभायात्रा जुलूस पर नजर रखने का आदेश दिया है. मुख्यालय ने पिछले तीन सालों में रामनवमी के मौके पर हुए उपद्रव वाली जगहों को जैसे कि गया, रोहतास, नालंदा, दरभंगा, नवगछिया और खगड़िया पर खास नजर रखने को कहा है. साथ ही सोशल मीडिया पर भी नजर रखने का आदेश जारी किया गया है. पटना में LED स्क्रीन पर लाइव दर्शन पटना में महावीर मंदिर के पट को गुरुवार की रात 2 बजे ही खोल दिया जाएगा. इसके बाद आरती खत्म होते ही श्रद्धालुओं के लिए दर्शन शुरू हो जायेंगे. इस दौरान भीड़ को कंट्रोल करने के लिए 20 बड़े एलईडी स्क्रीन मंदिर परिसर और बाहर लगाई गई है. इसके जरिए मंदिर के बाहर लाइन में खड़े श्रद्धालु भी लाइव दर्शन कर सकेंगे. श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए जगह-जगह पानी, रोशनी, टॉयलेट, मेडिकल टीम और एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गई है. सुरक्षा को लेकर ऐसी है व्यवस्था मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इस बार तीन लेयर में व्यवस्था लागू की गई है. मंदिर परिसर और उसके आस-पास काफी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी मॉनीटरिंग मॉडर्न कंट्रोल रूम से की जाएगी. महावीर मंदिर टीओपी को भी मॉनीटरिंग हब के रूप में विकसित किया गया है, जहां पुलिस अधिकारी लगातार नजर रखेंगे. पूरे शहर के धार्मिक जगहों पर ड्रोन से निगरानी महावीर मंदिर के अलावा शहर के प्रमुख धार्मिक जगहों जैसे कि डाक बंगला चौराहा, राजवंशी नगर हनुमान मंदिर और पटना सिटी के जल्ला हनुमान मंदिर पर विशेष चौकसी बरती जा रही है. सेंसिटिव इलाकों में पुलिस ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी रख रही है. एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि शहर में करीब 1500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है. इसमें अन्य जिलों से आए अतिरिक्त बल भी शामिल हैं. बिहार में BJP 8 दिनों तक मनाएगी स्थापना दिवस, जानिए हर एक दिन का शेड्यूल

## बिहार में CO-राजस्व अफसरों की लिस्ट हो रही तैयार, काम पर नहीं लौटने पर कार्रवाई की तैयारी



**पटना (एजेंसी)** राजस्व विभाग के उन सीओ और अफसरों की लिस्ट तैयार की जा रही है जो अल्टीमेटम देने के बावजूद काम पर नहीं लौटे हैं. हड़ताल कर रहे कर्मियों को डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने बुधवार शाम तक ही काम पर लौटने की चेतावनी दी थी. बिहार के डिप्टी सीएम सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय सिन्हा ने हड़ताल कर रहे कर्मियों को अल्टीमेटम दिया था. उन्होंने कहा था कि अगर हड़ताल कर रहे सीओ और राजस्व अफसर बुधवार शाम तक काम पर लौट आते हैं तो उन पर कोई कार्रवाई नहीं होगी. ऐसे में अब उन कर्मियों की नौकरी पर खतरा मंडराने लगा है, जो अपने काम पर नहीं लौटे हैं. सीओ-राजस्व अफसरों की तैयार हो रही लिस्ट जानकारी के मुताबिक, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से उन सीओ और राजस्व अफसरों की लिस्ट तैयार की जा रही है, जो बुधवार शाम तक काम पर नहीं लौटे हैं. संभावना जताई जा रही है कि कर्मियों को सस्पेंड किया जा सकता है या फिर इसके अलावा कोई अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है. अब इंतजार विभाग के फैसले का किया जा रहा है. मंत्री विजय सिन्हा ने किया था क्लियर मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने यह क्लियर किया था कि नियमों के खिलाफ जाकर किया गया यह विरोध प्रदर्शन अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. बिहार राजस्व सेवा के अधिकारियों का 9 मार्च से सामूहिक अवकाश पर जाना प्रशासनिक व्यवस्था को चुनौती देने जैसा है, जिससे आम जनता को भारी असुविधा हो रही है. विभाग के अपर सचिव ने क्या कहा था? सरकार ने केवल चेतावनी ही नहीं दी है, बल्कि कार्रवाई का पूरा रोडमैप भी तैयार कर लिया है. विभाग के अपर सचिव आजीव वत्सराज के ओर से जारी लेटर के अनुसार, निर्धारित समयसीमा के बाद भी काम से गायब रहने वाले कर्मियों पर ह्यसेवा टूटह्न की कार्रवाई हो सकती है. इसके अलावा उनके वेतन में कटौती और अन्य विभागीय जांच भी शुरू की जा सकती है.

## बिहार में पहली बार प्रवासी मजदूरों का डेटाबेस होगा तैयार, पटना में बनेगा कॉल सेंटर



**पटना (एजेंसी)** बिहार के प्रवासी मजदूरों के लिए पहली बार डेटाबेस तैयार किए जाने की प्लानिंग है. इसके साथ ही उनकी मदद के लिए पटना में कॉल सेंटर भी बनाया जाएगा, जिसके टॉल फ्री नंबर पर फोन कर सकेंगे. कॉल सेंटर के लिए टेंडर भी निकाल दिया गया है. देश के अलग-अलग राज्यों में काम कर रहे बिहार के मजदूरों के लिए पटना में कॉल सेंटर बनाया जाएगा. एक बार टेंडर फाइनल हो जाने के बाद मजदूरों के लिए टॉल फ्री नंबर जारी किया जाएगा. किसी भी राज्य में रहते हुए इस नंबर पर फोन करके मजदूर कोई भी मदद मांग सकेंगे. कॉल सेंटर के लिए टेंडर भरने की आखिरी तारीख 21 अप्रैल है. इससे पहले कंपनियां ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं. विभाग ने तैयार किया ये एप इसके साथ ही बिहार में पहली बार प्रवासी मजदूरों के लिए डेटाबेस भी तैयार किया जाएगा. यह मजदूरों के आधार नंबर से लिंक होगा. इसके लिए श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग की ओर से एक एप तैयार किया गया है. एप की सुरक्षा ऑडिट की जा रही है. यह काम पूरा होने के बाद मजदूरों के डेटाबेस को तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा. क्या मानना है विभाग के अधिकारियों का? श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के अधिकारी के मुताबिक, बिहार के मजदूरों के लिए पहली बार यह योजना बनाई गई है. एप में राज्य के सभी प्रवासी मजदूरों की लिस्ट रहेगी. इसके जरिए किसी भी सिचुएशन में तत्काल प्रवासी मजदूरों के बारे में जानकारी लेने में सुविधा हो सकेगी. पहले भी प्रवासी मजदूरों का हुआ था रजिस्ट्रेशन जानकारी के मुताबिक, इससे पहले भी प्रवासी मजदूरों का रजिस्ट्रेशन किया गया था. लेकिन उसे बीच में ही रोक दिया गया और अब नए सिरे से मजदूरों की लिस्ट बनाई जाएगी. इसमें मजदूरों के आधार नंबर को भी लिंक किया जाएगा. इतना ही नहीं, प्रवासी मजदूरों के लिए प्रवासी श्रमिक सहायता केंद्र भी खोले जाने की प्लानिंग थी लेकिन इस काम को भी बीच में ही रोक दिया गया था.

## बिहार में इन 4 शहरों में नए एयरपोर्ट को मिली मंजूरी, बदल जाएगी प्रदेश की तस्वीर



**पटना (एजेंसी)** केंद्र सरकार ने देशभर में 100 नए एयरपोर्ट विकसित करने की योजना को मंजूरी दी है, जिसमें बिहार के चार शहर गोपालगंज, बेगूसराय, भागलपुर और छपरा को शामिल किया गया है. बिहार के विकास की उड़ान अब और ऊंची होने वाली है. केंद्र सरकार ने राज्य की हवाई कनेक्टिविटी को नया विस्तार देते हुए एक ऐतिहासिक फैसला लिया है. केंद्रीय कैबिनेट ने देशभर में 100 नए हवाई अड्डे विकसित करने के महत्वाकांक्षी प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है, जिसमें बिहार के चार महत्वपूर्ण शहरों को भी शामिल किया गया है. इस फैसले के बाद अब इन जिलों के लोगों को हवाई सफर के लिए पटना या दरभंगा के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, बल्कि उनके अपने शहर से ही विमान उड़ान भरेंगे. इन शहरों को मिले नए एयरपोर्ट बिहार में अब तक प्रमुख रूप से पटना और दरभंगा एयरपोर्ट ही यात्रियों का भार संभाल रहे थे, जबकि गया और पूर्णिया में भी हवाई सुविधाएं सीमित रूप से उपलब्ध थीं. लेकिन अब गोपालगंज के ऐतिहासिक सबेया हवाई अड्डे, बेगूसराय के उलाओ, भागलपुर और छपरा शहर में आधुनिक एयरपोर्ट के निर्माण से प्रदेश का बुनियादी ढांचा पूरी तरह बदल जाएगा. इन नए केंद्रों के जुड़ने से न केवल आम यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी, बल्कि राज्य का ह्यहवाई नक्शाह्न भी पहले से कहीं अधिक मजबूत और सुव्यवस्थित नजर आएगा. सोनपुर के लिए भी खुशखबरी राज्य के अन्य हिस्सों में भी बुनियादी ढांचे को रफ्तार दी जा रही है. पूर्णिया में सिविल टर्मिनल के निर्माण और मुजफ्फरपुर के पताही हवाई पट्टी के पुनरुद्धार की प्रक्रिया अब अंतिम चरणों में है. सारण जिले के सोनपुर में भी नए एयरपोर्ट बनाने को मंजूरी दे दी गई है. सरकार का लक्ष्य है कि बिहार के हर कोने को हवाई मार्ग से जोड़ा जाए ताकि विकास की धारा हर घर तक पहुंच सके. कनेक्टिविटी से बदलेगा बिहार का नक्शा अभी तक बिहार में पटना और दरभंगा प्रमुख हवाई केंद्र रहे हैं, जबकि गया और पूर्णिया में भी सीमित स्तर पर सेवाएं उपलब्ध हैं. अब इन चार नए शहरों के जुड़ने से हवाई नेटवर्क का विस्तार होगा और यात्रा पहले से अधिक आसान हो जाएगी. सरकार का मानना है कि एयरपोर्ट निर्माण से सिर्फ यात्रा ही नहीं, बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी गति मिलेगी. भागलपुर जैसे ऐतिहासिक और औद्योगिक शहर को इससे खास फायदा होगा, वहीं बेगूसराय और गोपालगंज जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी. इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे. बिहार लंबे समय से बेहतर कनेक्टिविटी की मांग करता रहा है. ऐसे में एक साथ कई एयरपोर्ट प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलना राज्य के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है. आने वाले वर्षों में यह पहल बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में अहम भूमिका निभा सकती है

# चार्ली चैपलिन की अपील : युद्ध ख़त्म करो शांति के मार्ग पर चलो

## -नो वार की तख्ती और गुलाब का फूल लेकर लोगों में उत्साह जगा रहें




पटना (बिहार) (एजेंसी)। चार्ली चैपलिन द्वितीय हीरो राजन कुमार ने ईरान-इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध को रोकने की अपील की हैं। वह पटना में भगवान बुद्ध की मूर्ति के सामने खड़े होकर लोगों की समस्या को देखते हुए युद्ध को तत्काल रोकने का निवेदन कर रहे हैं।हीरो राजन कुमार एक कलाकार के साथ - साथ एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं।वह सदैव सामाजिक मुद्दों पर जनहित में आवाज उठाते हैं। दुनियाभर में युद्ध के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं,जिसमें 1000 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन हो चुके हैं। लंदन में 30,000 से ज्यादा लोगों ने सड़कों पर उतरकर युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया, जबकि मैड्रिड, एथेंस, एम्स्टर्डम, एडिनबर्ग, मॉन्ट्रियल, जर्मनी और ऑस्ट्रिया में भी विरोध प्रदर्शन तेज हुए हैं। चार्ली चैपलिन द्वितीय का युद्ध ख़त्म करने को लेकर अपील का अंदाज़ हाथ में नो वार की तख्ती और गुलाब का फूल लेकर लोगों में उत्साह जगा रहें हैं।

# नाबालिगों के यौन शोषण मामले में फंसे बीजेपी नेता के बेटे के खिलाफ जांच तेज

## -गोवा के डीजीपी ने क्राइम ब्रांच को सौंपा मामला, बोले- निष्पक्षता से होगी जांच

पणजी (एजेंसी)। गोवा पुलिस ने नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के गंभीर आरोपों में फंसे बीजेपी पार्षद के बेटे सोहम नाइक के खिलाफ अपनी जांच तेज कर दी है।मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अब यह मामला क्राइम ब्रांच को सौंपा गया है। गोवा के डीजीपी ने जनता और पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिया है कि पुलिस बिना किसी दबाव के निष्पक्षता से काम कर रही है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डीजीपी ने कहा कि इस मामले को क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर करने के पीछे ठोस कारण हैं। यह मामला अत्यंत संवेदनशील है और इसमें कई कड़ियों को जोड़ने के लिए गहराई से तफ्तीश की जरूरत है। स्थानीय थानों पर कानून-व्यवस्था का भारी बोझ होता है, जबकि क्राइम ब्रांच का मुख्य ध्यान केवल जांच पर केंद्रित रहता है। जटिल आपराधिक मामलों को सुलझाने के लिए क्राइम ब्रांच के पास विशेषज्ञता और ज्यादा समय उपलब्ध होता है।आरोपी के राजनीतिक रसूख को लेकर उठ रहे सवालों पर डीजीपी ने भरोसा दिलाया कि गोवा पुलिस तेजी से और निष्पक्ष जांच कर रही है। किसी के मन में कोई शक नहीं होना चाहिए। अगर कोई बड़ा डेवलपमेंट होता है, तो इसकी जानकारी दी जाएगी। फिलहाल सोहम नाइक पुलिस की गिरफ्त में है और क्राइम ब्रांच उन सभी नाबालिगों से जुड़े सबूत जुटा रही है जिनका शोषण किए जाने का आरोप है। पुलिस इस मामले में किसी भी बड़े नेटवर्क या अन्य संदिग्धों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

# अलग-अलग जगह से 30 लाख से ज्यादा का नशा पकड़ा, राजस्थान में 5 बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) नशे के खिलाफ एक बड़े अभियान के तहत एक ही दिन में प्रदेश के विभिन्न जिलों में पांच बड़ी कार्रवाई कर करीब 30 लाख 32 हजार रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए। इस ऑपरेशन में कुल 4 किलो अफीम, 15 किलो गांजा और 18 किलो डोडा पोस्त बरामद किया। यह अभियान एडीजी दिनेश एमएन के मार्गदर्शन और आईजी विकास कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। भीलवाड़ा के मांडल क्षेत्र में पुलिस ने चित्तौड़गढ़ निवासी मुकेश कुमार ढोली को 2.058 किलो अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया, जो जयपुर सप्लाई करने की तैयारी में था। श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ इलाके में माणकसर ओवरब्रिज के पास योगेश कुमार अरोड़ा को 1.062 किलो अफीम और 15.04 किलो डोडा पोस्त के साथ पकड़ा गया। बाड़मेर के धनाऊ में 'श्री बजरंग बली एंटरप्राइजेज' नामक किराना दुकान से अवैध नशे का कारोबार करने वाले देराजराम जाट को बोगस ग्राहक के जरिए 690 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। बारां में बीना-कोटा पैसेंजर ट्रेन से नशा ला रहे मलखान माली को रेलवे स्टेशन पर 15.282 किलो गांजे के साथ पकड़ा गया। हनुमानगढ़ के टिब्बी थाना क्षेत्र में मलखेड़ा गांव के पास एक क्रेटा कार से प्रशिक्षित स्निफर डॉग की मदद से 2.600 किलो डोडा पोस्त बरामद किया।

# कोलकाता में पार्टी के दौरान दो गुटों में जबरदस्त फायरिंग, टीएमसी समर्थक ने तोड़ा दम

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता में एक पार्टी के दौरान हुई हिंसक घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी। कोलकाता के वार्ड नंबर 101 में दो गुटों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि गोलाबारी शुरू हो गई। इस घटना में 36 वर्षीय राहुल दे की मौत हो गई, जबकि जीत मुखर्जी गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना रात करीब 12-30 बजे की है, जब एक इमारत की छत पर पार्टी चल रही थी। बताया गया कि जीत मुखर्जी ने अपने घर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें राहुल को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कुछ लोग छत पर बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान अचानक विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते फायरिंग हो गई। मौके से कई खाली कारतूस बरामद किए गए हैं, जिससे साफ है कि कई राउंड गोलियां चलाई गईं। प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि विवाद पैसों के बंटवारे को लेकर हुआ हो सकता है। घटना के बाद वहां मौजूद अन्य लोग डरकर भाग गए। पड़ोसियों ने गोली चलने की आवाज सुनकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तब तक राहुल और जीत दोनों घायल अवस्था में पड़े थे।

# एनएफआर के महाप्रबंधक द्वारा कई स्थानों पर किया गया निरीक्षण, विकास कार्यों के निष्पादन में आएगी तेजी

एजेंसी

**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने 24 मार्च 2026 को लामडिंग मंडल के अधीन विभिन्न सेक्शनों में बुनियादी ढांचे के विकास, संरक्षा प्रणालियों तथा यात्री सुविधाओं की समीक्षा के लिए व्यापक निरीक्षण किया। उनके साथ पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, मुख्यालय तथा मंडल के वरिष्ठ अधिकारी भी थे। चल रहे विभिन्न विकास पहलों एवं परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया, ताकि एनएफआर के रणनीतिक दृष्टिकोण और परिचालन प्राथमिकताओं के अनुरूप उसकी निरंतर प्रगति सुनिश्चित की जा सके।

सुबह कामाख्या से प्रारंभ हुए इस निरीक्षण में लामडिंग, दिफू तथा बड़पथार सहित प्रमुख स्थान शामिल थे। लामडिंग में महाप्रबंधक ने रिलीफ यार्ड में प्रस्तावित लोको मिड-लाईफ रिहबिलिटेशन प्रोजक्ट की समीक्षा की, जिसका उद्देश्य इंजन की दक्षता तथा दीर्घकालिक परिचालन स्थिरता को बढ़ाना है।



बोकाजान और बड़पथार के बीच 31.3 कि.मी. मार्ग पर सफल स्पीड ट्रायल में 120 किमी/घंटा तक की गति हासिल की गई, जिसमें सभी सुरक्षा प्रतिबंधों का पालन किया गया। यह पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की क्षमता वृद्धि, ट्रैक मानकों तथा सुरक्षित ट्रेन परिचालन पर निरंतर ध्यान को दशार्ता है।

दिफू में, उन्होंने कई महत्वपूर्ण यात्री-केंद्रित तथा संरक्षा-वर्धक पहलों का मुआयना किया तथा उन पहलों का प्रदर्शन भी किया गया। इनमें दिफू-दलदली के बीच इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग डबल सेक्शन प्रणाली शामिल था, जो 10 कि.मी. सेक्शन में परिचालन संरक्षा को काफी मजबूत करता है। स्टेशन सुरक्षा तथा यात्री विश्वास को और अधिक बढ़ाने के लिए सीसीटीवी निगरानी प्रणालियों की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त, समपार फाटक संख्या एसटी-58 को प्रतिस्थापित करने वाले नवनिर्मित रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का भी निरीक्षण किया गया, जो सुरक्षा में सुधार, निर्बाध सड़क-रेल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने तथा भीड़भाड़ कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बड़पथार स्टेशन पर महाप्रबंधक ने विस्तृत निरीक्षण कर समपार फाटकों पर डेटा एवं वॉइस रिकॉर्डिंग सिस्टम सहित आधुनिक प्रौद्योगिकियों की कार्यप्रणालियों का अवलोकन किया। संरक्षा तथा रखरखाव मानकों को सुनिश्चित करने के लिए प्वाइंट्स एवं क्रॉसिंग्स, लॉन्ग वेल्डेड रेल्स तथा स्विच एक्सपैंशन ज्वाइंट्स जैसे महत्वपूर्ण ट्रैक घटकों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने फील्ड कर्मियों के साथ बातचीत कर उनलोगों के कार्यनिष्ठा की सराहना की तथा संरक्षा, दक्षता एवं टीम वर्क पर जोर दिया। प्रमुख इंजीनयरिंग परिसंपत्तियों का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें छोटे पुल तथा बड़े पुल जैसे पुल संख्या 331 शामिल थे। मानव रहित क्रॉसिंग तथा नवाचारी ट्रॉली माउंटेड ग्रीसिंग सिस्टम पर पूर्व-चेतावनी तंत्र जैसे उन्नत संरक्षा प्रणालियों की समीक्षा की गई, जो पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के आधुनिक रखरखाव प्रथाओं तथा प्रौद्योगिकी-चालित समाधानों पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है।

# मैंने राम मंदिर का कभी विरोध नहीं किया, निर्माण के लिए दान भी दिया

## अयोध्या पहुंचे दिग्विजय सिंह हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में किए दर्शन

अयोध्या (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह गुरुवार को अयोध्या पहुंचे। दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर में पूजा-अर्चना की और कहा कि उन्होंने मंदिर निर्माण का कभी विरोध नहीं किया, बल्कि इसके विपरीत मंदिर ट्रस्ट को दान भी दिया। दिग्विजय सिंह गुरुवार को अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे और वहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राम नवमी के शुभ अवसर पर मैं सभी को शुभकामनाएं देता हूं। भगवान राम का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। राहुल गांधी के अयोध्या दौरे से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी से इसके बारे में पूछिए, उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद दिग्विजय सिंह ने हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में दर्शन किए। बता दें कांग्रेस पार्टी ने जनवरी 2024 में हुए प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकरा दिया था, जिसे उसने चुनावी हितों से प्रेरित एक राजनीतिक कदम बताया था। पार्टी ने यह भी कहा था कि उस समय मंदिर का निर्माण कार्य अधूरा था और यह आयोजन पूरी तरह से धार्मिक न रहकर एक पक्षपातपूर्ण रूप ले चुका था। इस मुद्दे पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए दिग्विजय सिंह ने अपनी निजी राय स्पष्ट करते हुए कहा कि मैंने इसका कभी विरोध नहीं किया। मैंने दान के माध्यम से अपना योगदान दिया। मैं यहां राजनीति करने नहीं आया हूं। दिग्विजय सिंह के अयोध्या दौरे पर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज है। बीजेपी ने उनकी आलोचना करते हुए कहा कि राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए कांग्रेस नेतृत्व को पहले भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन उन्होंने उसमें शामिल न होने का फैसला किया था। भोपाल से बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि राम मंदिर की अपनी यात्रा के दौरान वे कृपया उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें, जिन्होंने 1992 में गोलियां खाई थीं। अगर देश के राजनीतिक नेतृत्व ने इस सच्चाई को पहले ही समझ लिया होता, तो अयोध्या में राम मंदिर कई साल पहले ही बन गया होता।

# श्रेया घोषाल तीन दशकों में लाइव एल्बम लॉन्च करने वाली भारत की पहली महिला कलाकार बनीं

एजेंसी

**कोलकाता :** भारतीय संगीत की सबसे पसंदीदा और प्रतिष्ठित आवाजों में से एक, श्रेया घोषाल ने अपने हालिया ऑल हार्ट्स टूर की विशेष रिकॉर्डिंग वाले लाइव टूर एल्बम को रिलीज कर इतिहास रच दिया है। पिछले तीन दशकों में ऐसा करने वाली वह भारत की पहली महिला कलाकार बन गई हैं। अपनी भावपूर्ण आवाज और बेजोड़ बहुमुखी प्रतिभा के लिए पहचानी जाने वाली श्रेया का यह लाइव एल्बम उनके प्रशंसकों के लिए एक दिल छू लेने वाला उपहार है। यह एल्बम उस वास्तविक ऊर्जा, भावनात्मक गहराई और संगीतमय प्रतिभा को कैद करता है जिसने ऑल हार्ट्स टूर को परिभाषित किया, जो श्रोताओं को कॉन्सर्ट जैसा एक शानदार अनुभव प्रदान करता है।

ये लाइव संस्करण दुनिया भर के खचाखच भरे एरेना और वेन्यू में महसूस किए गए पैमाने, भावना और ऊर्जा को दशार्ते हैं। बॉलीवुड की कुछ सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के गानों के साथ, यह एल्बम श्रेया घोषाल के कैटलॉग की उल्लेखनीय विविधता और लंबी उम्र को प्रदर्शित करता है - ओमकारा (2006) के "ओ साथी रे" की गहराई से लेकर बाजीराव मस्तानी (2015) के "दीवानी मस्तानी" की भव्यता तक, अग्निपथ (2012) के "चिकनी चमेली" जैसे युग-परिभाषित डांस एंथम से लेकर हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया (2014) के "समझावां" की खूबसूरत आत्मीयता तक - यह एल्बम तीन दशकों के उन पलों को समेटे हुए है जिन्होंने आधुनिक भारतीय पॉप संस्कृति की ध्वनि और भावनाओं को आकार दिया है।

एल्बम के बारे में बात करते हुए श्रेया घोषाल कहती हैं, "द ऑल हार्ट्स टूर - लाइव" एल्बम मेरे लिए बेहद खास है। पहली बार, मैं कॉन्सर्ट रिकॉर्डिंग रिलीज कर रही हूँ ताकि मेरे श्रोता उसी भावना और ऊर्जा को फिर से महसूस कर सकें।

# इजराइल से संबंध के आरोप पर जयशंकर का जबाव... भारत अब किसी बाहरी दबाव में नहीं झुकता

## इजराइल रणनीतिक और तकनीकी सहयोग में अग्रणी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की विदेश नीति ने हाल ही में एक नया आयाम प्राप्त किया है। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सर्वदलीय बैठक में बेबाकी और ठोस अंदाज में बताया कि भारत अब किसी बाहरी दबाव में नहीं झुकता और अपने राष्ट्रीय हितों के लिए हर मोर्चे पर संतुलित और आक्रामक रणनीति रखता है। उन्होंने कहा कि इजराइल ने भारत को सैन्य संघर्षों में महत्वपूर्ण मदद दी और रक्षा प्रौद्योगिकी में भरोसेमंद साझेदार साबित हुआ। यह बयान पहले छुपी हुई कूटनीतिक हकीकत को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने जैसा था। बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि अमेरिका भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार और उच्च तकनीक का स्रोत है, जबकि इजराइल रणनीतिक और तकनीकी सहयोग में अग्रणी है। विपक्ष द्वारा अमेरिका और इजराइल के साथ भारत की नजदीकियों पर सवाल उठने के बावजूद, जयशंकर ने इन सवालों का जवाब तथ्यों के साथ दिया। जयशंकर ने बैठक को संबोधित कर कहा कि भारत ने कई मोर्चों पर अपनी ताकत दिखाई है।



इजराइल के साथ मजबूत रक्षा संबंधों के साथ ही भारत ने ईरान के साथ भी संतुलित और स्थिर संबंध बनाए रखे। होर्मुज जलडमरूमध्य से चार भारतीय जहाजों को सुरक्षित गुजरने की अनुमति देने जैसे कदम भारत की सामरिक स्थिति की मजबूती को दिखाते हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता के निधन पर भारत ने समय पर शोक संवेदना व्यक्त कर यह संदेश दिया कि वह किसी एक पक्ष के साथ खड़ा नहीं होता।


साथ ही, खाड़ी देशों में रहने वाले अस्सी लाख भारतीयों की सुरक्षा को प्राथमिकता देकर भारत ने संतुलन बनाए रखा। ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों के बीच न ईरान से दूरी बनाई और न ही खाड़ी देशों की अनदेखी की। कोच्चि बंदरगाह पर ईरानी नौसैनिक जहाज को सुरक्षित ठिकाना देने से भारत की समुद्री रणनीति और निर्णायक भूमिका भी उजागर हुई। अब भारत की यह रणनीति वैश्विक मंच पर और स्पष्ट होगी। जयशंकर जी-7 देशों की विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने फ्रांस गए हैं, जहां भारत न केवल अपनी बात रखेगा, बल्कि द्विपक्षीय वार्ता के जरिए नए समीकरण भी बनाएगा। रणनीतिक दृष्टि से भारत ने अमेरिका, इजराइल और ईरान जैसे तीन बड़े शक्ति केंद्रों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखकर यह दिखाया कि वह वैश्विक राजनीति में अपनी रणनीति समझदारी से लागू करने में सक्षम है। भारत अब वैश्विक एजेंडा तय करने वाला देश बन चुका है। वह अपने हितों को सर्वोपरि रखता है, अपनी शर्तों पर संबंध बनाता है और जरूरत पड़ने पर हर मोर्चे पर सख्त रुख अपनाता है। नया भारत न तो दबाव में आता है, न भ्रम में पड़ता है। यह देश वैश्विक राजनीति के शतरंज पर हर चाल सोच-समझकर चलाता है और हर बार खेल को अपने पक्ष में मोड़ देता है।

# सिख समुदाय के खिलाफ बड़े पैमाने पर हिंसा, एक तरह से नरसंहार जैसा

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1984 दंगे से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए की सख्त टिप्पणी

**प्रयागराज (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1984 कानपुर सिख विरोधी दंगे से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए सख्त टिप्पणी की है। सिख विरोधी दंगे से जुड़े मामलों को रद्द करने वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने इसे भीषण नरसंहार बताते हुए आपराधिक कार्यवाही जारी रखने का आदेश दिया है। जस्टिस अनिश कुमार गुप्ता की सिंगल बेंच में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने 9 आरोपियों द्वारा दायर 7 याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि केवल देरी या मूल रिकॉर्ड के अभाव के आधार पर मुकदमा खत्म नहीं किया जा सकता।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रदीप अग्रवाल व अन्य की तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। याचिका दाखिल कर चार्जशीट एवं सीजेएम कानपुर नगर की कोर्ट में चल रही आपराधिक केस कार्यवाही को रद्द करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा कि यह घटनाएं देशभर में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख समुदाय के खिलाफ बड़े पैमाने पर हुई हिंसा का हिस्सा थीं, जो एक तरह से नरसंहार जैसा था। आरोपियों ने दलील दी थी कि मूल दस्तावेज जैसे एफआईआर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आदि उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए निष्पक्ष विचारण संभव नहीं है।




साथ ही उन्होंने गवाहों के बयान में देरी और पहचान पर भी सवाल उठाए थे।

कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही इन मामलों की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल गठित किया जा चुका है और फिर जांच के आदेश दिए, भले ही मूल रिकॉर्ड उपलब्ध न हों। प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया कि उस समय जल्दबाजी में अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर आरोपियों को बचाने की कोशिश की गई। कोर्ट ने भी माना कि कई रिकॉर्ड नष्ट हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद गवाहों के स्पष्ट बयान और पुनर्निर्मित एफआईआर के आधार पर मामला बनता है।

कोर्ट ने कहा कि गवाहों ने आरोपियों की पहचान की है और घटनाओं का विस्तृत विवरण दिया है, जिससे प्रथम दृष्टया मामला बनता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इतने गंभीर मामलों में केवल समय बीत जाने के आधार पर कार्यवाही खत्म नहीं की जा सकती। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का भी हवाला दिया गया साथ ही एक आरोपी द्वारा कहा गया कि घटना स्थल पर मौजूद न होने के तर्क को अदालत ने ट्रायल के दौरान साबित करने योग्य बताया। हाईकोर्ट ने कहा कि इस आधार पर मामला खत्म नहीं किया जा सकता है। हाइकोर्ट ने सभी याचिकाएं खारिज कर दीं और ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही को जारी रखने का रास्ता साफ कर दिया।

# शांति के लिए पहल नहीं कर रहा भारत... केंद्र के इस रुख से दुखी हुए कांग्रेस नेता शशि थरुर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को सुलझाने के प्रयासों में पाकिस्तान की भूमिका पर निराशा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भारत को, अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा और दोनों पक्षों से संबंधों को देखकर कूटनीतिक नेतृत्व करना चाहिए था। अमेरिका और ईरान के बीच गुप्त मध्यस्थता के प्रयासों में पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र की भूमिका की खबरों पर प्रतिक्रिया देकर थरूर ने कहा कि उन्होंने पहले भारतीय सरकार के सतर्क रुख का समर्थन किया था, क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि नई दिल्ली एक रचनात्मक शांति पहल करेगा। थरूर ने कहा कि मुझे यह कहते हुए खेद हो रहा है कि फिलहाल हालात अच्छे नहीं हैं। यह हम सभी के लिए थोड़ा शर्मनाक है........मैंने ईरान युद्ध पर मोदी सरकार के संयम और चुप्पी का समर्थन इसकारण किया था क्योंकि मुझे उम्मीद थी कि केंद्र सरकार इसका इस्तेमाल शांति स्थापित करने के लिए करेगी और शांति की अगुवाई करेगी, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भारत को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि



मौजूदा परिणाम उन उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं।

कांग्रेस नेता थरूर ने कहा कि उन्होंने भारत से बार-बार आग्रह किया था कि वह अपनी राजनयिक सद्भावना का उपयोग कर संबंधित देशों के बीच सार्थक बातचीत को बढ़ावा दे। उन्होंने जोर दिया कि नई दिल्ली के संतुलित संबंध उस शांति पहल शुरू करने में एक अनूठा लाभ दे सकते थे। उन्होंने कहा कि देखिए, अगर पाकिस्तान में शांति वार्ता होती है,तब भारत का इससे कोई लेना-देना नहीं है। मैं करीब तीन सप्ताह से भारत से आग्रह कर रहा हूं कि वे दोनों पक्षों के साथ अपने अच्छे संबंधों का लाभ उठाकर शांति पहल में अग्रणी भूमिका निभाए। अब, जाहिर तौर पर, पाकिस्तान, मिस्र और तुर्की ने ऐसा कर दिया है। उन्हें शुभकामनाएं, हम सभी शांति चाहते हैं। लेकिन जब पाकिस्तान शांति वार्ता कर रहा है, तब भारत को कोई श्रेय नहीं मिल रहा है। थरुर की ये टिप्पणियां केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक के संदर्भ में आईं, जहां मोदी सरकार ने विपक्षी नेताओं को आश्वस्त किया कि पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत समान स्थिति में बना हुआ है।

# ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध खत्म होते ही शुरु होगा असली संकट!

## -होर्मुज पर टोल सिस्टम करेगा लागू, भारत भी आ सकता है इसकी चपेट में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध ने अभी तक जो नुकसान कराया, वह तो सिर्फ एक झलक थी। असली संकट तो अब शुरू हुआ है, क्योंकि अभी तक जो काम फ्री में हो जाता था, उसके लिए ईरान ने करोड़ों रुपये वसूलने शुरू कर दिए हैं। इसका असर दुनिया के तमाम देशों पर पड़ेगा और इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारत भी इसकी चपेट में आ सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक युद्ध के दौरान ईरान ने जितना नुकसान मिसाइलें दागकर नहीं किया, उससे ज्यादा चपत होर्मुज जलडमरूमध्य का रास्ता बंद करके लगा दी है। यही वह वजह है, जिसने भारत समेत दुनियाभर को भारी नुकसान पहुंचाया। अब खबर है कि ईरान भले ही युद्ध खत्म होने के बाद इस रास्ते को खोल देगा लेकिन यहां से गुजरने वाले जहाजों से वह करोड़ों रुपए की फीस वसूलेगा। ईरान ने एक तरह से यहां टोल सिस्टम लागू कर दिया है, क्योंकि अब उसने हर कॉमर्शियल जहाज से फीस वसूलना शुरू कर दिया है।

ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया का 20 फीसदी से ज्यादा तेल गुजरता है। भारत तो इस रास्ते से अपना आधे से भी ज्यादा तेज व गैस खरीदता है। अगर ईरान ने हमें छूट न दी तो निश्चित रूप से हमारे लिए भी तेल खरीदना और महंगा होने वाला है। मामले से जुड़े सूत्रों का कहना है कि ईरान ने फिलहाल हर जहाज के गुजरने पर 20 लाख डॉलर यानी करीब 18 करोड़ रुपए फीस वसूलना शुरू कर दिया है। कुछ जहाजों ने तो यह कीमत चुकाई भी है, जिससे होर्मुज पर अब एक तरह से टोल जैसा माहौल बन गया है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान यह भुगतान किस सिस्टम और करेंसी में वसूल रहा है।

ईरान यह कदम साफ बताता है कि युद्ध के बाद उसकी ताकत और बढ़ गई है। दूसरे शब्दों में कहें तो ईरान ने युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई दुनिया से करने की ठान ली है, जो दिखाता है कि होर्मुज पर उसका कितना प्रभाव है। इस रास्ते से सिर्फ तेल और गैस ही नहीं आता, बल्कि खाने-पीने के सामान और मेटल समेत अन्य कमोडिटी भी बड़ी मात्रा में गुजरती है। सूत्रों का कहना है कि फिलहाल होर्मुज पर यह टोल भुगतान चुपचाप किए जा रहे हैं और कोई भी इसके बारे में खुलकर बात नहीं कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईरान अभी इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों से केस बाई केस के आधार पर फीस वसूल रहा है, लेकिन युद्ध के बाद होने वाले समझौते में उसने होर्मुज पर टोल वसूलने की बात को लेकर शर्त के रूप में पेश करने का विचार भी जताया है। पिछले दिनों ईरान की संसद में भी एक प्रस्ताव दिया गया था कि होर्मुज से अन्य देशों के जहाजों को सुरक्षित गुजरने देने के लिए ईरान अनिवार्य रूप से ट्रांजिट शुल्क




वसूल सकता है। इसका सबसे ज्यादा असर खाड़ी देशों के तेल व गैस उत्पादों पर दिखेगा साथ ही यूरोप तक सामान की आवाजाही महंगी हो सकती है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**

# हम प्ले-ऑफ में पहुंचे हैं, लेकिन ट्रॉफ़ी जीतने पर ही असली सम्मान मिलेगा : संजीव गोयनका



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स टाटा आईपीएल 2026 में एक नई पहचान के साथ-साथ टीम और सपोर्ट स्टाफ़ में कुछ बड़े बदलावों के साथ आगे बढ़ना चाहेगी। जियो स्टार के 'आईपीएल टुडे लाइव ' पर बात करते हुए, एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका और क्रिकेट के ग्लोबल डायरेक्टर टॉम मूडी ने पिछले सीजन से टीम में हुए सुधारों और पहला टाइटल जीतने के दबाव पर अपने विचार साझा किए।

एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका ने उन एरिया के बारे में बताया जिनमें फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2026 सीजन में सुधार किया है। उन्होंने कहा, ÷अच्छी बात यह थी कि हमारे ज़्यादातर फ्रंटलाइन बॉलर के चोटिल होने के बावजूद हमने अपने पहले छह में से चार गेम जीते। कुछ बड़े कदम उठाए गए, एडेन मार्करम और मिशेल मार्श ने ओपनिंग की, जो उनकी आम पोजीशन नहीं है, और यह उन दोनों के लिए उनका सबसे अच्छा आईपीएल सीजन साबित हुआ। दिग्वेश राठी बिल्कुल नए खिलाड़ी के तौर पर आए और उन्होंने हमारे लिए अच्छा किया। हालांकि, हमें एहसास हुआ कि हमारे पास एक मजबूत बॉलिंग कोर की कमी है, और हमने इस बार एक घरेलू बॉलिंग यूनिट बनाकर इस पर ध्यान दिया है। आप हमेशा सुधार कर सकते हैं, सुधार का कोई अंत नहीं है। अब यह एक साथ आने और अकेले परफॉर्म करने की बात है। बहुत सारे लोग परफॉर्म कर रहे थे। इस साल, हम एक टीम के तौर पर परफॉर्म करना चाहते हैं।'

एलएसजी के लिए अपनी पहचान बनाने के लिए ट्रॉफी जीतना कैसे ज़रूरी होगा, इस पर उन्होंने कहा, ÷मुझे लगता है कि असली पहचान अभी भी बन रही है। किसी भी स्पोर्ट्स टीम के लिए, जब तक आप जीतते नहीं हैं, आपको ट्रॉफी उठाने जैसा सम्मान या प्यार नहीं मिलता है। हाँ, हम दो बार प्लेऑफ़ में पहुँचे हैं, लेकिन यह साफ़ तौर पर काफ़ी नहीं है। आप कुछ जीतते हैं, कुछ हारते हैं, लेकिन हमें अपनी पहली ट्रॉफी जीतनी है।÷

टॉम मूडी ने बताया कि सपोर्ट स्टाफ के लिए भारतीय घरेलू पेस-बॉलिंग अटैक एक फोकस एरिया क्यों था। उन्होंने कहा, ÷लखनऊ में मिस्टर गोयनका से लेकर पूरे सिस्टम तक सभी से बात करने के बाद, यह बहुत साफ़ है कि 2025 के लिए तैयारी उतनी अच्छी नहीं थी जितनी हो सकती थी। हमारे कई खिलाड़ी फिटनेस के मामले में कमज़ोर थे। अब हमारे पास जो स्क्वॉड और बैलेंस है, उसमें एक मज़बूत, हाई-क्वालिटी घरेलू फास्ट-बॉलिंग अटैक शामिल है, जिसे हमने ऑफ-सीज़न में मोहम्मद शमी के लिए ट्रेड करके स्मार्ट तरीके से जोड़ा है, जो उस ग्रुप को लीड कर सकते हैं और आगे का रास्ता दिखा सकते हैं। जिन सभी एरिया में हमें लगा कि सुधार की जरूरत है, उन पर ध्यान दिया गया है, जिसमें एक नई मेडिकल टीम लाना भी शामिल है। इस समय, हमारे सभी फास्ट बॉलर हमें सिलेक्शन में सिरदर्द दे रहे हैं, जो पहले गेम में जाने से पहले आप बिल्कुल यही चाहते हैं।' एलएसजी के लिए ट्रॉफी जीतने के प्रेशर पर उन्होंने कहा, 'मुझे लंबे समय से प्रोफेशनल क्रिकेट से जुड़े रहने का मौका मिला है, और यही इस खेल का चार्म और चैलेंज दोनों है, प्रेशर को झेलना। जिस शांत कॉन्फिडेंस की हमने पहले बात की थी, वह इस विश्वास से आता है कि टीम इसके लिए तैयार है। आप आगे जो होने वाला है, उससे बेफिक्र हुए बिना ऐसा नहीं कर सकते। वे इसके लिए तैयार हैं।'

# मीराबाई चानू ने CWG और Asiad के बीच वजन वर्ग में बदलाव की रणनीतिक योजना बनाई




**रायपुर (एजेंसी)।** भारत की वेटलिफ्टिंग स्टार मीराबाई चानू ने बड़े अंतरराष्ट्रीय इवेंट्स के लिए वजन वर्गों को मैनेज करने की अपनी रणनीतिक अप्रोच का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वह कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए अपना वजन 48 किलोग्राम वर्ग में बनाए रखेंगी, लेकिन उसके तुरंत बाद उन्हें 49 किलोग्राम वर्ग में जाना होगा क्योंकि एशियन गेम्स दो महीने के अंदर ही होने वाले हैं।

एक दशक से भी ज्यादा समय से साइखोम मीराबाई चानू भारतीय वेटलिफ्टिंग का चेहरा रही हैं। इस दौरान उन्होंने कई शानदार मेडल जीते हैं जिनमें टोक्यो ओलंपिक्स का सिल्वर मेडल, तीन वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल और तीन कॉमनवेल्थ गेम्स में पोडियम फिनिश शामिल हैं। फिर भी मणिपुर की इस वेटलिफ्टर से एक उपलब्धि अभी भी दूर है और वो है एशियन गेम्स में मेडल जीतना। मीराबाई ने पहली बार 19 साल की उम्र में इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था और 2014 के इंचियोन एशियन गेम्स में नौवें स्थान पर रहीं थीं। बाद में पीठ की चोट के कारण उन्हें 2018 के जकार्ता एशियन गेम्स से हटना पड़ा था, जिससे उनकी तैयारियों में रुकावट आई थी।

मेडल के सबसे करीब वह 2022 के हांगझोऊ एशियन गेम्स में पहुंची थीं, जहां कूल्हे की चोट ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया था जबकि वह पोडियम फिनिश हासिल करने के बेहद करीब थीं। इस झटके के कारण उन्हें लगभग 5 महीने तक खेल से दूर रहना पड़ा था। 31 साल की इस खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए 2024 के पेरिस समर ओलंपिक्स के लिए क्वालिफाई किया, जहां वह लगातार दूसरा ओलंपिक मेडल जीतने से बाल-बाल चूक गईं। तब से उनका पूरा ध्यान आखिरकार एशियन गेम्स में मेडल न जीत पाने के सूखे को खत्म करने पर लगा हुआ है।

# रोहित और डिकॉक की जोड़ी विरोधियों पर भारी पड़ेगी : बद्रीनाथ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल के 19 वें सत्र में मुंबई इंडियंस (एमआई) 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। इसमें एक बार फिर रोहित शर्मा और क्विंटन डिकॉक मुम्बई की पारी की शुरुआत करते हुए दिखेंगे। इसी को लेकर पूर्व बल्लेबाज सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने कहा है कि रोहित और डिकॉक की सलामी जोड़ी आईपीएल में विरोधी टीमों पर भारी पड़ेगी। डिकॉक को मुंबई ने आईपीएल 2026 के लिए हुई नीलामी में एक करोड़ रुपये के आधारमूल्य पर खरीदा था। डिकॉक ने मुम्बई की ओर से साल 2019 से 2021 तक खेल खेलते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। बद्रीनाथ ने कहा, 'रोहित अभी भी भारतीय टी20 टीम का हिस्सा बनने के लिए शानदार हैं। डिकॉक के साथ उसकी शुरुआती जोड़ी काफी अच्छी है।'

बद्रीनाथ ने कहा कि टीम को तिलक वर्मा को नंबर 3 पर ही उतारना चाहिये। उन्होंने यह भी कहा कि सूर्यकुमार यादव को नंबर 4 और कप्तान हार्दिक पांड्या को नंबर 5 पर ही उतारें। बद्रीनाथ ने कहा, तिलक ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के लिए नंबर 5 और 6 पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है पर अगर वह वहीं बल्लेबाजी करेंगे तो नंबर 3 पर किसे उतारा जाएगा। उसके बाद हार्दिक, नमन धीर, शेरफेन रदरफोर्ड और विल जैक्स जैसे विकल्प टीम के पास हैं। भारतीय न टीम ने रिंकू सिंह के नहीं होने की पर तिलक को नीचे बल्लेबाजी करने भेजा पर आईपीएल में तिलक को नंबर 3 पर ही उतारना चाहिये।

इस पूर्व क्रिकेटर नरे रोहित की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अभी भी इतने फिट है कि भारतीय टी20 टीम से खेल सकते है। रोहित ने टी20 प्रारुप से पहले ही संन्यास ले लिया है हालांकि वह आईपीएल में अब भी मुम्मई इंडियंस के लिए खेलते हैं।

# आंकड़ों में आरसीबी पर भारी नजर आती है सनराइजर्स





**बेंगलुरु (एजेंसी)।** गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के अपने पहले मुकाबले में अपने घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 28 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी। इस मैच में हालांकि आरसीबी की राह आसन नहीं कही जा सकती। आंकड़ों पर नजर डालें तो आईपीएल इतिहास में इन दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 26 मुकाबले हुए हैं। जिसमें से 13 मैच सनराइजर्स हैदराबाद ने जबकि 11 मुकाबले आरसीबी ने जीते हैं। वहीं दो मैचों का परिणाम नहीं निकला। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने पिछली बार खिताबी जीता था जिससे टीम इस बार बनाये रखना चाहेगी। आरसीबी की टीम के पास अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और फिल साल्ट सहित कई अच्छे खिलाड़ी हैं। वहीं देवदत्त पडिक्कल मध्यक्रम में रनों की जिम्मेदार संभालेंगे। इसके अलावा

टिम डेविड और जितेश शर्मा ने भी आईपीएल 2025 में अपनी बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा था। रोमारियो शेफर्ड और क्रुणाल पांड्या से भी टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। वहीं वेंकटेश अय्यर के आने से टीम की बल्लेबाजी मजबूत हुई है पर टीम की कमजोरी उनकी तेज गेंदबाजी है। टीम के मुख्य तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड फिट नहीं होने के कारण शुरुआती मुकाबले नहीं खेलेंगे। ऐसे में स्विंग के लिए मशहूर भुवनेश्वर कुमार गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज यश दयाल भी इस बार टीम में नहीं हैं। ऐसे में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

वहीं दूसरी ओर, सनराइजर्स हैदराबाद एक बार फिर जमकर रन बनाना चाहेगी। उसके पास अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड और ईशान किशन जैसे अच्छे खिलाड़ी हैं। कप्तान पैट कमिंस के नहीं होने से ईशान शुरुआती मुकाबलों में कप्तानी संभालेंगे। वहीं हेनरिक क्लासन से भी टीम को आक्रामक बल्लेबाजी की उम्मीद रहेगी।

फिनिशर के तौर पर उसके पास अनिकेत वर्मा के अलावा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी हैं। लियाम लिविंगस्टन भी अपने को साबित करना चाहेंगे। सनराइजर्स की भी कमजोरी उसका गेंदबाजी आक्रमण है। मुख्य तेज गेंदबाज कमिंस के नहीं होने से गेंदबाजी की जिम्मेदारी ईशान मलिंगा, हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट के पास रहेगी। वहीं स्पिन की जिम्मेदारी युवा स्पिनर जीशान अंसारी के पास रहेगी।

# आरसीबी और राजस्थान के बिकने से बीसीसीआई को भी करोड़ों रुपये का फायदा

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 19 वां सत्र शुरु होने से पहले ही करोड़ों रुपये का फायदा हुआ है।बोर्ड को ये लाभ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) जैसी टीमों के बिकने से हुआ है।आरसीबी जहां 16660 करोड़ रुपए, वहीं आरआर 15290 करोड़ रुपए में बिकी। इस तरह दोनों टीम टीमों को मिला दिया जाये तो करार की रकम 31000 करोड़ रुपए तक पहुंच गयी है।जिससे बीसीसीआई को भी ट्रेड डील के तहत मोटी रकम मिली है। गौरतलब है कि आईपीएल में जब भी किसी टीम का मालिक बदलता है तो बीसीसीआई को ट्रेड डील के तहत 5-5 फीसदी कमीशन दिया जाता है। ऐसे में आरसीबी के बिकने से बीसीसीआई को 833 करोड़ और राजस्थान से करीब 750 करोड़ रुपए कमीशन के तहत मिले हैं।इससे क्रिकेट बोर्ड को बिना कुछ किये ही 1583 करोड़ रुपए मिले हैं।इस करार के अलावा बीसीसीआई को हर साल आईपीएल से करोड़ों का राजस्व मिलता है। आरसीबी को आदित्य बिरला ग्रुप, अमेरिकी खेल निवेशक डेविड ब्लिट्ज़र और अमेरिकी निजी इक्विटी फर्म ब्लैकस्टोन ने मिलकर खरीदा है।वहीं राजस्थान रॉयल्स को काल सोमानी के समूह ने खरीदा है।राजस्थान और आरसीबी की टीम आईपीएल में एक-एक बार की चैंपियन रही है।राजस्थान की टीम ने आईपीएल के पहले सत्र में साल 2008 में खिताब जीता था।

# ऋतुराज बोले, सैमसन और मैं करेंगे सीएसके की पारी की शुरुआत



चेन्नई ।आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने कहा है कि इस सत्र में वह संजू सैमसन के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। गायकवाड़ के इस बयान के बाद टीम की सलामी जोड़ी को लेकर लगायी जा रही अटकलें भी समाप्त हो गयी हैं। सैमसन इस सत्र में रॉयल्स को छोड़कर सीएसके से जुड़ गये थे।ऋतुराज ने कहा कि तीसरे नंबर पर आयुष म्हात्रे उतरेंगे।सैमसन ने पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन कर दिखाया है कि टी20 में वह पारी की शुरुआत के लिए काफी अच्छे हैं।सैमसन ने टी-20 विश्व कप 2026 में में भी काफी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 300 से अधिक रन बनाये थे।ऐसे में सीएसके को उनसे इसी प्रकार के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।वहीं गायकवाड़ आईपीएल के पिछले सत्र में केवल पांच मैच ही खेल सके थे।जिसमें उन्होंने 150 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 122 रन बनाए थे।ऐसे में वह इस बार अधिक से अधिक रन बनाने का प्रयास करेंगे।चेन्नई सुपरकिंग्स का प्रदर्शन आईपीएल 2025 में बेहद निराशाजनक रहा था।टीम 14 में से सिर्फ 4 ही मैच जीत सकी थी जबकि 10 मुकाबलों में टीम को हार झेलनी पड़ी थी।हालांकि, इस बार टीम ने कई युवा खिलाड़ियों को शामिल किया है जिससे उसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।आईपीएल मुकाबले इसी माह के अंत में खेले जाएंगे।

# आईपीएल के इस सत्र में डिविलियर्स और उथप्पा को पीछे छोड़ सकते हैं राहुल



नई दिल्ली ।इस माह के अंत में शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल के पास एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम हासिल करने का अवसर रहेगा।राहुल इस सत्र में सबसे ज्यादा बाउंड्री लगाने वाले खिलाड़ियों में शामिल दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और अपने ही हमवतन रॉबिन उथप्पा को पीछे छोड़ सकते हैं।राहुल अभी 145 मैचों में 660 बाउंड्री के साथ नौवें नंबर पर हैं।राहुल ने 452 चौके और 208 छक्के लगाये हैं।राहुल को डिविलियर्स का रिकार्ड तोड़ने के लिए पांच और उथप्पा को पीछे छोड़ने चार बाउंड्री चाहिये। विलियर्स ने 184 आईपीएल मैचों में 664 बाउंड्री लगायी हैं।इस दौरान उन्होंने 413 चौके और 251 छक्के लगाये और दिल्ली व आरसीबी की ओर से खेला। वहीं उथप्पा ने 205 मुकाबलों में से 663 में बाउंड्री लगाई। उन्होंने 481 चौके और 182 छक्के लगाये। वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) समेत पांच फ्रेंचाइजी में शामिल रहे। लीग में सबसे अधिक 1062 का रिकार्ड विराट कोहली का है जबकि 942 बाउंड्री के साथ ही रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर है।920 बाउंड्री के साथ शिखर धवन तीसरे जबकि 899 के साथ ही डेविड वार्नर पांचवे नंबर पर हैं।

# आईपीएल से पहले नाम वापस लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर भड़के गावस्कर



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्वर ने लीग की शुरुआत से ठीक पहले नाम वापस लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों को आड़े हाथों लिया है। गावस्कर ने कहा कि इस प्रकार का रवैया ठीक नहीं है। इसके खिलाफ कड़े कदम उठाने की जरुरत है। पिछले कुछ समय से लगातार देखने में आया है कि खिलाड़ी लीग से पहले कई प्राकर की बहानेबाजी कर हट जाते हैं जिससे टीम को नुकसान होता है। गावस्कर ने कहा कि टीम करोड़ों रुपये देकर जब इन खिलाड़ियों का अनुबंधित करती। इसके बाद टीम की रणनीत बनती है पर इनके नहीं खेलने से सब बेकार हो जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार गावस्कर का कहना गलत नहीं है। टीम नीलामी में करोड़ों रुपये खर्च कर विदेशी खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ती हैं, उनकी भूमिका तय करती हैं और उसी हिसाब से टीम का संयोजन बनाती हैं।

वहीं जब यही खिलाड़ी टूर्नामेंट के अहम समय पर गायब हो जाते हैं, उसके लिए सभी कुछ बेकार हो जाता है।

आमतौर पर चोट, वर्कलोड मैनेजमेंट, या फिर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए खिलाड़ी हटते हैं।यह अपने आप में गलत नहीं है। किसी भी खिलाड़ी का फिट रहना और लंबे समय तक खेलना प्राथमिकता होनी चाहिए पर ये सवाल यह है कि जब खिलाड़ी आईपीएल अनुबंध करते हैं तभी उन्हें सभी बातों का ध्यान रखना चाहिये।

यहां मामला 'उपलब्धता' से ज्यादा 'प्राथमिकता' का है। इससे आईपीएल की साख भी प्रभावित हो रही है। ऐसा लगता हैकि आईपीएल विदेशी खिलाड़ियों के लिए सिर्फ एक विकल्प बनकर रह गया है, जहां वे सुविधा के अनुसार खेलते हैं और असुविधा होते ही हट जाते हैं जिस स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे खिलाड़ियों को लीग से प्रतिबंधित कर दिया जान चाहिये। ऐसे में फ्रेंचाइजियां को अपने चयन में अधिक सतर्कता रखते हुए केवल उसी खिलाड़ी को शामिल करना चाहिये जो खेलन को लेकर गंभीर हो। खिलाड़ी की उपलब्धता और प्रतिबद्धता के ट्रैक रिकॉर्ड को भी चयन में पहली प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 सीजन से पहले स्टेडियम में की पूजा



चंडीगढ़।पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन से पहले बुधवार को न्यू चंडीगढ़ के नए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पूजा की।आज यहां इस मौके पर टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग, स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले और विकेटकीपिंग कोच ब्रैड हैडिन मौजूद थे। टीम ने आने वाले सीजन के लिए आशीर्वाद मांगा।फ्रेंचाइजी एक रोमांचक अभियान के लिए पूरी तरह से तैयार है। पंजाब किंग्स अपने आईपीएल 2026 सीजन की शुरुआत 31 मार्च को अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ करेंगे।

# अर्जुन तेंदुलकर पर टिप्पणी को लेकर अश्विन पर भड़े योगराज



मुम्बई ।अर्जुन तेंदुलकर को लेकर दिये बयान को लेकर पूर्व स्पिनर आर अश्विन और पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह में ठन गयी है।अर्जुन आईपीएल के इस सत्र में मुंबई इंडियंस की जगह पर लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलेंगे।इसी को लेकर अश्विन की टिप्पणी आई है।जिसमें उन्होंने कहा है कि टीम में पहले से ही मयंक यादव, मोहसिन खान, आवेश खान और मोहम्मद शमी जैसे अच्छे तेज गेंदबाज हैं।ऐसे में अर्जुन के लिए अंतिम एकादश में जगह बनाना आसान नहीं होगा और उन्हें काफी प्रयास करना होगा।वहीं अश्विन के इस बयान से योगराज नाराज हो गये।उनका कहना है कि अश्विन की टिप्पणी गलत है।साथ ही कहा कि किसी भी खिलाड़ी की क्षमता पर इस तरह सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करना गलत है।योगराज ने यहां तक कह दिया कि अगर अर्जुन छह महीने में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज नहीं बनते, तो वह अपनी दाढ़ी कटवा लेंगे।योगराज ने साथ ही कहा कि अर्जुन को केवल गेंदबाज के रूप में देखना गलत है, बल्कि वह एक ऑलराउंडर के तौर पर अधिक प्रभावी साबित हो सकते हैं।उन्होंने यह भी बताया कि अर्जुन की फिटनेस और तकनीक को लेकर पहले भी चर्चा हो चुकी है और सही मार्गदर्शन मिलने पर वह बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।अर्जुन के लिए यह सीजन काफी अहम माना जा रहा है।मुंबई इंडियंस में सीमित अवसर मिलने के बाद लखनऊ ने उन्हें अवसर दिया है।अब टीम संयोजन और प्रदर्शन के आधार पर ही उनका भविष्य तय होगा।

# थॉमस और उबर कप बैडमिंटन में लक्ष्य और सिंधु पर रहेंगी नजरें





नई दिल्ली।भारतीय बैडमिटंन स्टार लक्ष्य सेन अगले महीने होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष टीम की कमान संभालेंगे।वहीं ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और उभरती खिलाड़ी उन्नति हुड्डा उबर कप में महिला टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय बैडमिंटन संघ ने 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के होर्सेंस में होने वाले थॉमस कप के लिए लक्ष्य के अलावा, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को टीम में बरकरार रखा है।वहीं युवा आयुष शेट्टी को को भी पहली बार टीम में जगह दी है।पुरुष टीम में एमआर अर्जुन ध्रुव कपिला और किरण जॉर्ज को भी जगह मिली है।वहीं उबर कप में सिंधु, शीर्ष युगल जोड़ी गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली भारती की ओर से पदक की प्रबल दावेदार रहेंगी।भारतीय टीम पिछली बार सेमीफाइनल तक पहुंची थी पर इस बार उसका लक्ष्य और बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा।उन्नति हुडा के साथ देविका सिहाग, इशारानी बरुआ और किशोरी तन्वी शर्मा जैसी युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी टीम में रहेंगी।भारतीय बैडमिंटन संघ के अनुसार खिलाड़ियों का चयन 10 मार्च तक की बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग के आधार पर किया गया है, जिसमें शीर्ष पांच एकल खिलाड़ी और शीर्ष दो युगल जोड़ियां शामिल हैं।टीम संयोजन को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है।

# मियामी ओपन 2026: सबालेंका और राइबाकिना के बीच सेमीफाइनल में होगी टक्कर

**मियामी (एजेंसी)।** मियामी में खेले जा रहे प्रतिष्ठित मियामी ओपन 2026 में महिला एकल वर्ग में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका और दुनिया की नंबर-2 खिलाड़ी एलेना राइबाकिना के बीच एक और हाई-वोल्टेज मुकाबला देखने को मिलेगा। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका ने अमेरिका की हैली बैपटिस्ट को 6-4, 6-4 से हराया। वहीं राइबाकिना ने पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 2-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। पेगुला पिछले साल इसी टूर्नामेंट में सबालेंका से फाइनल हार चुकी थीं।

दोनों स्टार खिलाड़ी गुरुवार रात हार्ड रॉक स्टेडियम में फाइनल में जगह बनाने के लिए आमने-सामने होंगी।

सबालेंका और राइबाकिना के बीच हाल के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे हैं। इस साल जनवरी में खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में राइबाकिना ने सबालेंका को हराया था, जो 2026 में सबालेंका की एकमात्र हार रही। हालांकि, सबालेंका ने इंडियन वेल्स ओपन के फाइनल में जीत दर्ज कर उसका बदला चुका लिया।

मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि राइबाकिना के खिलाफ मुकाबले हमेशा कड़े और रोमांचक होते हैं और वह इस भिड़ंत को लेकर काफी उत्साहित हैं। सबालेंका अब 'सनशाइन डबल' (इंडियन वेल्स और मियामी ओपन जीतने) से सिर्फ दो जीत दूर हैं।

क्वार्टरफाइनल में सबालेंका को बैपटिस्ट से कड़ी चुनौती मिली, लेकिन अहम मौकों पर उन्होंने दबाव संभालते हुए जीत दर्ज की।

दूसरी ओर, राइबाकिना ने पेगुला के खिलाफ खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी की। पहला सेट गंवाने के बाद उन्होंने लय पकड़ी और लगातार पांचवीं बार पेगुला को हराया।

### पुरुष वर्ग में लेहेका की जीत

पुरुष एकल वर्ग में चेक गणराज्य के जिरी लेहेका ने स्पेन के क्वालीफायर मार्टिन लैंडालुसे को 7-6(7/1), 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

लेहेका को यह जीत आसान नहीं रही, क्योंकि लैंडालुसे ने पहले सेट में सभी ब्रेक प्वाइंट बचाए। हालांकि, टाईब्रेक में लेहेका ने दबदबा बनाया और दूसरे सेट के अंतिम गेम में ब्रेक हासिल कर मैच अपने नाम किया। अब लेहेका का मुकाबला अमेरिका के टॉमी पॉल और फ्रांस के आर्थर फिल्स के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

Tele MANAS 14416



" मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके। "

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# टेली मानस

## भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

# क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?


कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

## इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- उदासी, चिंता या तनाव
- नींद की समस्या
- परीक्षा का तनाव
- परिवार से जुड़ी समस्याएँ
- आत्महत्या से जुड़े विचार
- नशे से संबंधित समस्याएँ
- रिश्तों में परेशानी
- याददाश्त से जुड़े मुद्दे
- पैसों की चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ

"पिछले 3 वर्षों में हमने 30 लाख से अधिक कॉल्स में सहायता की है।"

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**



## टेली मानस को कॉल करें

24/7

# 14416

**टोल-फ्री नंबर**

- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए 'अस्मी' से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!

CBC 17193/13/0010/2526